दैनिक
जनता के साथ जनता की आवाज
# सत्ता सुधार
ललितपुर ■ सोमवार 18 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-129 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

अच्छे विचार अच्छे इंसान का निर्माण करते हैं। हिम्मत के बिना, सफलता को पाना कठिन है। प्रेम रोग से ईश्वर हर जगह विद्यमान है।



# दूल्हा बनेंगे राम! धूमधाम से होगा प्रभु का तिलकोत्सव

**सत्ता सुधार ■ अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम का शुभ तिलकोत्सव सोमवार को दोपहर दो बजे पूरे विधि-विधान पूर्वक होगा। 500 से अधिक जनकपुरवासी तिलक लेकर अयोध्या पहुंच रहे हैं। रामसेवकपुरम में शुभ तिलकोत्सव होगा। तिलक उत्सव समारोह के लिए रामसेवकपुरम परिसर में मंच तैयार किया गया है। इस मंच पर राम के स्वरूप में सज्जित 18 वर्षीय युवक को आटे से बनाए गए चौक अथवा सिंहासन पर विराजित किया जाएगा। मंच सजाने का काम पूरा हो गया है। श्री राम का तिलक चढ़ाने के लिए सीता जी के छोटे भाई की भूमिका जानकी मंदिर जनकपुर के छोटे महंत रामरोशन दास निभाएंगे। तिलकहरुओं के स्वागत भोजन में स्वादिष्ट आलू टिक्की, पापड़ी चाट, छोला, चावल, पूड़ी, मिक्स सब्जी, रायता, पापड़, हलवा आदि का इंतजाम किया गया है। वेदज्ञ आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच तिलक चढ़ाया जाएगा।

- सीताजी के भाई जनकपुरवासियों संग तिलक लेकर निकले
- जनकपुर से 57 वाहनों से अयोध्या के लिए निकले तिलकहरू
- 501 भार में प्रभु राम के लिए चेन, अंगूठी सहित अन्य आभूषण



### रामलला के दर्शन भी करेंगे

जनकपुर से आने वाले तिलकहरू श्रीरामलला के दरबार में भी हाजिरी लगाएंगे। रामलला के लिए नेग यानी उपहार लेकर आ रहे तिलकहरू सबसे पहले नेग को रामलला के चरणों में समर्पित करेंगे। रामसेवकपुरम से गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते जनकपुरवासी रामलला के दरबार पहुंचेंगे और दर्शन-पूजन करेंगे। ट्रस्ट की ओर से राम मंदिर में जनकपुर से आए मेहमानों का अभिनंदन भी किया जाएगा।

### तिलक में भेंट की जाएंगी ये वस्तुएं

जनकपुर के तिलकहरू अपने साथ कांसे के थाल, दो कटोरी, गिलास, चम्मच आदि पांच परंपरागत बर्तनों सहित अन्य बर्तन लाएंगे। पीली धोती, गमछा, करधनी (डाड़ा), हल्दी गांठ, चंदन गांठ (मुट्ठा), धान, पीले चावल, दूर्वा (दूब घास), पान, इलायची, सुपारी (पुंगी फल), यज्ञोपवीत (जनेऊ), चांदी के सिक्के, आदि परंपरागत वस्तुएं तिलक समारोह के दौरान राम के स्वरूप को भेंट की जाएगी।

# बालाघाट में पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़, जवान गंभीर


खुफिया रिपोर्ट: मध्यप्रदेश ने केंद्र से मांगी दो सीआरपीएफ बटालियन

सावधान! मध्य प्रदेश बन रहा नक्सलियों का नया ठिकाना

- सीधी, सिंगरौली-बालाघाट-मंडला व डिंडोरी में हलचल
- नक्सली मप्र में दलम-2 के नाम से कैडर तैयार करने में जुटे

सरकार का संकल्प: मप्र में जड़ से हो नक्सलवाद का उन्मूलन, नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रभावित राज्यों के साथ अभियान

मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर, दो जवान घायल



सत्ता सुधार ने अपने 17 नवंबर-2024 के अंक में प्रमुखता के साथ '**सावधान! मप्र बन रहा नक्सलियों का नया ठिकाना**' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। वहीं बालाघाट में रविवार को पुलिस की नक्सलियों से हुई मुठभेड़ ने **सत्ता सुधार** की खबर की पुष्टि कर दी है। साथ ही यह भी साफ हो गया है कि नक्सली अब पड़ोसी राज्यों से भागकर मध्यप्रदेश में में अपना सुरक्षित ठिकाना बनाने में जुट गए हैं।

- नक्सलियों ने पुलिस टीम पर अचानक किया हमला
- घायल जवान महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया रेफर
- जिले के कुंदुल जंगल में पुलिस का सर्चिंग ऑपरेशन
- 12 से 15 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों की मिली मौजूदी

**सत्ता सुधार ■ बालाघाट**

बालाघाट के रूपझर थाना के पुलिस चौकी सोनगुड्डा के तहत कुंदुल जंगल में रविवार को 11 से 12 बजे के बीच पुलिस सर्चिंग पार्टी और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में हॉक फोर्स का एक आरक्षक शिवकुमार शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद महाराष्ट्र राज्य के गोंदिया रेफर किया गया है।

दरअसल, हॉक फोर्स की टीमों के द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के तहत रविवार को सूचना के आधार पर स्पेशल ऑपरेशन चलाया जा रहा था। स्पेशल ऑपरेशन के दौरान पुलिस पार्टी हॉक फोर्स एसओजी उकवा पर कुंदुल पहाड़ी जंगल क्षेत्र में जवानों का आमना सामना 12 से 15 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सलियों से हुआ।

### पुलिस ने की जवाबी फायरिंग

नक्सलियों ने पुलिस को देखकर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए नक्सलियों पर जवाबी फायरिंग की गई। पुलिस व नक्सली मुठभेड़ में हॉक फोर्स का आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### नक्सली जंगल में छिप गए

पुलिस की जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गए। घटना पर थाना रूपझर में नक्सलियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मौके से भागे हुए नक्सलियों की धरपकड़ के लिए भारी सुरक्षा बलों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर सर्चिंग अभियान शुरू कर दिया है।

### इनका कहना है



12 से 15 नक्सलियों ने अचानक सर्चिंग पार्टी पर हमला कर दिया था। पुलिस की दस पार्टियां नक्सलियों को तलाशने के लिए जंगल में सर्चिंग में जुट गई हैं। आरक्षक का बेहतर उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों से भी चर्चा की जा रही है, जल्द ही आरक्षक की रिकवरी हो जाएगी।

**नगेंद्र सिंह**, एसपी, बालाघाट

## ब्रीफ न्यूज

### झांसी अग्निकांड: एक और नवजात की मौत

**झांसी।** झांसी मेडिकल कॉलेज की एसएनसीयू में आग में मरने वाले शिशुओं की संख्या रविवार को बढ़कर 11 हो गई है। डीएम अविनाश कुमार ने बताया कि रविवार को उपचार के दौरान एक और शिशु की मौत हो गई है। इससे हादसे में मरने वालों की संख्या 11 पर पहुंच गई है।

### अब विदेशी संपत्ति-आय का खुलासा न करने पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने रविवार को करदाताओं को आगाह किया कि अगर उन्होंने विदेश में मौजूद संपत्ति या विदेश में अर्जित आय का खुलासा अपने आयकर रिटर्न में नहीं किया तो करदाताओं पर 10 लाख तक का जुर्माना लग सकता है।

### इजराइली पीएम नेतन्याहू के घर पर फिर हुआ हमला

**तेल अवीव।** इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के सीजेरिया स्थित घर पर फिर से हमला हुआ है। पीएम के घर की तरफ आग के गोले दागे गए, जो घर के आंगन में गिरे। इजराइली पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हमला कहां से हुआ और किसने किया, इसकी जानकारी नहीं मिली है।

### दिल्ली में एक्यूआई 5वें दिन भी गंभीर श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार 5वें दिन प्रदूषण का स्तर गंभीर कैटगिरी में दर्ज किया गया। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली के 14 लोकेशन पर एक्यूआई 400+ दर्ज किया गया है। दिल्ली में 37 फीसदी प्रदूषण दिल्ली और आसपास के राज्यों में पराली जलाने से हुआ है।

### अमरावती में नवनीत राणा पर भीड़ ने किया हमला

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती से पूर्व सांसद नवनीत राणा पर देर रात हमला हुआ। नवनीत दरियापुर निर्वाचन क्षेत्र के खल्लर गांव में भाजपा उम्मीदवार रमेश बुंदिले के लिए वोट मांगने पहुंची थीं। भीड़ ने वहां कुर्सियां फेंकी और अल्लाह-हू-अकबर के नारे लगाए और हंगामा किया।

विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और भाजपा को लगा बड़ा झटका

# दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश ने पद-पार्टी से दिया इस्तीफा

**कैलाश ने आप के संयोजक केजरीवाल को लिखा पत्र-पार्टी ने केंद्र से लड़ने में बर्बाद किया समय, वादे अधूरे**

### भाजपा से दो बार विधायक रहे झा ने थामा आप का दामन

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दिल्ली में दो बड़े सियासी घटनाक्रम देखने को मिले। पहले दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत ने आप से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भाजपा नेता और किराड़ी से दो बार विधायक रहे अनिल झा ने आप का दामन थाम लिया। दरअसल, दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। कैलाश गहलोत ने रविवार सुबह आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर इस्तीफे का ऐलान किया। गहलोत ने केजरीवाल को लिखे पत्र में यमुना की सफाई के मुद्दे को लेकर आप की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आप ने केंद्र सरकार से लड़ाई करने में बहुत वक्त बर्बाद किया। पार्टी ने जनता से किए वादे पूरे नहीं किए। इधर, दिल्ली की सीएम आतिशी ने गहलोत का इस्तीफा स्वीकार करते हुए कहा- ये भाजपा का गंदा षड्यंत्र है। भाजपा दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव ईडी-सीबीआई के बल पर जीतना चाहती है। वहीं आप नेता संजय सिंह ने कहा- दिल्ली चुनाव से पहले मोदी वॉशिंग मशीन सक्रिय हो गई है। अब कई नेता इस मशीन के जरिए भाजपा में शामिल किए जाएंगे।

### भाजपा बोली- आप में बढ़ी लूट

दिल्ली भाजपा के नेता कपिल मिश्रा ने कहा कि कैलाश गहलोत ने इस्तीफे में स्पष्ट लिखा है कि भ्रष्टाचार के कारण आप और सरकार में रहना संभव नहीं है। केजरीवाल गैंग की लूट और झूठ के खिलाफ गहलोत का ये कदम स्वागत योग्य है। दिल्ली की हर विधानसभा में आप के कार्यकर्ता अब पार्टी छोड़ रहें हैं।



### आप में जाते ही झा ने गिनाए विकास कार्य

आप का दामन थामने के बाद अनिल झा ने कहा कि पूर्वांचल के लिए अगर किसी व्यक्ति ने काम किया है तो वह अरविंद केजरीवाल हैं। 10 साल में केजरीवाल ने पीने का पानी हर घर तक पहुंचाया है। पूर्वांचल के लिए शानदार काम किया है। अनिल झा भाजपा के दो बार के विधायक रहे हैं। 2008 और 2013 में किराड़ी से उन्होंने विधानसभा का चुनाव जीता है।

### कैलाश 2017 में बने थे मंत्री

कैलाश गहलोत ने 2015 में आम आदमी पार्टी जॉइन की थी। वे 2017 में कैबिनेट मंत्री बने। पेशे से वकील कैलाश गहलोत ने राजनीति में आने से पहले 10 साल तक सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में कई बड़े केस लड़े।

## गहलोत की केजरीवाल को चिट्ठी-

### पार्टी में गंभीर चुनौतियां

मैं बताना चाहता हूं कि आज आप गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है। पार्टी के सामने उन्हीं मूल्यों की चुनौतियां हैं जो हम आप में एक साथ लेकर आए थे। राजनीतिक महत्वाकांक्षा लोगों के प्रति प्रतिबद्धता से आगे निकल गई है और कई वादे अधूरे रह गए हैं।

### बुनियादी सेवाएं नहीं

हमने यमुना को स्वच्छ नदी बनाने का वादा किया था, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं कर पाए। यमुना नदी पहले से भी अधिक प्रदूषित हो गई है। लोगों के हक के लिए लड़ने के बजाय हम सिर्फ अपने स्वर्थ के लिए लड़ रहे हैं। लोगों को बुनियादी सेवाएं नहीं मिल रही हैं।

### हम आम आदमी हैं या नहीं

केजरीवाल का नया बंगला 'शीश महल' जैसे कई शर्मनाक विवाद हैं, जो लोगों को संदेह में डाल रहे हैं कि क्या हम अब भी आम आदमी हैं या नहीं। यह साफ है कि अगर दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में लगाती रहेगी तो दिल्ली का कुछ नहीं हो सकता।

### अलग होना ही विकल्प

मैंने अपनी राजनीतिक यात्रा दिल्ली के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता के साथ शुरू की थी और मैं ऐसा करना जारी रखना चाहता हूं। यही कारण है कि मेरे पास आप से अलग होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

### मध्यप्रदेश भाजपा ने पहली बार बनाया वॉट्सएप प्रमुख

**संगठन को और मजबूत बनाने के लिए नई पहल**

इधर, मप्र में भाजपा के संगठन की तारीफ कई बार पीएम से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक कर चुके हैं। तकनीक के इस युग में अब इस संगठन को और मजबूत बनाने के लिए भाजपा ने पहली बार वॉट्सएप प्रमुख बनाने का काम शुरू किया है। प्रदेश का पहला वॉट्सएप प्रमुख भी बना दिया है। भोपाल के रहने वाले रामकुमार चौरसिया प्राइवेट जॉब करते हैं। वे मप्र के पहले वॉट्सएप प्रमुख बने हैं। रामकुमार ने बताया कि उन्होंने एमएससी तक पढ़ाई की है।

# पीएम मोदी को नाइजीरिया का सर्वोच्च सम्मान

## एलिजाबेथ के बाद किसी विदेशी नेता को दिया जाने वाला पहला सम्मान

**द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ नाइजर से नवाजा गया**

### पीएम मोदी राष्ट्रपति से बोले- यहां 60 हजार भारतीय, उन्हें संभालने के लिए शुक्रिया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी इस समय अफ्रीकी देश नाइजीरिया के दौरे पर हैं। इस दौरान नाइजीरिया ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान- द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया। इससे पहले यह सम्मान सिर्फ महारानी एलिजाबेथ को ही मिला है। ऐसे में पीएम मोदी यह सम्मान पाने वाले दूसरे विदेशी नेता हैं। इससे पहले 1969 में ब्रिटेन की महारानी को इससे सम्मानित किया गया था। यह किसी देश की तरफ से मोदी को दिया जाने वाला 17वां ऐसा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार होगा।



### ये मेरा नहीं, हर भारतीय का सम्मान

पीएम मोदी ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति को इसके लिए धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। नाइजीरिया में रह रहे 60 हजार से ज्यादा भारतीय दोनों देशों के बीच मजबूत कड़ी हैं। उन्हें संभाल कर रखने और देखभाल करने के लिए मैं नाइजीरिया का धन्यवाद करता हूं।

### मोदी को सौंपी अबुजा की चाबी

मोदी रविवार को नाइजीरिया पहुंचे। उनके आगमन पर, राजधानी अबुजा में मंत्री न्येसोम एजेनवो वाइक ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वाइक ने मोदी को अबुजा शहर की चाबी भेंट की। यह चाबी नाइजीरिया के लोगों द्वारा मोदी को दिए गए विश्वास व सम्मान का प्रतीक है।

# मध्यप्रदेश के सभी जिलों में खेल स्टेडियम बनाएगी सरकार

**देवास में सिंथेटिक ट्रैक का सीएम ने किया भूमिपूजन**

**वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के तहत होगा निर्माण**

**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्यप्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्टस कॉम्पलेक्स अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में खेल स्टेडियम बनाएं जाएंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने रविवार को देवास के कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया। समारोह में सीएम दिल्ली से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 114 खेल अधोसंरचनाएं तैयार की जा चुकी हैं, जबकि 30 और निर्माणाधीन हैं। इनमें 8 सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक शामिल हैं। देवास में स्थापित किया जा रहा यह ट्रैक प्रदेश का 9वां सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक होगा। साथ ही इंदौर, रतलाम, और छतरपुर में तीन और ट्रैक स्वीकृत किए गए हैं। वन डिस्ट्रिक्ट - वन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में खेल स्टेडियम बनाए जाएंगे।



### देवास स्टेडियम में यह सुविधा खिलाड़ियों को मिलेगी

देवास स्टेडियम में 9 करोड़ 18 लाख की लागत से 400 मीटर का 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक स्थापित किया जा रहा है। खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए 26 लाख के आधुनिक जिम उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। स्टेडियम में बैडमिंटन के 4 सिंथेटिक कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, ओपन जिम, और आत्मरक्षा के लिए कराटे प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं पहले से ही मौजूद हैं।

**उपलब्धि** — अब हम भी अमेरिका, चीन और रूस की सूची में हो गए शामिल

# लॉन्ग रेंज हाइपरसॉनिक मिसाइल की टेस्टिंग में भारत सफल

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत की सैन्य शक्ति को एक अहम बूस्ट मिला है। भारत ने देर रात ओडिशा के तट से लंबी दूरी वाली स्वदेशी हाइपरसॉनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। ये मिसाइलें न सिर्फ बेहद तेजी से दुश्मन पर हमला करती हैं, बल्कि कई वायु डिफेंस प्रणालियों को बेअसर करने की भी काबिलियत रखती हैं। भारत के अलावा कुछ चुनिंदा देशों के पास ही ऐसे हथियार हैं।

इस मिसाइल को डीआरडीओ ने तैयार किया है। इस मिसाइल को हैदराबाद के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स की प्रयोगशालाओं के साथ-साथ विभिन्न अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और उद्योग भागीदारों की मदद से स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों की मौजूदगी में मिसाइलों की टेस्टिंग की गई।

- 1500 किलोमीटर से ज्यादा रेंज
- आवाज से पांच गुना तेज रफ्तार
- मिसाइल को रोक पाना असंभव



### इन देशों के पास ये मिसाइल

वर्तमान में रूस और चीन हाइपरसॉनिक मिसाइल विकसित करने में बहुत आगे हैं। अमेरिका एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत ऐसे हथियारों की एक सीरीज तैयार करने की प्रक्रिया में है। फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, जापान, ईरान और इजराइल सहित कई अन्य देश भी हाइपरसॉनिक मिसाइल सिस्टम बनाने की परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।

### इनका कहना है



भारत ने ओडिशा के तट से दूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की हाइपरसॉनिक मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। इस उपलब्धि ने हमारे देश को ऐसी जरूरी और उन्नत सैन्य तकनीक की क्षमताओं वाले चुनिंदा देशों के समूह में खड़ा कर दिया है। डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को भी बधाई।

-**राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

# खरगोन में हादसा: एसडीएम की कार ने मारी टक्कर, दो की मौत, 5 घायल

### खरगोन शहर के डायवर्सन रोड पर हादसा, घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**सत्ता सुधार ■ खरगोन**

रविवार सुबह मध्य प्रदेश के खरगोन में भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। एसडीएम लिखी स्कॉर्पियो ने ईको कार (एमपी 09 डब्ल्यूडी 4439) को टक्कर मार दी, जिससे कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए, जिनमें स्कॉर्पियो का ड्राइवर भी शामिल है। हादसा सुबह 6.40 बजे हुआ। मृतकों की पहचान रामलाल और शोभाराम के रूप में हुई है। कार डालकी से बुरहानपुर जा रही थी। कार एक बारात का हिस्सा थी। स्कॉर्पियो (एमपी 46 टी 0923) बड़वानी जिले के सेंधवा एसडीएम की बताई जा रही है। घायल ड्राइवर का भी इलाज जारी है। हादसा पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने जवाहर मार्ग के मोड पर हुआ। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खरगोन कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है।

### इनका कहना है

सुबह की दुर्घटना है। एसडीएम सेंधवा की गाड़ी खंडवा की ओर से सेंधवा की ओर जा रही थी। खरगोन में सर्किट हाउस के सामने दुर्घटना हो गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है और पांच घायल हैं। घायलों का उपचार जारी है।

**बीएस कनेश**, एसडीएम, खरगोन

## ब्रीफ न्यूज

### सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत



**भोपाल।** सरस्वती शिशु मंदिर ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों को सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक के मंत्र सिखाए जाते हैं, जो बच्चों के जीवन में अनुशासन और संस्कार की नींव डालते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाते हैं । यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सागर जिले के राहतगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव में कही। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर सामाजिक शिक्षण संस्थान है, जहां बच्चों के लिए शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्त, समाज के प्रति उनका दायित्व, वैदिक मंत्र उच्चारण तथा अनुशासन सहित शारीरिक आधुनिक तकनीकी शिक्षा दी जाती है। वार्षिक उत्सव में भी बच्चों द्वारा जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उनमें भी समाज के लिए संदेश है। ऐसे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले बच्चे देश में रहें चाहे विदेश में रहें, अपने माता-पिता अपने क्षेत्र तथा स्कूल का नाम रोशन करते हैं। मंत्री राजपूत ने सरस्वती शिशु मंदिर परिवार तथा कार्यक्रम में पधारे बच्चों के अभिभावक तथा क्षेत्र वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मप्र में एक जनवरी से पेट्रोल पंप पर नहीं चलेगा कैश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस के पेट्रोल पंप और सुपर बाजारों में मिल रही गबन की शिकायतों को देखते हुए यहां नकद भुगतान पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसकी जगह एक जनवरी 2025 से यहां केवल कैशलेस भुगतान ही लिया जाएगा। मप्र की कई इकाइयों के पेट्रोल पंपों में गबन की घटनाएं सामने आई हैं, जिसका फोरेंसिक आडिट कराया गया, जिसमें गबन का एक कारण इकाइयों द्वारा नकद लेन-देन करना एवं संव्यवहार का लेखा-जोखा का संधारण न करना पाया गया है। भोपाल पुलिस इकाई के पेट्रोल पंप में गत एक मई 2024 से नगद लेन-देन को प्रतिबंधित किया गया है, जिसके सफल परिणाम सामने आए हैं। यह लेन-देन पुलिस कल्याण के पेट्रोल पम्पों, पुलिस गैस रिफिलिंग केंद्रों, एलपीजी गैस, सुपर बाजार, अन्य गतिविधियों जिनमें वार्षिक टर्नओवर छह लाख से अधिक है, बंद किया जाएगा।

### नर्मदापुरम में 7 दिसंबर को जुटेंगे देशभर के उद्योगपति

**भोपाल।** नर्मदापुरम में 7 दिसंबर को आयोजित में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव संतुलित औद्योगिक विकास पर केंद्रित होगा। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से कृषि आधारित उद्योग, खाद्य प्र-संस्करण इकाइयां और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग बहुतायत है। कृषि प्रसंस्करण, सोयाबीन तेल, मसाला उत्पादन और दुग्ध प्रसंस्करण जैसे उद्योग यहां की आर्थिक गतिविधियों का मुख्य आधार हैं। नर्मदापुरम रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, खनिज, एमएसएमई और पर्यटन क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा की जाएगी।

---

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने किया ऐलान- किसानों के नुकसान की भरपाई करेगी सरकार

# प्याज, टमाटर, आलू के दाम गिरने से रोकने तय होंगे मॉडल रेट

सत्ता सुधार ■ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक योजना बनाई है। जिसमें प्याज, टमाटर और आलू के दाम गिरते हैं तो किसान को नुकसान होता है, इसलिए आईसीएआर लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर मॉडल रेट तय करेगा। बाजार रेट और मॉडल रेट का अंतर किसानों को दिया जाएगा, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार 50-50 प्रतिशत नुकसान वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि, प्याज के एक्सपोर्ट से प्रतिबंध हटाया गया है, एक्सपोर्ट शुल्क 40 प्रतितश से घटाकर 20 प्रतिशत किया गया है। जिससे प्याज के दामों में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि, पाम ऑयल मलेशिया, इंडोनेशिया से जीरो पर्सेंट ड्यूटी पर आयात किए जाते थे, इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाकर 27.5 प्रतिशत की गई है ताकि किसान को सोयाबीन के ठीक दाम मिल सके। सोयाबीन की एमएसपी 4 हजार 892 रुपए है, केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र सरकार को अनुमति दी है कि वह एमएसपी पर सोयाबीन खरीदें। इसके साथ ही सोयाबीन में नमी की सीमा को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का फैसला किया गया है। इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं ताकि महाराष्ट्र में सोयाबीन खरीदी में कोई दिक्कत न हो।



### महाविकास अघाड़ी के वादे पूरे नहीं होते

शिवराज ने महाराष्ट्र में मीडिया से कहा कि, महाविकास अघाड़ी या कांग्रेस जितने वादे करती है, गारंटियां देती है, कभी पूरे नहीं होते हैं। मध्यप्रदेश में भी 2018 में किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था, लेकिन कर्ज माफ नहीं हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खुद कह रहे हैं कि ऐसे वादे मत करो जिनको पूरा नहीं कर पाते हो। ये केवल वोट बैंक की राजनीति करते हैं, इसलिए इन पर अब कोई विश्वास नहीं करता है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले

महाराष्ट्र में महायुती की महाविजय होगी। महायुती और केन्द्र सरकार ने मिलकर जो विकास के काम किए हैं, उसने जनता के दिल और दिमाग को पूरी तरह से महायुती के साथ खड़ा कर दिया है।

### राहुल को याद नहीं रहता है कि वे क्या कह रहे हैं

चौहान ने मीडिया से चर्चा में कहा कि, राहुल गांधी को खुद याद नहीं रहता है कि वो क्या कह रहे हैं, यहां वो आरक्षण की वकालत करते हैं और विदेशों में कहते हैं कि समय आने पर आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। राहुल गांधी अपने बारे में सोचें कि उनकी मानसिक आयु कितनी है।

---

# उज्जैन में 592 करोड़ रुपए में बनेगा मेडिकल कॉलेज

**550 बिस्तरों वाले अस्पताल में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाए**

**बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने जुटी राज्य सरकार**

**मुख्यमंत्री 21 नवंबर को करेंगे मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन, स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने एक और ऐतिहासिक कदम**

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और व्यापक बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव स्वस्थ नागरिकों से ही सुदृढ़ होगी। प्रधानमंत्री मोदी के विचार को साकार करने के लिए राज्य सरकार हर नागरिक को सुलभ और उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस दिशा में 21 नवंबर को एक और इतिहास रचने की ओर प्रदेश अग्रसर है जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे, जो प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नए आयाम प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट को प्राथमिकता से पूर्ण किया जायेगा। इससे उज्जैन और आसपास के जिलों के मरीजों को



उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से एमबीबीएस सीटों में 2,000 से अधिक की वृद्धि होगी। भोपाल और ग्वालियर में अस्पताल की बेड कैपेसिटी को 2,500 तक बढ़ाने के साथ-साथ इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में सुपरस्पेशलिटी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जबलपुर में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन और इंदौर में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई जैसी योजनाएं प्रदेश को चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं।

### कॉलेज 14.97 एकड़ भूमि पर निर्मित किया जाएगा

उज्जैन मेडिकल कॉलेज 14.97 एकड़ भूमि पर निर्मित किया जाएगा। निर्माण क्षेत्र 1 लाख 42 हज़ार 34 वर्ग मीटर प्रावधानित है। इसकी कुल लागत 592.3 करोड़ रुपए है। इसमें फायर सेफ्टी के लिए आधुनिक तकनीकों, ऊर्जा दक्षता के लिए एलईडी लाइटिंग, सौर ऊर्जा और ऊर्जा-कुशल एचवीएसी सिस्टम का उपयोग किया गया है। वर्षा जल संग्रहण और अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी प्रावधान किया गया है। मेडिकल कॉलेज में फुट ओवर ब्रिज, ग्रंथालय भवन, सर्विस ब्लॉक, एमजीपीएस ब्लॉक और ईएसएस ब्लॉक की सुविधा शामिल हैं।

### 100 एमबीबीएस सीट की प्रवेश क्षमता

उज्जैन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों की प्रवेश क्षमता 100 प्रावधानित है। मेडिकल कॉलेज में 4 अत्याधुनिक लेक्चर थियेटर (प्रत्येक की क्षमता 180) और 2 परीक्षा हॉल (प्रत्येक की क्षमता 250) रहेगी। सेंट्रल लाइब्रेरी, शिक्षण और फैकल्टी क्षेत्र, प्रयोगशाला और कौशल प्रशिक्षण केंद्र के साथ प्रशासनिक भवन, सामान्य कक्ष और मनोरंजन सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। 380 नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधा का प्रावधान है। इसमें स्टिल्ट पार्किंग, सामान्य कक्ष, मनोरंजन क्षेत्र, डायनिंग हॉल और किचन की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

### यूजी और इंटर्न छात्र और छात्राओं के लिए छात्रावास

उज्जैन मेडिकल कॉलेज में छात्रों के लिए 329 यूजी और 70 इंटर्न तथा छात्राओं के लिए 286 अंडरग्रेजुएट और 58 इंटर्न की क्षमता वाला छात्रावास रहेगा। इनमें स्टिल्ट पार्किंग, सामान्य कक्ष, मनोरंजन क्षेत्र और डायनिंग सुविधाएं रहेंगी। 145 विद्यार्थियों की क्षमता वाला आरडीएच छात्रावास जिम, डायनिंग हॉल और स्टिल्ट पार्किंग जैसी सुविधाओं से युक्त रहेगा।

### आपातकालीन सेवाओं, फार्मेसी, जैसी सेवाओं से सुसज्जित

उज्जैन मेडिकल कॉलेज शिक्षण अस्पताल की क्षमता 550 बेड की है। अस्पताल में 24×7 आपातकालीन सेवाओं, फार्मेसी, रेडियोलॉजी जनरल एवं सुपर स्पेशलिटी ओपीडी जैसी सेवाओं से सुसज्जित है। अस्पताल में 550 आईपीडी बिस्तर, आईसीयू और सीसीयू के लिए 70 बिस्तर, 11 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, 1 कैथ लैब और 2 एंडोस्कोपी यूनिट उपलब्ध हैं। इसके अलावा, परमाणु चिकित्सा विभाग और 2 रेडियोथेरेपी बंकर (ब्रैकीथेरेपी और सीटी सिम्युलेटर) जैसी उन्नत सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं। डॉक्टरों, स्टाफ और जनता के लिए कैफेटेरिया की व्यवस्था भी है। निर्माण कार्य मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा किया जाएगा।

---

# हम एक हैं तो सेफ हैं, सत्ता की भूख में सनातन को भूल गए उस पर राजनीति करने वाले



**सीएम डॉ. यादव बोले-महायुति सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध**

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाराष्ट्र के धुले जिले के शिंदखेड़ा और छत्रपति संभाजी नगर में आयोजित जनसभा और सामाजिक बैठक में जनता को संबोधित किया। उन्होंने महाराष्ट्र के विकास, सनातन संस्कृति की रक्षा और देश की सुरक्षा को लेकर महायुति गठबंधन की सरकार बनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सनातन धर्म को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। यह चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति को बचाने का है। डॉ. यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता की भूख में कांग्रेस और उसके सहयोगी भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के अस्तित्व को नकारते रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने अपने जीवन को सनातन धर्म के उत्थान के लिए समर्पित किया, लेकिन आज उनके नाम पर राजनीति करने वाले ही सनातन को भूल गए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। 2014 के बाद देश में आतंकी धमाके बंद हो गए हैं और दुश्मन देश में सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों ने सेना का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कांग्रेस पर सेना से सबूत मांगने का आरोप लगाते हुए इसे कुत्सित प्रयास बताया। डॉ. यादव ने कहा कि महायुति सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लाए गए नारी शक्ति वंदन कानून और महाराष्ट्र में शुरू होने वाली लाडकी बहना योजना का जिक्र किया। यह योजना बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी।

---

# विशेषज्ञों ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर विस्तार से दी जानकारी

**बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी मानव द्वंद प्रबंधन पर कार्यशाला**



सत्ता सुधार ■ भोपाल

उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी मानव द्वंद प्रबंधन पर रविवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में वन्यजीवों की सुरक्षा मुख्य रूप से हाथी मानव द्वंद प्रबंधन विषय पर विशेषज्ञों द्वारा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारियों को जानकारी दी गई। कार्यशाला में ट्रंक कॉल एनजीओ मुंबई के व्याख्याता आनंद शिंदे, प्रकृति फाउंडेशन के पुष्पेन्द्र द्विवेदी, वन विभाग के फील्ड डारेक्टर, उप संचालक, रेंज ऑफिसर मगधी और वनरक्षक ने वन्यजीव संरक्षण और हाथी मानव द्वंद प्रबंधन विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला का आयोजन मानपुर परिक्षेत्र द्वारा किया गया। कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, हाथी मित्र और ग्राम लोग उर्दाना, छपड़ोड, देवरी, बलहोड, माला, मचखेता, मढौ, गुरुवाही, डोभा, नेवसी, समरकोइनी के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पेंच टाइगर रिजर्व में बाघ शावक मृत मिला

फील्ड डारेक्टर पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी देवा प्रसाद जे. ने बताया कि अरी बफर रेंज के कैम्प क्रमांक 188 में गश्त के दौरान कर्मचारियों को एक बाघ शावक मृत मिला। बाघ शावक के शरीर के सभी अंग सुरक्षित हैं। मृत शावक की उम्र लगभग 4 माह है। उन्होंने बताया कि सबूतों का पता लगाने के लिए कर्मचारियों और डॉग स्क्वायड द्वारा इलाके की सघन तलाशी ली जा रही है। फील्ड डारेक्टर देवा प्रसाद जे. ने बताया कि बाघ शावक का पोस्ट-मार्टम एनटीसीए प्रोटोकाल के अनुसार किया जाएगा। मृत शावक के अंग नमूने हिस्टोपैथोलॉजिकल और फोरेंसिक परीक्षण के लिये भेजे जा रहे है। पीएम की रिपोर्ट आने के बाद वस्तु स्थिति की सही जानकारी प्राप्त होगी। प्रकरण की गहन विवेचना की जा रही है।

---

# पीड़ित मानवता की सेवा और दीनों का सहारा बना रामकृष्ण सेवा संस्थान

**डिप्टी सीएम शुक्ल रामकृष्ण सेवा संस्थान रीवा का वार्षिक समारोह हुए शामिल**




### .विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विद्युत मण्डल के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्युत संबंधी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें। ट्रांसफार्मर जल जाने व खराब होने की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए इन्हे बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। केबिल खराब होने पर उन्हे बदले जाने की कार्यवाही करें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में अधिकारियों को फीडर सेपरेशन के कार्य को गति देने के निर्देश दिए।

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीड़ित मानवता की सेवा तथा दीन दुखियों का सहारा बना है रीवा का रामकृष्ण सेवा संस्थान। ऐसे संस्थानों से जुड़कर मानवीय गुण जैसे करूणा, दया एवं परोपकार के भाव विकसित होते हैं। उन्होंने जनता से आह्वान किया है कि ऐसे संस्थानों से जुड़े और भारत को विश्वगुरू बनाने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल रामकृष्ण सेवा संस्थान रीवा के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत के गौरव तथा यहां की संस्कृति व सनातन परंपरा को विश्वपटल पर प्रदर्शित किया था। स्वामी जी की भारत के विश्वगुरू बनने की भविष्यवाणी अब साकार होती दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगतिशील राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और आने वाले समय में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म एवं जाति के नाम पर देश को तोड़ने वाली ताकतों से सावधान रहे। विकृतियों से समाज को बचाएं। इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि समृद्धि तो आए मगर विकृति न आए। इसके लिए ऐसे संस्थान ध्यान, आध्यात्म व अपनी संस्कृति की ओर ले जाने में सहायक होते हैं। उन्होंने नशा से दूर रहने के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया।

### रीवा के रामकृष्ण सेवा संस्थान को बड़ी उपलब्धि हुए हासिल

शुक्ल ने कहा कि रीवा के रामकृष्ण सेवा संस्थान को बड़ी उपलब्धि है हासिल हुई है। अब यह संस्थान वेल्लूर मठ से जुड़ गया है, जिसका लाभ संस्थान एवं इस क्षेत्र को मिलेगा। स्वामी गुणदानंद, स्वामी राघवेन्द्रानंद, स्वामी मंगलप्रदानंद तथा स्वामी पररूपानंद ने भी आशिर्वचन दिया। स्वामी आत्म श्रद्धानंद एवं स्वामी निर्विकल्पानंद जी महाराज ने रामकृष्ण संस्थान रीवा के सेवा कार्यों की प्रसंशा की। संस्थान के मैनेजिंग ट्रस्टी राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वागत उद्बोधन प्रोफेसर एनपी पाठक ने दिया।

---

**विशेष लेख** नए आध्यात्मिक स्थलों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है मोहन सरकार

# पर्यटकों का स्वर्ग, भारत का आध्यात्मिक हृदय मध्यप्रदेश

पंकज मित्तल

मध्यप्रदेश, जिसे भारत का हृदय कहा जाता है, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत का एक समृद्ध ताना-बाना है, जिसमें कई ऐसे स्थल हैं जो तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को समान रूप से आकर्षित करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में, राज्य सरकार इन स्थलों को बढ़ाने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जो राज्य की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान सरकार की पहली वर्षगांठ, 13 दिसंबर के अवसर पर, सरकार मौजूदा धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और मध्यप्रदेश को धार्मिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए नए आध्यात्मिक स्थलों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मध्यप्रदेश के विविध धार्मिक परिदृश्य में हिंदू, जैन, बौद्ध और इस्लाम सभी शामिल हैं, जो आध्यात्मिक साधकों के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य है। डॉ. यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने पूरे राज्य में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और संवर्धन को प्राथमिकता दी है।

### धार्मिक स्थलों का परंपराओं के अनुरूप विकास

प्रदेश के अनेक धार्मिक स्थलों का उनकी परम्पराओं के अनुरूप विकास किया जा रहा है। सलकनपुर में देवी लोक को शक्ति मंदिर स्थल के रूप में विकसित किया गया है, ताकि सुगमता से देवी दर्शन के साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुंच और सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। छिंदवाड़ा में श्रीहनुमान लोक भगवान हनुमान का उत्सव मनाएगा, जिसमें भक्तों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षक वातावरण बनाया जाएगा। ओरछा में रामराजा लोक भगवान राम का सम्मान करेगा और अध्यात्म और इतिहास दोनों में रुचि रखने वाले आगंतुकों को आकर्षित करेगा। सागर में संत रविदास लोक के पुनरुद्धार का उद्देश्य संत रविदास की विरासत का सम्मान करना है, ताकि उनके अनुयायियों और उनकी शिक्षाओं में रुचि रखने वाले पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।




### अमरकंटक में मां नर्मदा महालोक

जबलपुर में रानी दुर्गावती स्मारक और रानी अवंतीबाई स्मारक जैसे ऐतिहासिक स्थलों को भी उनके सांस्कृतिक महत्व को उजागर करते हुए बढ़ाया जा रहा है, साथ ही इतिहास और अध्यात्म दोनों में रुचि रखने वाले आगंतुकों का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसके अलावा, अमरकंटक में मां नर्मदा महालोक में आगंतुकों की सुविधाओं को बढ़ाने और इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ावा देने के लिए सुधार किए जा रहे हैं। सरकार खरगोन में देवी अहिल्याबाई लोक, बड़वानी जिले में नागलवाड़ी लोक जैसे नए आध्यात्मिक स्थलों को विकसित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें शांत वातावरण बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ग्वालियर में जाम सावंली हनुमान लोक में भगवान हनुमान की शक्ति और भक्ति का पर्व मनाया जाएगा, वहीं जानापाव जिसे भगवान परशुराम की जन्म स्थली के रूप में जाना जाता है, वहां परशुराम लोक विकसित किया जाएगा, जिसमें भगवान परशुराम को समर्पित एक नया मंदिर बनाया जाएगा।

---

# शिकायतों का निराकरण नहीं होने से आयोग पर भड़के जीतू

**कहा- जिन रिश्तेदारों को ड्यूटी में लगाया है उन्हें हटाए**



**भोपाल।** पीसीसी चीफ ने उपचुनाव में कांग्रेस द्वारा की गई शिकायतों का निराकरण नहीं होने पर चुनाव आयोग पर नाराजगी व्यक्त की है। पटवारी में कहा कि बल्लभ भवन में दलालों का बोलबाला है। 10 महीने की सरकार में 385 में से 282 अधिकारियों के तबादले हो चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि प्रदेश में हुए उप चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा की शिकायतों का निराकरण नहीं किया हमने कलेक्टर और एसपी को हटाने के लिए कहा लेकिन नहीं हटाया गया। पटवारी ने कहा कि वे निर्वाचन आयोग से आग्रह करते हैं कि तोता न बने, पिट्ठू न बनें। पटवारी ने कहा कि विजयपुर में होने वाली मतगणना के लिए वन मंत्री और बीजेपी प्रत्याशी रामनिवास रावत ने अपने 40 से अधिक रिश्तेदार अधिकारियों को प्रक्रिया में शामिल कराया है। इसकी शिकायत चुनाव आयोग से भी की गई है।

# चोरी से खाद लेकर मध्य प्रदेश जा रहा ट्रैक्टर पकड़ा

## कृषि अधिकारी ने सौजना पुलिस के सुपुर्द किया



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

वर्तमान में किसानों द्वारा खेतों में रवि की फसल बुवाई के लिए व्यापक मात्रा में डी.ए.पी. व यूरिया की खरीद की जा रही है। मध्य प्रदेश की सीमाओं से घिरे ललितपुर से पड़ौसी राज्य में चोरी छिपे खाद भेजी जा रही है, ताकि ऊंचे दामों पर खाद बेचकर अधिक धन अर्जित किया जा सके। लेकिन जिला प्रशासन ने भी काफी पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। इसी क्रम में आज बॉर्डर चैकिंग के दौरान कृषि अधिकारी/अभिसूचित प्राधिकारी राजीव कुमार भारती ने ट्रैक्टर में लदी डी.ए.पी. व यूरिया की बोरियों को जब्त किया है।

बताया जा रहा है कि बीती 15 नवम्बर को बॉर्डर चैकिंग के दौरान एक अज्ञात ट्रेक्टर पावर ट्रैक यूरो-50, जिसमें 48 बोरी डी.ए.पी. उर्वरक एवं 21 बोरी यूरिया उर्वरक लदी हुई थी। ट्रैक्टर पर मौजूद मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना बड़ागांव के पोस्ट ककरवाहा के ग्राम राशनखेड़ा निवासी दयाराम अहिरवार पुत्र दुरजूवा अहिरवार व गोर्वधन अहिरवार पुत्र जगता अहिरवार द्वारा 48 बोरी डी.ए.पी. उर्वरक एवं 21 बोरी यूरिया उर्वरक से स्म्बन्धित अभिलेख/क्रय की पी.ओ.एस. मशीन की रसीद एवं बिल प्रेषित नहीं किये गये। जानकारी करने पर उक्त लोगों द्वारा बताया कि खाद टीकमगढ़ रोड महरौनी से लायी गई, लेकिन स्पष्ट रूप से उर्वरक क्रय करने वाली दुकान का नाम नही बताया गया, न पी.ओ.एस. का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसी से पता चला कि दोनों लोगों द्वारा उक्त खाद कूटरचित तरीके से क्रय करके अन्तर्राज्यीय सीमा मार्ग से म.प्र. ले जाई जा रही थी। उक्त 48 बोरी डी.ए.पी. उर्वरक एवं 21 बोरी यूरिया उर्वरक से लदे टेक्ट्र को आपकी सपुर्दगी में दी गयी है। इसी क्रम में जिलाधिकरी के अनुमोदन 16 नवम्बर 2024 के परिपालन में दयाराम अहिरवार पुत्र दुरजूवा अहिरवार व गोर्वधन अहिरवार पुत्र जगता अहिरवार के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा उर्वरक (संचलन नियत्रंण) आदेश 1973 में 3 क एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 में निहत प्राविधानान्तर्गत अवैध रूप से उर्वरक परिसंचलन के क्रम में प्राथमिकी थाना सौजना में दर्ज करायी जा रही है।

## गांव में लेखपाल बनकर जमीनों के विवाद फैलाने का आरोप

### ग्रामीण ने एसडीएम तालबेहट को भेजा शिकायती पत्र

**ललितपुर।** सरकारी राजस्व सम्बन्धी दस्तावेज व सामग्री का दुरुपयोग कर गांव में आपसी विवाद को फैलाने का गंभीर आरोप लगाते हुये ग्राम खांदी के मजरा रानीपुरा अंतर्गत मजरा बौलारी निवासी दिलीप कुमार चौबे पुत्र प्रेम नारायण चौबे ने एक शिकायती पत्र एसडीएम तालबेहट को भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि गांव के रहने वाला एक व्यक्ति जो कि अपने पास में राजस्व सम्बन्धी दस्तावेजों की छायाप्रति रखता है। आरोप है कि खतौनी, खसरा, मिसिल बन्दोवस्त, नक्शा आदि व गुनियां, जरीब अपने पास रखते हुये गांव में लेखपाल बनकर लोगों को गुमराह कर जमीनों की नाप की जा रही है। आरोप है कि गांव में विपक्षी के कारण गांव की जमीन सम्बन्धित विवाद होते रहते हैं, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। बताया कि राजस्व विभाग की छवि धूमिल करते हुये उक्त व्यक्ति द्वारा लोगों को आपस में विवाद उत्पन्न करने की स्थिति पैदा की जा रही है। दिलीप कुमार चौबे ने एसडीएम तालबेहट से उक्त व्यक्ति से अवैध तरीके से रखे दस्तावेजों को जब्त कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है, ताकि गांव में शान्ति व्यवस्था बनी रहे।

# प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की बिरधा ब्लाक इकाई का गठन

## अवतार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष व राम कुमार बने महामंत्री



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की आवश्यक बैठक माया ज्ञानोदय संस्कार बिरधा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक कालका प्रसाद अवस्थी ने की। आज की बैठक में बिरधा विकासखंड की ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया। एसोसिएशन के जिला महामंत्री ध्रुव साहू ने बताया कि आज की बैठक में विकासखंड बिरधा की इकाई का गठन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अवतार सिंह, उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सेन, महामंत्री रामकुमार साहू, मंत्री राज दीक्षित, संगठन मंत्री आकाश कुशवाहा, ऑडिटर कृष्णपाल यादव को सर्व सम्मति से मनोनीत गया। इस अवसर पर जिला समिति के संयोजक अक्षय अलया ने कहा एसोसिएशन का उद्देश्य नवंबर-दिसंबर माह में जनपद के प्रत्येक विकासखंड में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की इकाई का गठन करना है। कोई भी विद्यालय संगठन की सदस्यता से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा एसोसिएशन प्राइवेट विद्यालयों के हित में काम कर रही है, तथा भविष्य में भी करती रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालका प्रसाद अवस्थी ने कहा कि प्राईवेट स्कूलों के संरक्षण मे एसोसिएशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के संरक्षक कालका प्रसाद अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक अक्षय अलया, जिला महामंत्री ध्रुव साहू, उपाध्यक्ष मु वसीम खजुरिया के अलावा नवनियुक्त समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अवतार सिंह ने किया और आभार महामंत्री रामकुमार साहू ने व्यक्त किया।

# एक परिवार का प्रोजेक्ट नई किरण से हुआ मिलन



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में तथा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन की उपस्थिति में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। एक परिवार खुशी-खुशी, साथ-साथ रहने को तैयार होकर आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का संदेश दिया। वहीं सात मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डा.एस.पी.पाठक, डा. दीपक चौबे, डा. संजीव कुमार शर्मा, डा.जनक किशोरी शर्मा, एड.अरमान कुरैशी, महिला आरक्षी दीपिका, महिला आरक्षी हेमलता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# अकेडमी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में हुयीं बेडमिन्टन प्रतियोगिता

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

स्थानीय स्पोर्ट्स अकेडमी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुअ। इन दोनों दिवस में बालक बालिकाओं की ओपनकप बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हुई। लगभग 40 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। समापन समारोह के दौरान अतिथियों के रूप में नेहरू महाविद्यालय के प्रवक्ता डा.सूर्यवंशी, मां गोमती फिजियोथैरेपी के डा.सौरभ देवरिया, बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर स्वप्निल बरया, वरिष्ठ महिला सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ी अंजली यादव एवं बच्चों के अभिभावक गण मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक वर्ग में आराध्य अग्रवाल विजेता व समिक बरया उपविजेता रहे। तीसरे स्थान पर वेदांत सूर्यवंशी व चौथा स्थान पर आरव वर्मा रहे। जूनियर बालक अंडर 14 में अभिनव वर्मा प्रथम, शान उल्ला द्वितीय रहे और दिव्यांश व



अर्हम ने तीसरा व चौथा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग जूनियर अंडर 17 में यथार्थ चतुर्वेदी ने पहला व शिवांश श्रीवास्तव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और आरुष जैन तीसरे और अनुग्रह लाल चौथे स्थान पर रहे। इसी प्रकार बालिका वर्ग में सब जूनियर बालिका आद्विका श्रीवास विजेता और सौम्या राठौर उपविजेता रहींञ। निष्का श्रीवास्तव ने तीसरा और माही राठौर ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जूनियर/सीनियर बालिका वर्ग में विजेता का खिताब अहल जहीर ने व उपविजेता का खिताब महक खान ने जीता और तीसरे स्थान पर आध्या मालवीय व चौथे स्थान पर राजस्मिता परमार रही। नई प्रतिभाओ में बालक सदिल देवरिया, अनय जैन, मानव-सुनील को एवं बालिका वर्ग में श्रेया अग्रवाल, एंजेल सोनी, पूज्या जैन, मनस्वी-सुनील ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। अतिथि गणों के द्वारा विजेता उपविजेता खिलाडयि़ों को व तीसरा व चौथा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडयि़ों को पुरस्कार के रूप में कप-ट्रॉफी प्रदान किए गए और बेहतरीन प्रदर्शन वाले खिलाडिय़ों को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। निर्णायक के रूप में रोहित सोनी, नैंसी भार्गव, अर्शिका खान, आध्या मालवीय को सम्मानित किया गया। डा.सौरभ देवलिया व स्वप्निल बरया के उत्साहवर्धन के लिए बच्चों को उनकी प्रगति को देखते हुए सर्टिफिकेट आफ अप्रिशिएसन प्रदान किए गए। अतिथिगणों ने अपने उदबोधन मे बेहतरीन खेल के प्रदर्शन व अनुशासन की प्रशंसा की और उन्हें कठिन अभ्यास कर शारीरिक रूप से स्वस्थ बनने और मोबाइल का प्रयोग कम करने की हिदायत भी दी साथ ही अपने खेल में और निखार लाकर जिला का नाम और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने का आशीर्वाद दिया। अंत में अकादमी के प्रशिक्षक जीशान सर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को खेल में नियमित अभ्यास करने अपने खेल को निखारने, मैचो में जीत हासिल करके इस जनपद का नाम उच्च स्तर पर गौरवान्वित करने की हिदायत भी दी।

# नागरिक विकास मोर्चा ने घण्टाघर पर दी श्रद्धांजलि

## आरोप : यह हादसा नहीं संस्थागत हत्या है, जबाव दें मुख्यमंत्री




### झांसी मेडीकल कॉलेज में आग का मामला

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

नागरिक विकास मोर्चा की एक श्रृद्धांजलि सभा घंटाघर परिसर में हुई, जिसमें नवजात बच्चों के काल कल्वित होने पर मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। इसके पश्चात सभा को संबोधित करते हुये मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा कि दस नवजात बच्चों के आग से जल जाने की घटना ने देश की आत्मा को झझकोर रख दिया। आरोप लगाया कि यह हादसा नहीं संस्थागत हत्या है, जिसमें प्रदेश में मुख्यमंत्री जवाब दें। अस्पताल के आग बुझाने वाले सिलेंडर एक्सपायर क्यों पड़े है। अस्पताल में फायर सेफ्टी अलार्म क्यों नहीं है। इस लापरवाही के में जिम्मेवार लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होना चाहिए। ऐसी घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया। पूर्व में भी गोरखपुर में ऑक्सीजन की सप्लाई न होने से 60 बच्चे मरे थे, फरुखाबाद में 49 बच्चे मरे थे। श्रृद्धांजलि सभा में पार्षद मनमोहन चौबे, करन पाल, के.के.गंगेले, बहादुर सिंह एड., सुरेश कौशिक, मुकेश, अजय तोमर, अशोक राय, बृजबिहारी मिश्रा, बलवंत राजपूत, प्रेम नारायण, अनूप ताम्रकार, बिल्लू बाबा, शिवकुमार तिवारी, शशिकांत दीक्षित, कुलदीप गोस्वामी, अभिषेक नायक, बृजेश चतुर्वेदी, अंजू रिछारिया, अंकित यादव, शिवांश तिवारी, प्रकाश नारायण चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## यातायात माह नवम्बर

### चैकिंग में पकड़ी गयी म.प्र. से चोरी हुयी बाइक

**ललितपुर।** यातायात माह नवम्बर के तहत जिले में चल रहे वाहन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल को बरामद किया है। बताते चलें कि मध्य प्रदेश से कुछ दिनों पहले चोरी की गयी मोटर साइकिल को इलाइट से गुजरते हुये यातायात पुलिस द्वारा रोका गया। गाड़ी का चालान करने के लिए जब ऐप पर गाड़ी का नम्बर डाला गया तो गाड़ी मालिक का मोबाइल नम्बर आया, जिस पर सम्पर्क करने पर पता चला कि पकड़ी गयी मोटर साइकिल चोरी की थी। इतना ही नहीं कार से बाइक को छुड़वाने पहुंचे युवक की कार भी पुलिस ने सीज कर दी है। बताया गया है कि मामले को एसओजी के सुपुर्द किया गया है, जिससे कि बाइक चोरी के मामले का पर्दाफाश हो सके।

# पार्षद मनमोहन चौबे पर दर्ज मामले को निरस्त करने की मांग



## सही जांच को लेकर युवा ब्राह्मण महामण्डल ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

वार्ड संख्या पन्द्रह के पार्षद मनमोहन चौबे के विरूद्ध द्वेष भावना के चलते बीती 05 नवम्बर 2024 को दर्ज कराये गये मुकदमें की सही जांच कराये जाने कराते हुये निरस्त किये जाने की मांग को लेकर युवा ब्राह्मण महामण्डल ने एक ज्ञापन जिला प्रशासन व पुलिस को सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि मनमोहन चौबे एड. नगर पालिका परिषद के वार्ड सं.15 के पार्षद हैं और नगर क्षेत्र में जन समस्याओं को लेकर आवाज उठाते हैं। नगर पालिका परिषद में इनके द्वारा उठायी जा रही समस्या का निराकरण नहीं होने व लगातार भ्रष्टाचार की समस्या के विकराल होने को लेकर ललितपुर की नगर पालिका व्यक्तिगत रूप से मनमोहन चौबे से रंजिश मान रहे हैं। आरोप है कि मनमोहन चौबे द्वारा वर्णी जैन इंटर कॉलेज के बाहर गलत तरीके से बाउन्ड्रीवाल का विरोध किया जिससे मनमोहन चौबे के नेतृत्व में की गयी पहल के फलस्वरूप बाउन्ड्रीवाल को अलग करना पडा व सुपर मार्केट में अवैधानिक रूप से शटर लगाने को लेकर नगर पालिका से मतभेद रहे व मनमोहन चौबे द्वारा नगर पालिका में घटित हो रहे कियाकलापों के विरूद्ध बार-बार अनशन किये गये। उक्त सभी बातों को लेकर मनमोहन चौबे द्वारा पूर्व में इस बात की आंशका भी व्यक्त की गयी थी कि नगर पालिका उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा सकते है और उसी के फलस्वरूप मनमोहन चौबे पर रंजिश के तहत सफाई कर्मचारी को आगे कर मुकदमा लिखाया गया जिसकी जांच करायी जाकर निरस्त कराये जाने योग्य है। युवा ब्राह्मण मण्डल ने जिला प्रशासन व पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर निरस्तीकरण की कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय संतराम रिछारिया, अभिषेक दुबे, अवधेश कौशिक, सानू उपमन्यु, डा.दीपक पस्तोर, शिवनारायण, प्रतीश तिवारी एड., वेदप्रकाश लिटौरिया, अंकित कौशिक, दीपक गोस्वामी, दीपक नायक, बृजमोहन रावत, प्रियदर्शी, राजेश तिवारी, रवि नगाइच के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# सेप्टिक टैंक के निर्माण से व्यापारियों को होगी परेशानियां

## व्यापारियों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

नगर पालिका परिषद द्वारा सेप्टिक टैंक निर्माण के कारण नझाई बाजार में वाहनों के आवागमन में होने वाली परेशानियों को लेकर व्यापारियों ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम एसडीएम सदर को सौंपा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि नझाई बाजार अन्दर क्षेत्र में जहां अस्थाई कचराघर है व स्वामी विवेकानंद पार्क भी है, उसके बगल में नगर पालिका परिषद द्वारा सेप्टिक टैंक का निर्माण किया जा रहा है, जिसके निर्माण के बाद वाहनों के आवागमन में असुविधा होगी। क्योंकि जो भी वाहन



नझाई बाजार के अन्दर आता है, वह वापस जाने के लिए मुडने् के लिए इसी जगह पर आता है और इस सेप्टिक टैंक के निर्माण के बाद वाहन यहां से मुड़ नहीं पायेगा। उन्होंने बताया कि यहां थोक व्यापारियों की बहुत सारी दुकानें हैं जो कि लगभग 50 वर्षों से अपना व्यापार कर रहे हैं। उन्होंने सेप्टिक टैंक जिस जगह बन रहा है, उसमें लगभग 10-12 फुट आगे की तरफ बनाया जाये, जिससे की गाडिय़ों के आवागमन में परेशानियां न हों। व्यापारियों ने समस्याओं के निस्तारण की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अंकुर सानू बाबा, हेमन्त कुशवाहा, संजय जैन, अनुज मोदी, राजेन्द्र जैन, संतोष जैन, पंचमलाल, सुनील, दीपक कुमार, रामचरन साहू, संजय, रिक्की, संजू जैन, राजेश, शैलू के अलावा अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

## टी.वी. मुक्त भारत अभियान को साकार करना है उद्देश्य

# कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा पर निकले हरभगवान सिंह

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पंजाब राज्य के एस.टी.एल.एस. हरभगवान सिंह तैनाती स्थान मुक्तेश्वर साहिब द्वारा कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्रा द्वारा की जा रही है जो कि श्रीनगर के लाल चौक से 03 नवम्बर 2024 को कन्याकुमारी तक के लिये प्रारंभ की गयी है जिसकी कुल दूरी 3620 किमी है। 1351 किमी की दूरी तय कर 15 नवम्बर 2024 को जनपद ललितपुर में




उनके आगमन पर जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी एवं डब्लूएचओ कन्सल्टेन्ट एनटीईपी झांसी मण्डल डा.एजिल द्वारा गुलदस्ता भेंटकर एवं फूल मालायें पहनाकर उनका स्वागत किया। रात्रि विश्राम के उपरांत 16 नवम्बर 2024 को कार्यालय सीएमओ में उनका सम्मान किया गया। इसके उपरांत जीआईसी में सुबह 10.30 बजे टीबी जागरूकता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में टी.बी. परामर्शदाता डा.जे.एस. बक्शी ने बताया कि विश्व का हर चौथा रोगी भारतीय है और भारत का हर पांचवा क्षयरोगी उत्तर प्रदेश से है। विश्व के कुल टी.बी. रोगियों का 30 प्रतिशत टी.बी. रोगी भारत में पाया जाता हैं तथा उनमें से लगभग 4 लाख मरीज प्रतिवर्ष मर जाते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2018 में भारत को वर्ष 2025 तक टी.बी. मुक्त करने की घोषणा की गयी है। जिसके अंतर्गत वर्ष 2015 की तुलना में टी.बी. रोग में 90 प्रतिशत मृत्यु दर को कम करना, 80 प्रतिशत नये टी.बी. रोगियों को कम करना तथा टी.बी. रोग से ग्रसित परिवारों में टी.बी. के कारण होने वाले धन की बर्बादी में शून्य प्रतिशत की कमी लाना है। यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत क्षयरोगियों को 01 अप्रैल 2018 से इलाज के दौरान पोषण सहायता प्रदान करने हेतु रूपया पांच सौ मात्र का इन्सेंटिव प्रतिमाह प्रति रोगी की सहायता, उपचार के दौरान प्रदान की जाती है जो 01 नवम्बर 2024 से बढ़कर एक हजार रुपये प्रतिमाह हो गया है। साथ ही एसटीएलएस पंजाब हरभगवान सिंह ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के बारे में उपस्थित छात्रों, अध्यापकों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी उपरांत सुबह 11.15 बजे हरभगवान सिंह एसटीएलएस जिला सागर म.प्र. के लिये प्रस्थान कर गये। इस दौरान जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी, परामर्शदाता टीबी डा.जे.एस. बक्शी, डब्लूएचओ एनटीईपी डा.एजिल, प्रधानाचार्य जीआईसी शिवराम सिंह निरंजन, डीपीसी, विकास श्रीवास्तव टीबीएचवी, अमित बाजोरिया एसटीएलएस आदि उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### शोक सभा संपन्न

**पूंछ झांसी।** गुरसराय निवासी पत्रकार संदीप श्रीवास्तव की दादी कृष्णा देवी का 96 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर नगर पूछ के सभी पत्रकार साथियों ने शोक व्यक्त किया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की शोक सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अजय शुक्ल अज्जू ने की इस दौरान शोक सभा में रामकुमार गोस्वामी नरेंद्र सविता दया शंकर साहू रिंकू तिवारी सुनील तिवारी चंद्रशेखर प्रजापति नीरज लखेरा आदि पत्रकार शामिल रहे।।

### रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर प्रस्तावित शौर्य उत्सव स्थगित

**झांसी।** जिला प्रशासन की ओर से वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की जयंती पर प्रस्तावित शौर्य उत्सव कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। पिछले दिनों हुई हृदयविदारक घटना के बाद यह निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से लोहा लेने वाली रानी लक्ष्मी बाई का 19 नवंबर को जयंती है। इस अवसर पर उनके योगदान और वीरता को जन–जन तक पहुंचाने के लिए शौर्य उत्सव कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसकी तैयारी भी लगभग पूर्ण हो चुकी थी। इसी बीच झांसी मेडिकल कालेज में बहुत ही दुखद हादसा हो गया। दिवंगत शिशुओं के परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए और जनभावनाओं के अनुरूप 19 नवम्बर को रानी लक्ष्मीबाई जी के जन्मोत्सव को गरिमापूर्ण सादगी के साथ मनाया जाने का निर्णय लिया गया है।

### बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की

**झाँसी।** मेडिकल कॉलेज मे शुक्रवार दिनांक 15 नवंबर की रात को हुए भीषण हादसे मे नवजात शिशुओ की असमय मृत्यु पर आज हेल्पिंग हैंडस सेवा संस्थान एवं श्री रामचंद्र मिशन आश्रम के समस्त सदस्यों ने सभी बच्चों को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से सभी नवजात बच्चों को अपने श्री चरणों मे स्थान देने की प्रार्थना कर उनके परिजनों को इस अपार कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की और इस हादसे मे घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की श्रद्धांजलि सभा मे सत्येंद्र श्रीवास्तव, अनिल हरिदासन, अनिल शर्मा देवेश अवस्थी, नरेंद्र दलमोत्रा राकेश श्रीवास्तव, तरुण सक्सेना, श्याम सुन्दर पटेल, प्रिया सक्सेना, प्रतिमा श्रीवास्तव, पूजा साहू, ज्योति वर्मा, दीप्ति श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, सुमन श्रीवास्तव आदि समस्तजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गाजियाबाद घटना के विरोध में चल रही हड़ताल समाप्त

**अलीगढ़।** गाजियाबाद की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं की चल रही हड़ताल 16 नवंबर को गाजियाबाद में हुई पंचायत के बाद खत्म कर दी गई। इसके बाद अब 18 नवंबर से यहां विधिवत न्यायिक कार्य करने का फैसला लिया गया है। गाजियाबाद में अधिवक्ताओं द्वारा लिए गए इस फैसले से वकीलों में कड़ी नाराजगी भी है। गाजियाबाद के जिला जज की अदालत में हुई घटना के बाद से ही अधिवक्ता आंदोलन कर रहे थे। दीपावली के बाद से इस मामले में गाजियाबाद के आह्वान पर हड़ताल हुई। यह हड़ताल लगातार जारी थी। इसी मामले में 16 नवंबर को गाजियाबाद में पंचायत कर काम पर लौटने का ऐलान किया गया।

### दुखद अग्निकांड घटना में अब तक 10 बच्चों की मृत्यु बर्न इंजरी एवं 1 बच्चे की मृत्यु गंभीर बीमारी के कारण हुई

# सीएम के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने मृत बच्चों के परिजनों के खातों में भेजी 5 लाख रुपए की सहायता धनराशि

**सत्ता सुधार ■ झांसी**



मेडिकल कॉलेज में दिनांक 15 नवंबर 2024 को घटित दुःखद अग्निकांड घटना में मृतक बच्चों के परिजनों को दी जा रही सहायता राशि के बारे में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा इस दुखद घटना का संज्ञान लेते हुए मृतक बच्चों के परिजनों को 05-05 लाख रुपए की सहायता धनराशि एवं घायल बच्चों के परिजनों को 50-50 लाख की सहायता धनराशि की घोषणा की गई थी, जिसके क्रम में अग्निकांड घटना में जो 10 बच्चों की मृत्यु हुई है उनमें से 9 बच्चों के परिजनों के खातों में 05 लाख रुपए की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है तथा शेष 01 बच्चे के परिजन का बैंक खाता न होने के कारण सहायता धनराशि नहीं पहुंची है, बैंक खाता खोलने के पश्चात संबंधित परिजन के खाते में उक्त धनराशि का प्रेषण किया जाएगा।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने यह भी बताया कि मेडिकल कॉलेज में दुःखद अग्निकांड घटना के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड के परीक्षण के 49 बच्चों की सूची तैयार की गई, इसके अनुसार 49 बच्चों में से रेस्क्यू किए गए 38 बच्चे उपचार की स्थिति में हैं, दिनांक 16.11.2024 तक 10 बच्चों की बर्न इंज्यूरी के कारण मृत्यु हो चुकी थी तथा शेष 01 बच्चे की पहचान न हो पाने के कारण स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही थी, जिसकी पहचान के संबंध में कॉलेज प्रशासन द्वारा सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने पर संबंधित बच्चे को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए यह भी बताया कि 49 बच्चों में से 10 बच्चों की दुखद अग्निकांड घटना में मृत्यु हुई थी, इसके अतिरिक्त 38 बच्चों का इलाज मेडिकल कॉलेज एवं अन्य प्राइवेट अस्पतालों में चल रहा है और जो भी बच्चे दुःखद अग्निकांड घटना में रेस्क्यु किए गए थे, उनमें से कोई भी बच्चा बर्न इंज्यूरी से पीड़ित नहीं था। उन्होंने यह भी बताया कि NICU (नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) में वही बच्चे उपचार हेतु भर्ती किए जाते हैं जिनकी स्थिति गंभीर होती है। दुःखद अग्निकांड घटना के पश्चात NICU (नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) से शिफ्ट किए गए बच्चों में से 03 बच्चों की स्थिति पूर्व से ही गंभीर थी। इन 03 बच्चों में से 01 बच्चे की मृत्यु आज दिनांक 17.11.2024 को हुई है, जिसका कारण बर्न इंज्यूरी नहीं है।

# जबरन लड़की पर शादी का दबाव बनने पर लड़की ने की आत्महत्या, मुकदमा दर्ज

### मोहल्ले का ही निवासी पंकज उर्फ गुड्डू अश्लील हरकतें करके परेशान करता था

**सत्ता सुधार ■ गरौठा/झांसी**

कस्बा के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी महेंद्र अहिरवार ने कोतवाली में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी पुत्री की उम्र 19 वर्ष के लगभग है मेरी पुत्री को मोहल्ले का ही निवासी पंकज उर्फ गुड्डू अश्लील हरकतें करके परेशान करता था। मैंने अपनी पुत्री की शादी गुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम में तय कर दी थी तो पंकज ने लड़के वालों को अश्लील बातें बताकर मेरी पुत्री की शादी तुड़वा दी थी और मैं जहां भी अपनी लड़की की शादी तय करता था वहां पर भी वह अश्लील बातें कह कर शादी तुड़वा देता था। इसके साथ ही वह स्वयं से लड़की से शादी करने की बात का करके लड़का बालों को भड़कता था और शादी तुड़वा देता था और लड़की को धमकता था कि तुम्हें हमारे साथ ही शादी करना पड़ेगी अन्य किसी लड़के के साथ तुम्हारी शादी नहीं होने दूंगा। जिस पर मैंने उसके पिता को उलाहना दिया तो उन्होंने कहा कि हम लड़के को समझा देंगे इसी वजह से मेने थाने पर कोई शिकायत नहीं



की थी। लेकिन पंकज द्वारा मेरी पुत्री को बार-बार परेशान करने एवं धमकाने पर उसने दिनांक 16/11/2024 को सुबह 11~00 बजे के लगभग घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पंकज के खिलाफ धारा 108 बी एन एस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### झांसी अग्निकांड में एक और नवजात शिशु मौत

**झांसी।** झांसी में महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज हादसे में मरने वाले नवजात शिशुओं की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। रविवार को गंभीर रूप से घायल एक बच्चे की मौत रविवार को हो गई। बता दें कि शुक्रवार देर रात यहां 10 बच्चों की मौत हो गई थी। बच्चों की मौत के बाद परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शुक्रवार रात एनआईसीयू वार्ड में आग लगते ही मौके पर हड़कंप मच गया था। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन, बचाव टीम और दमकम विभाग की गाडियां मौके पर पहुंची थी। हालात इतने भीषण थे कि खिड़कियों की जालियां तोड़कर शिशुओं को बाहर निकाला गया। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया कि जिस वार्ड में आग लगी थी वहां 55 नवजात भर्ती थे। 45 नवजात को सुरक्षित निकाल लिया गया था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि एसएनसीयू में उपकरणों के अत्यधिक लोड की वजह से शॉर्ट-सर्किट हुआ। इसके बाद चिंगारी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर तक पहुंची। पुलिस आग लगने के अन्य पहलुओं को भी खंगालने में जुटी है। बता दें कि एसएनसीयू वार्ड में जन्म के तुरंत बाद पीलिया, निमोनिया के शिकार नवजातों को रखा जाता है। नवजात के तापमान को अनुकूल करने के लिए वार्मर भी लगाए गए हैं। यहां क्षमता से तीन गुना अधिक नवजात भर्ती किए गए थे। इस वजह से जीवनरक्षक उपकरणों को लगातार चलाए रखना पड़ रहा था। मॉनिटरिंग मशीन भी लगातार चलती रहती है। तीन-चार घंटे बाद लोड को कम करने के लिए इनमें से कुछ उपकरणों को बंद करना होता है।

### अक्षय जन सेवा समिति ने मासूमो की स्मृति में दी भावपूर्ण श्रदांजलि




**झांसी!** अक्षय जन सेवा समिति के तत्वावधान में समिति कार्यालय में मेडिकल कॉलेज में हुए हादसे में जान गवाने वाले मासूमो की स्मृति में श्रदांजलि व्यक्त की गयी । समिति अध्यक्ष सविता पचौरी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निक्कू वार्ड में जो हादसा हुआ वो ह्रदय विदारक है और लापरवाही की वजह से यह अग्निकांड हुआ जिसमे कई मासूमो की मृत्यु हुई है प्रशासन द्वारा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए । उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश सरकार को इस घटना को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर – किया जाना चाहिए । मृतक मासूमो के परिजनों को अधिक से अधिक आर्थिक मदद की जानी चाहिए । इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने 2 –मिनट का मौन रखकर दिवंगतों की आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में सिमरन, पल्लवी, वैष्णवी, रूबी, रिमझिम, निकिता, कीर्ति, विवेक गोस्वामी,अरुण पचौरी, सुनील, हेमंत कुशवाहा , इंजी मयंक श्रीवास्तव संतोष कुमार आदि लोगो ने कैंडल जलाकर भावपूर्ण श्रदांजलि अर्पित की।

# नि :शुल्क मोतियाबिंद शिविर व महिला रोग जांच शिविर आयोजित



**सत्ता सुधार ■ झांसी»**

लायंस क्लब झांसी सेंटेनियल व पिछोर रोड स्थित मीरा देवी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर व महिला रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन क्लब अध्यक्ष लायन गोल्डी श्रीवास्तव व मीरा देवी अस्पताल के संचालक लाइन डॉक्टर रवि भाटिया ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिछोर रोड स्थित मीरा देवी अस्पताल में लगभग 15 गांव के लोगों का नेत्र परीक्षण वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जी.एस. अर्गल व महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उषा आर्कल के द्वारा किया गया। इस निशुल्क शिविर के दौरान लगभग 200 लोगों का परीक्षण किया गया. शिविर में महिलाओं को निशुल्क दवा वितरण व परीक्षण किया गया और लगभग 20 लोगों लोगों को चिन्हित किया गया जिनका मोतियाबिंद लैंस प्रत्यारोपण होना था। डॉक्टर जी.एस. अर्गल द्वारा परीक्षण करके उनको झांसी स्थित आर्य कन्या चौराहा- मां पीतांबरा अस्पताल लाया गया और उन 20 लोगों का निशुल्क लैंस प्रत्यारोपित किया गया और निशुल्क दवा वितरण की गयी। अंत में आभार व धन्यवाद क्लब सचिव लायन मनोज गुप्ता व क्लब कोषाध्यक्ष लायन विकास चौरसिया के द्वारा किया गया। शिविर का विशेष सहयोग लायन संजय सिंह , लायन हरविंदर सिंह चिब, लाइन रितेश साहू, लायन रश्मि सिंह, लायन ज्योति भाटिया, लायन डॉली श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

### कानून व्यवस्था कड़ाई से पालन हेतु गुरसरांय पुलिस ने किया पैदल गश्त

**गुरसरांय (झांसी)।** 17 नवंबर रविवार को देर शाम गुरसरांय थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय गुरसरांय पुलिस टीम के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गो, बाजार क्षेत्र सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस गश्त करते दिखे। इस दौरान इन्होंने वाहनों की चेकिंग की और दो पहिया वाहनों पर हेलमेट न पहनने वालों को सख्त हिदायत दी और दो पहिया वाहनों को गैर हेलमेट चला रहे वाहनों चालको को जब तक रोके रखा जब उनसे हेलमेट मंगवा कर खुद पहनकर वाहन चलाने की अनुमति दी इसकों लेकर गुरसरांय पुलिस का बहुत ही अच्छा संदेश गया कि खास तौर से दो पहिया वाहनों की बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट पहनने से सुरक्षित बचा जा सकता है । वहीं पुलिस का फोकस अंग्रेजी,देशी शराब की दुकानों पर शराब पीकर अराजकता पैदा करने वालों पर रहा। लेकिन पुलिस को देखते ही शराब के शौकीन दाय,वाय से भागते नजर आए।

## इनरव्हील क्लब ऑफ वीरांगना ने जेल में महिला कैदियों को आवश्यक वस्तुओं का किया वितरण



**झांसी।** इनरव्हील क्लब ऑफ वीरांगना ने जेल में रह रही महिला कैदियों को सर्दी से बचाव के लिए मोज़े, स्कार्फ, ऊनी ब्लाउस व खाने के पैकेट वितरित किए। इसमें क्लब की सदस्याओं ने अपना भरपूर सहयोग दिया। क्लब ने कैदियों की आगे की जरूरत को समझा और उसको पूरा करने का आश्वाशन दिया। ये प्रोजेक्ट अध्यक्ष सोनल अग्रवाल के नेतृत्व में पूर्ण किया गया। इसमें रेखा अग्रवाल ,शशि लता अग्रवाल ,मंजू अग्रवाल ,ममता यादव, मंजू जैन , अंजू शर्मा, बबिता जैन, ममता अग्रवाल , संगीता अग्रवाल,नमिता अग्रवाल , अजय कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार सचिव डा. नेहा जैन ने व्यक्त किया।

# विकास कार्य चढ़ा भृष्टाचार की भेंट आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण लोगों ने लगाए लापरवाही के आरोप

**सत्ता सुधार ■ पूँछ/झांसी**

पूँछ झाँसी समीपस्त ग्राम बाबई सयुक्त ग्राम पंचायत में तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण क्षेत्र पंचायत के द्वारा करवाया जा रहा है लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में बनने बाले आंगनबाड़ी केंद्रों पर ठेकेदार के द्वारा लापरवाही से एवं गुणबत्ता विहीन बनाये जाने के आरोप लगाते हुए बताया कि निर्माण के साथ ही जंगलों पर लगे छज्जे गिरने लगे है वही कुछ छज्जे जो कि सटरिंग में लगे बल्लियों के सहारे सधे हुए है ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण के दौरान मिट्टी एवं गोवर युक्त बालू का उपयोग कर कम मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया गया है वही बताया कि केन्द्र में लगे पिलर से तारो को साफ देखा जा सकता वही वताया की ऐसे भवन में अपने बच्चों को कैसे पढ़ने के लिए भेजेंगे सयुक्त ग्राम पंचायत बाबई में



निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र जो कि भृष्टाचार की भेंट चढ़ गए है जबकि निर्माण के दौरान लोगो के द्वारा उच्चाधिकारियों को भी सूचना व शिकायत की गई लेकिन जबतक भवन बन चुके थे फिलहाल सूचना लिखे जाने तक उक्त केंद्रों का निर्माण कार्य बन्द था।

**समारोह** | शिविर के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ

# निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन प्रारंभ

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

पं. बृजेन्द्र कुमार शर्मा स्मृति न्यास एवं झांसी-ललितपुर के माननीय सांसद पं. अनुराग शर्मा के सौजन्य से इस वर्ष का निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर एवं निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर झांसी में प्रारंभ हो चुका है। यह आयोजन कल्याणं करोति, मथुरा के विशेष सहयोग से लक्ष्मी व्यायाम मन्दिर इंटर कॉलेज, झांसी में आज से शुरू हुआ। इस शिविर का उद्देश्य झांसी और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजनों और नेत्र समस्याओं से पीड़ित लोगों को विशेष चिकित्सा सेवाएं और सहायता प्रदान करना है। शिविर के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे पं. बृजेन्द्र कुमार शर्मा स्मृति न्यास के न्यासी पं. आनंद शर्मा, पं. अतुल शर्मा, पं. प्रद्युम्न शर्मा, और कार्तिके शर्मा ने किया। इस अवसर पर कल्याणं करोति की पूरी टीम मौजूद रही, जो इस आयोजन में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर रही है। निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श शिविर में कुल 153 लोगों की जाँच की गई। इनमें से 89 लोगों को जाँच के उपरांत तुरंत चश्मे वितरित किए गए, जिससे उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके। इसके अलावा, निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर में 104 दिव्यांगजनों का परीक्षण हुआ। परीक्षण के दौरान कल्याणं करोति मथुरा के अनुभवी डॉक्टर पवन और डॉक्टर राजेंद्र नेत्री ने दिव्यांगजनों की विशेषज्ञता से जाँच की और उनके पैरों का नाप लिया ताकि आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें।

शिविर में उपस्थित पं. बृजेन्द्र कुमार शर्मा स्मृति न्यास के न्यासी ,समाजसेवक अतुल शर्मा ने कहा, ÷शिविर का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बनें और समाज में अपना स्थान मजबूती से स्थापित कर सकें। मैं और मेरा परिवार सदैव जनसेवा के लिए तत्पर रहते हैं और भविष्य में भी ऐसे सेवाभावी कार्य करते रहेंगे।

यह शिविर आज भी लक्ष्मी व्यायाम मन्दिर इंटर कॉलेज, झांसी में जारी रहेगा, जिसमें दिव्यांगजनों की जाँच और परीक्षण किया जाएगा। इस शिविर में सरकारी योजनाओं की जानकारी और पंजीकरण की विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला कल्याण विभाग, और स्वास्थ्य विभाग की टीमें उपस्थित रहीं। इन विभागों के अधिकारियों ने शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही, सरकारी लाभों के लिए ऑन-साइट पंजीकरण की सुविधा भी प्रदान की गई ताकि पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बुंदेलखंड सेवा मंडल के महामंत्री नरोत्तम अग्रवाल, विक्रांत सेठ, नाथू लाल, संजय पटवारी, और मनीष चौबे सहित सिविल हॉस्पिटल झांसी के चिकित्सक भी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया, जिससे प्रतिभागियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकीं।

# आमने-सामने जबरदस्त बाइक भिड़ंत में 7 हुए गंभीर घायल

**गुरसरांय (झांसी)।** 17 नवंबर रविवार को सुबह लगभग 11~00 बजे की गुरसरांय थाना क्षेत्र ग्राम भसनेह के समीप की है। जिसमें एक मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोग एवं दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय में भर्ती कराया जहां चिकित्सक द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया एवं बुजुर्ग महिला की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला महोबा थाना बेलाताल के ग्राम महुआ वाना निवासी इच्छा पुत्री हुकुम उम्र 16 वर्ष,ममता पत्नी स्वर्गीय दयाशंकर उम्र 70 वर्ष, अंजलि पत्नी सोनू उम्र 30 वर्ष, ऋषि पुत्र सोनू उम्र 7 वर्ष, विकास पुत्र हुकुमचंद उम्र 18 वर्ष ग्राम महुआ बाना से मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुरसरांय थाना क्षेत्र के ग्राम सुट्टा में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे जैसे ही वह भस्नेह गांव के समीप पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल पर सवार घसीराम पुत्र मंटी उम्र 40 वर्ष व रामपाल पुत्र सारिपाल उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बंगरा थाना गरौठा की आपस में जोरदार भिडंत हो गई। जिसमें दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार कुल 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा इसकी सूचना डायल 108 एंबुलेंस को दी।

## ब्रीफ न्यूज

### ईरान के न्यूक्लियर रिसर्च सेंटर पर इजरायली हमलाः पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर

**तेहरान।** तेहरान के पास स्थित पारचिन न्यूक्लियर फैसिलिटी पर इजरायल के हमले ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मचा दी है। इजरायली मीडिया के मुताबिक, इस हमले में ईरान के गुप्त परमाणु अनुसंधान केंद्र को गंभीर नुकसान हुआ है। यह हमला 26 अक्टूबर को 100 से अधिक लड़ाकू विमानों की मदद से किया गया। इजरायल का दावा है कि इस हमले से ईरान की परमाणु हथियार निर्माण की क्षमता को कमजोर कर दिया गया है। नष्ट हुए उपकरण परमाणु चेन रिएक्शन शुरू करने में अहम भूमिका निभाते थे। इस कार्रवाई में ईरान की मिसाइल निर्माण इकाइयों और अंतरिक्ष केंद्र को भी निशाना बनाया गया। हालांकि, ईरान ने इन दावों को खारिज करते हुए हमले से हुए नुकसान को मामूली बताया है। सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने अपनी सेना को तैयार रहने का आदेश दिया, लेकिन अब तक ईरान ने इजरायल के खिलाफ कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की है। यह खामोशी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चौंका रही है।

### हिजबुल्लाह ने पीएम नेतन्याहू के घर पर दागे 2 रॉकेट

**तेलअवीव।** हिजबुल्लाह ने एक बार फिर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर को निशाना बनाया है। उनके घर पर दो रॉकेट दागे गए हैं। दोनों रॉकेट नेतन्याहू के घर के बगीचे में गिरे, हालांकि किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। इजरायल की सेना ने घटना के बाद तुरंत इलाके की सुरक्षा बढ़ा दी और हमले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में दोनों देशों के बीच सीमा पर कई झड़पें हो चुकी हैं। यह हमले की नई कड़ी है। इजरायल ने इस हमले को गंभीर चेतावनी के रूप में लिया है और हिजबुल्लाह को परिणाम भुगतने की धमकी दी है। हमले के वक्त नेतन्याहू और उनके परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे। इससे कोई बड़ी क्षति नहीं हुई। शिन बेत ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि हमले के बाद सुरक्षा बलों ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर दी और जांच शुरू कर दी है।

### तजाकिस्तान में पुरातात्विक महत्व वाली खोज, 1,50,000 साल पुराना मिला स्थल

**दुशांबे।** तजाकिस्तान की जेरवशान घाटी में एक पुरातात्विक महत्व की ऐतिहासिक खोज हुई है। यहां पर मिले पुरातात्विक स्थल को लगभग 1,50,000 साल पुराना बताया जा रहा है। इस खोज ने करीब डेढ़ लाख साल पहले की मानव बस्तियों और उनके रहन-सहन के बारे में नई जानकारी प्रदान करने जैसा काम किया है। यह साइट सोई हवजक के नाम से जानी जाती है, और इसका पता यरूशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय और ताजिकिस्तान के राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के पुरातत्वविदों की टीम को चला। हिब्रू विश्वविद्यालय के पुरातत्व संस्थान के प्रोफेसर योसी जैडनर और ताजिकिस्तान के डॉक्टर शारोफ कुर्बानोव की टीम ने इस स्थल पर कई महत्वपूर्ण अवशेषों की खोज की है, जिनमें पत्थर के औजार, जानवरों की हड्डियाँ और प्राचीन वनस्पतियों के अवशेष शामिल हैं।



फिलीपींस के केटनडुआन प्रांत में सुपर टायफून मैन यी से टीम से बने निर्माणों को भी भारी नुकसान हुआ।

# फिलीपींस में आपदा का कहर : 250 की रफ्तार से टकराया टाइफून

## बिजली-पानी सब बंद, 5 लाख लोग बेघर

एजेंसी ■ कैटन डुआन

प्रशांत महासागर के द्वीप देश फिलीपींस को एक बार फिर भीषण प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा है। शनिवार को सुपर टाइफून मैन-यी ने देश के दक्षिणी हिस्से में 260 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराते हुए भारी तबाही मचाई। इस विनाशकारी तूफान ने 5 लाख से अधिक लोगों को प्रभावित किया, जिनमें से अधिकांश को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। टाइफून के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई है, सड़कों पर पेड़ और मलबा बिखरा पड़ा है, और कई घर नष्ट हो गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में चारों ओर अंधेरा छाया हुआ है, और हजारों लोग कम्यूनिटी सेंटर में रहने को मजबूर हैं। कैटन डुआन शहर के गवर्नर ने स्थानीय लोगों से प्रार्थना करने की अपील की है और राहत सामग्री जैसे भोजन और कपड़े दान करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। फिलीपींस की सरकारी समाचार एजेंसी पीएनए के अनुसार, उत्तरी समर और पूर्वी समर प्रांतों से करीब 44,000 लोगों को पहले ही सुरक्षित निकाला गया था। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के मरीजों और कर्मचारियों को भी सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।



आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि यह तूफान श्रेणी-5 में दर्ज किया गया है, जिसे सबसे खतरनाक श्रेणी माना जाता है। मैन-यी पिछले तीन सप्ताहों में देश को प्रभावित करने वाला चौथा और अब तक का सबसे विनाशकारी तूफान है। फिलीपींस की मौसम एजेंसी पीएजीएएसए ने कैटन डुआन के लिए सिग्नल 5 चेतावनी जारी की है, जो संभावित बड़े पैमाने पर तबाही का संकेत है। अनुमान है कि यह तूफान रविवार को मनीला के उत्तर-पूर्व हिस्से में पहुंचेगा, जिससे और अधिक इलाकों में नुकसान हो सकता है। लगातार आने वाले इन तूफानों ने फिलीपींस की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस विनाशकारी आपदा से उबरने के लिए देश को अंतरराष्ट्रीय मदद और पुनर्वास प्रयासों की आवश्यकता होगी। इस समय, फिलीपींस के लोग कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं और पूरी दुनिया से सहायता और समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं।

### 5 लाख लोग विस्थापित

देश की सरकारी फिलीपीन समाचार एजेंसी (पीएनए) के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार को देश के उत्तरी समर प्रांत से कम से कम 26,000 लोगों को निकाला गया. पीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी समर और समर प्रांतों से 18 हजार लोगों को पहले ही निकाल लिया गया था. पूर्वी समर के आर्टेचे जिला अस्पताल के मरीजों और कर्मचारियों को कम्यूनिटी हॉल में पहुंचाया गया. बताते चलें कि इस तूफान के टकाराने के बाद जन-जीवन काफी तबाह हो गया. लोगों के घर तबाह हो गए, सड़कों पर यहां-तहां पेड़ गिर गए और शहर की बिजली भी गुल हो गई. लोग अंधेरे में जीने को मजबूर हैं.

# लेबनान पर इजरायली हवाई हमले में 11 की मौत, 11 घायल

एजेंसी ■ बेरूत

लेबनान में होने वाले आतंकी हमलों ने एक बार फिर तनाव का माहौल बना दिया है। इस बार हमलों का निशाना था पूर्वी और दक्षिणी लेबनान के कई गाँवों और कस्बों पर। इजरायली हवाई और ड्रोनों ने इन स्थानों पर कई हमले किए, जिसमें एक के बाद एक अबादी को बर्बाद किया गया। पूर्वी बालबेक-हर्मेल गवर्नमेंट के एक गांव में एक विशेष घर पर हुए हमले में एक परिवार के छह लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लोग घायल हो गए। साथ ही नाबातिया नगरपालिका के गोदाम पर हुए एक और हमले में पांच कर्मचारियों की मौत हो गई। हमले में दक्षिणी लेबनान में भी नुकसान हुआ, जहां तीन पैरामेडिक्स की मौत हुई और 11 और लोग घायल हो गए। हमले के बाद भी यह पता लगाया जा रहा है ?कि इन हमलों के पीछे की यह क्या सच्चाई है और कैसे इस तरह की भयंकर हमलों को रोका जा सके। इस तनावपूर्ण माहौल में हर तरफ चिंता और आक्रोश छाया हुआ है। इसके बावजूद, सरकारें आपस में संवाद के माध्यम से संधि की उम्मीद दिखा रही हैं ताकि इस खतरनाक स्थिति का समाधान हो सके। हालांकि हमलों के कारण हुए नुकसान और बेरोजगारी की समस्याएं अब एक नई चुनौती बन चुकी हैं। विश्व की ताकतें अब एकजुट होकर इस संकट का समाधान ढूंढने का प्रयास कर रही हैं, ताकि लोगों की सुरक्षा और स्थायित्व को बनाए रखा जा सके।

# झुहाई एयर शो में रूस और चीन के लड़ाकू विमानों ने दिखाई अपनी ताकत



एजेंसी ■ बीजिंग

चीन के झुहाई शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एयर शो में रूस और चीन के उन्नत लड़ाकू विमानों ने वैश्विक सैन्य समुदाय का ध्यान आकर्षित किया। यह एयर शो विशेष रूप से इस समय आयोजित किया गया है जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं, जिसमें पश्चिम एशिया में इजरायल और ईरान के बीच तनाव और रूस-यूक्रेन युद्ध का असर शामिल है। इस एयर शो में दोनों देशों के फाइटर जेट्स ने अपनी अत्याधुनिक तकनीकों और युद्धक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। रूस का एसयू-57, जिसे पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट माना जाता है, ने एयर शो में अपनी खासियतें पेश की। इस विमान में स्टील्थ फीचर्स, सुपर मैन्युवरेबिलिटी और सुपरसोनिक क्रूज तकनीक को एक साथ जोड़ा गया है। यह लड़ाकू विमान न केवल आसमानी युद्ध में सक्षम है, बल्कि भूमि-समुद्री हमलों में भी अपनी ताकत दिखा सकता है। रूस की रोसोबोरोनएक्सपोर्ट कंपनी के सीईओ अलेक्जेंडर मिखेयेव ने बताया कि निर्यात संस्करण के लिए पहले ही कई अंतरराष्ट्रीय अनुबंधों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

इस विमान को उड़ाया रूस के टेस्ट पायलट सर्गेई बोगदान ने, जिन्होंने इसे दुनिया के सबसे बेहतरीन लड़ाकू विमानों में से एक बताया। उनका दावा था कि एसयू-57 किसी भी मौजूदा विमान, जैसे कि चीन का जे-35, से श्रेष्ठ है। चीन ने भी इस एयर शो में अपने नए स्टील्थ फाइटर जे-35ए और जे-15टी का प्रदर्शन किया। जे-35ए पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है, जो विशेष रूप से स्टील्थ और कैरियर-ऑपरेशन के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# मिस यूनिवर्स 2024 का ताज डेनमार्क की विक्टोरिया कजेर के सिर पर सजा

एजेंसी ■ लंदन

मिस यूनिवर्स 2024 की घोषणा हो चुकी है, और इस बार की विजेता मिस डेनमार्क बनी हैं। यह प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता का 73वां संस्करण था, जो मैक्सिको सिटी, मैक्सिको में एरिना सीडीएमएक्स में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में इस वर्ष 125 देशों की सुंदरियों ने भाग लिया, और मिस डेनमार्क ने मिस यूनिवर्स का ताज जीतने में सफलता हासिल की।



इस साल के टॉप रनर-अप में नाइजीरिया की चिडिम्मा अडेटशिना को पहली रनर-अप, मैक्सिको की मारिया फर्नांडा बेल्ट्रान को दूसरी रनर-अप, थाईलैंड की ओपल सुचाता चुआंगस्री को तीसरी रनर-अप और वेनेजुएला की इलियाना मार्केज़ को चौथी रनर-अप का खिताब मिला। इस ग्रांड फिनाले में भारत की रिया सिंघा ने भी भाग लिया था और टॉप 30 में अपनी जगह बनाई थी, लेकिन टॉप 12 में प्रवेश नहीं कर पाईं। रिया सिंघा की इस उपलब्धि को भारतीय दर्शकों ने सराहा, हालांकि वे फाइनल दौर में जगह बनाने में नाकामयाब रहीं। मिस यूनिवर्स 2024 में खास बात यह रही कि इस बार का ताज 'लुमिएरे डे ल'इनफिनी' नामक क्राउन था, जिसका अर्थ है अनंत का प्रकाश। यह ताज महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है और इसमें हीरे के साथ-साथ 23 गोल्डन साउथ सी पर्ल्स भी जड़े गए हैं। इस खूबसूरत क्राउन को फिलिपिनो कारीगरों ने पारंपरिक तकनीक से दो साल में तैयार किया। पिछले साल की मिस यूनिवर्स विजेता शेन्निस पालासियोस ने इस वर्ष की विजेता को ताज पहनाया। इस समारोह में न केवल सुंदरता, बल्कि महिलाओं की शक्ति और आत्मविश्वास को भी सम्मानित किया गया।

### ट्रंप की कैबिनेट पर सवालः कोई यौन दुराचार में फंसा तो कोई ड्रग मामले में घिरा

**वॉशिंगटन।** नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कैबिनेट को लेकर विवाद बढ़ने लगा है। वजह ये है कि कोई नाबालिग के यौन शोषण में फंसा हुआ है तो कोई ड्रग के कारोबार से जुड़ा रहा है। ऐसे में ट्रंप के कैबिनेट पर विरोधी लगातार सवाल उठा रहे हैं। ट्रंप के नामित उम्मीदवार मैट गेट्ज, जिन्हें अटॉर्नी जनरल बनाया जा रहा है, यौन दुराचार और ड्रग के इस्तेमाल के आरोपों के चलते चर्चा में हैं। गेट्ज के खिलाफ नाबालिग लड़की के साथ संबंध बनाने का गंभीर आरोप है, जिसे वह खारिज कर चुके हैं।इसके अलावा, उनकी प्रशासनिक योग्यता और अनुभव पर भी सवाल उठ रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और सीनेटरों ने गेट्ज की नियुक्ति पर नाराजगी जाहिर की है। सीनेट में उनकी नियुक्ति को मंजूरी देने के लिए 51 वोटों की आवश्यकता है, लेकिन पार्टी के भीतर से ही विरोध बढ़ता जा रहा है।



होंडूरास में तूफान सारा के आने से बेघर हुए लोग एक शेल्टर होम में आराम करते हुए।

**समझौता** पाकिस्तान में अराजकता की हो सकती है शुरुआत

# इमरान खान और पाक सेना के बीच सुलह की उम्मीद खत्म

एजेंसी ■ रावलपिंडी

पाकिस्तान सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ किसी भी तरह की सुलह या समझौते की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है। यह फैसला इमरान खान के राजनीतिक भविष्य के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान ने अदियाला जेल में अपनी पार्टी के नेताओं के साथ बैठक में सेना से समझौता करने की इच्छा जताई थी। उन्होंने यह भी कहा कि वह बिना शर्त बातचीत करने को तैयार हैं। हालांकि, पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए कहा कि इमरान खान के खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।



सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इमरान खान चाहते हैं कि हर कोई कानून का पालन करे, लेकिन खुद कानून से ऊपर होने की कोशिश करते हैं। उन्होंने अपनी रिहाई के लिए सेना से बिना शर्त समझौते की पेशकश की थी, लेकिन यह स्वीकार्य नहीं है। गौरतलब है कि इमरान खान ने पहले सेना और मौजूदा आर्मी चीफ जनरल सैयद असीम मुनीर पर सत्ता से बेदखल करने और मौजूदा हालात के लिए जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने सेना पर अमेरिकी साजिश का भी आरोप लगाया था। +पीटीआई के नेताओं का कहना है कि खान का ध्यान सेना के साथ सुलह पर है, क्योंकि उनका मानना है कि वास्तविक शक्ति सेना के पास है, न कि सत्तारूढ़ सरकार के पास। हालांकि, सेना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इमरान खान के साथ किसी भी तरह की चर्चा या समझौता नहीं होगा। इमरान खान पर 100 से अधिक मामले चल रहे हैं और वह भ्रष्टाचार के आरोप में एक साल से अधिक जेल में रह चुके हैं।

मई 2023 के दंगों और देशद्रोह के मामलों में उन पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलने की संभावना है। इस घटनाक्रम के बाद पाकिस्तान की राजनीति में और अस्थिरता आने की संभावना है, क्योंकि इमरान खान की पार्टी पीटीआई पहले से ही दबाव में है। यह देखना बाकी है कि इमरान खान और उनकी पार्टी इस चुनौती का सामना कैसे करती है।

# वूशी में छात्र ने चाकू से किया हमला, 8 की ली जान

एजेंसी ■ बीजिंग

चीन के जियांग्सू प्रांत के वूशी शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। वूशी वोकेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी में शनिवार शाम एक 21 वर्षीय छात्र ने चाकू से हमला कर 8 लोगों की हत्या कर दी और 17 को घायल कर दिया। यीशिंग पुलिस ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध की पहचान शू सरनेम वाले छात्र के रूप में हुई है। यह छात्र कॉलेज से ग्रैजुएशन की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन परीक्षा में फेल होने के कारण उसे डिग्री नहीं दी गई। इसके अलावा, इंटर्नशिप के दौरान मिलने वाले पैसे भी कम कर दिए गए थे, जिससे वह बेहद नाराज था। शू ने अपनी नाराजगी में यह भयावह कदम उठाया। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। इस घटना से पहले, इसी हफ्ते दक्षिणी चीन के झुहाई में एक और दुखद वारदात हुई थी। मंगलवार को एक स्पोर्ट्स सेंटर के बाहर भीड़ में एक एसयूवी गाड़ी घुसा दी गई, जिसमें 35 लोगों की मौत हो गई और 43 घायल हो गए। पुलिस ने 62 वर्षीय आरोपी फैन को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि फैन ने जानबूझकर इस घटना को अंजाम दिया था।

# बटेंगे तो कटेंगे योगी की शीर्ष नेतृत्व को चुनौती

योगी आदित्यनाथ ने अपने ठेठ अंदाज़ में महाराष्ट्र चुनाव में बटेंगे तो कटेंगे नारा दोहराया जबकि यही नारा योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिन्दुओ को मारे जाने के रोष में लगाया था। अब महाराष्ट्र चुनाव में यही नारा लगाते हुए चुनाव में सरगर्मी तेज़ करते हुए हिन्दुओ को एकजुट रहने का आव्हान किया। योगी के नारे को काउंटर करते हुए सारा विपक्ष आड़े हाथों ले रहा है। तो पीएम मोदी ने एक हैं तो सेफ हैं का नारा देकर महाराष्ट्र चुनाव को मराठी अस्मिता की पिच से अपनी पिच पर ले आए। दर-असल मोदी एवं भाजपा को हिन्दू - मुस्लिम के मुद्दे पर खासा फ़ायदा होता है। मोदी को पता है कि 1995 से महाराष्ट्र में पूर्ण बहुमत किसी को नहीं मिलता, महाराष्ट्र में सहयोगी दलों की निर्भरता बहुत मायने रखती है। अतः मोदी महाराष्ट्र में अपनी पार्टी की स्थिति मजबूत करना चाहते हैं। लेकिन ऐसे कट्टर नारे हिन्दी पट्टी में तो ख़ासे असरकारक हो सकते हैं, लेकिन महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ये नारे इतने प्रभावी नहीं होते। मोदी को पता है कि अजीत पवार ग़र इस नारे से दूरी बनाए हुए हैं लेकिन शिंदे की शिवसेना का भरपूर सर्मथन मिलेगा। वहीं मोदी योगी से हटकर नारा गढ रहे हैं, जो उनकी अदावत को जाहिर कर रहा है।

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच डिप्टी सीएम और भाजपा-शिवसेना गठबंधन महायुति में शामिल अजित पवार ने कहा कि, बटेंगे तो कटेंगे का नारा उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में चलता होगा, ये महाराष्ट्र में नहीं चलेगा। मैं इसका समर्थन नहीं करता. हमारा नारा है- सबका साथ सबका विकास.. हम सबको साथ लेकर चलने वाले हैं. दरअसल अजीत पवार भाजपा के साथ होकर भी अपनी अलग लीक पर चलते हुए राजनीति करना चाहते हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में बाहर के लोग आकर ऐसे विचार बोल जाते हैं, दूसरे राज्यों के बीजेपी सीएम तय करें कि उन्हें क्या बोलना है। अजित पवार ने कहा कि हम महायुति में एक साथ काम कर रहे हैं, लेकिन हमारी पार्टियों की विचारधारा अलग-अलग है। हो सकता है कि दूसरे राज्यों में यह सब चलता हो, लेकिन महाराष्ट्र में ये काम नहीं करता। दूसरे राज्यों के बीजेपी मुख्यमंत्रियों को तय करना चाहिए कि क्या बोलना है। अजित



पवार ने भले ही जुलाई 2023 में चाचा शरद पवार से बगावत कर ली, मगर वह जानते हैं कि सीनियर पवार के खिलाफ बोलना पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। बीजेपी समेत महायुति के किसी नेता का बयान शरद पवार के प्रति सहानुभूति की लहर पैदा कर सकता है। 2019 के चुनाव में शरद पवार ने सतारा की एक सभा में भीगते हुए भाषण दिया, इसके बाद एनसीपी को 54 सीटों पर जीत मिली। बीजेपी के हाथ से बाजी फिसल गई थी। अजित पवार इस घटना को भूले नहीं हैं। बगावत करने वाले 41 विधायक भी शरद पवार का सम्मान करते हैं।

# घर का सपना पूरा करेगी मोहन यादव सरकार



▪ निलय श्रीवास्तव

**यह बदलाव का दौर है। देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश भी बदल रहा है। यह प्रदेश सभी का अपना है क्योंकि यहाँ सबको समान भाव से देखा जाता है। बिना किसी भेदभाव की भावना के अनुरूप कार्ययोजनायें एवं नीतियां बनाकर अमल में लायी जा रही हैं।**

कुछ मामलों में नवीन अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं, जो दूसरें राज्यों के लिये नजीर बन रहे हैं। मध्यप्रदेश विकास की ऊँचाईयों को स्पर्श कर रहा है। यहाँ पिछले कुछ समय से सर्वहारा वर्ग के लिये उल्लेखनीय काम हुए हैं। सरकार की चिंता कमजोर वर्ग के प्रति अधिक है। इस वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये सारे जतन किये जा रहे हैं। सरकार का इरादा साफ तौर पर सबको साथ लेकर चलने का है। प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को समृद्धशाली, आत्मनिर्भर बनाने के लिये अनेक योजनायें, कार्यक्रम चलायें जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में प्रदेश का वह बड़ा तबका लाभान्वित होगा जिसके पास स्वयं का मकान नहीं है। कहने के लिये वह अस्थायी मकान में निवास कर रहा है, अब उसे पक्के मकान का मालिकाना हक देने के लिये वृहद कार्ययोजना पर नीतिगत निर्णय लेकर काम में तेजी लायी जा रहा है। सरकार ने एक अभिनव योजना तथा नीति तैयार कर प्रदेश के अस्थायी मकानों में रहने वाले लोगों को स्वयं का मकान देने के लिए प्रयास तेज किये हैं। इसके अंतर्गत शुरुआत राजधानी भोपाल से की जा रही है ।

भोपाल में तीस हजार झुग्गीनुमा आवासों को चिन्हित कर सर्वे कार्य कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर उन्हें स्वयं का पक्का मकान देना निर्धारित किया गया है। योजना का सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय पहलु यह है कि कमजोर वर्ग के झुग्गीनुमा मकानों को तोड़ने से पहले उनके लिये तैयार मकान उन्हें रहने के लिये उपलब्ध कराये जायेंगे। यह अभिनव प्रयोग पहली बार मोहन यादव सरकार ने कर दिखाया है। वरन् इससे पूर्व पहले झुग्गीवासियों के घर तोड़े जाते थे फिर लम्बे इंतजार के बाद उन्हें रहने के लिये मकान उपलब्ध कराये जाते थे। इससे गरीब तथा कमजोर तबके के लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस बार मोहन यादव सरकार ने जो योजना तैयार की है उससे इस वर्ग को राहत भरी उम्मीद है। यह प्रदेश के लोगों का सौभाग्य है कि सरकार ने उनकी परेशानी को समझा।

प्रसंगवश यहाँ बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अनेक लोगों को मिल रहा है, लेकिन अभी ऐसे लोगों की संख्या भी बहुतायत है जिन्हें सिर पर छत



नसीब नहीं है। इसे ध्यान में रखकर अब नित् नये प्रयास किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की लोकप्रियता सभी ने देखी है। यह जनकल्याणकारी योजना है जिसका लाभ मध्यप्रदेश के कमजोर तबके को मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसके लिए बधाई और प्रशंसा के पात्र हैं। उनसे ही प्रेरणा लेकर मध्यप्रदेष की मोहन यादव सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गरीब और कमजोर तवके के लोगों को पक्के मकान देने के लिये अपनी पूरी सहभागिता निभायी है।

सरकार ने सुनिष्चित किया है कि उक्त योजना के तहत् ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाले मकानों की संख्या बढ़ाकर 3.50 लाख की जाये। यह संख्या पूर्व में 2 लाख थी। साथ ही ग्रामीण इलाकों में बन रहे प्रत्येक आवास के लिये मध्यप्रदेष सरकार ने 1.50 लाख रूपये तथा षहरी क्षेत्र के प्रत्येक आवास के लिये 2.50 लाख रूपये की आर्थिक मदद देने का निर्णय लिया है। यहाँ बता दें कि केन्द्र सरकार की अनेक योजनाओं और वृहद कार्यक्रमों का लाभ समय-समय पर मध्यप्रदेश को मिला है। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् इस प्रदेश के लोगों को अपेक्षानुरूप लाभ मिलेगा। सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश से बेहद लगाव रखते हैं, वे समय-समय पर यहाँ भ्रमण कर विकास सम्बंधी कार्यों की जानकारी लेते रहते हैं। यहाँ बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है । योजना का उद्देश्य साफ है, प्रत्येक जरूरतमंद के पास स्वयं का मकान हो। सरकार का लक्ष्य 4 करोड़ पक्के आवास बनाने का है। इसके अंतर्गत काम बड़ी तेजी से चल रहा है। लगभग पौने दो करोड़ मकानों का निर्माण हो चुका है, शेष पर काम तेज गति से चल रहा है।

अनुमानतः 2027 तक लक्ष्य को पूरा कर लिया जायेगा। इस तरह योजना की सफलता परिलक्षित हो रही है। हालांकि परिणाम मिलने में थोड़ा समय लगेगा लेकिन कार्ययोजना को लेकर लोगों में संतोष बरकरार है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सरकार बेघर लोगों को तो अपना घर बनाकर दे ही रही है साथ ही उन लोगों को सब्सिडी भी देती है जो लोग लीज पर घर या फ्लैट खरीदते हैं।

घर खरीदने और उसके निर्माण के लिये पात्र शहरी गरीबों को होम लोन पर क्रेडिट लिंक सब्सिडी मिलती है । प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पहले सिर्फ गरीब लोगों के लिये ही था लेकिन अब होम लोन की रकम बढ़ाकर शहरी इलाकों के गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को भी इस दायरे में लाया गया है। प्रारम्भ में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत होम लोन की रकम 3 से 6 लाख रूपयों तक थी जिस पर ब्याज पर सब्सिडी दी जाती थी। अब इसे बढ़ाकर 18 लाख तक कर दिया गया है। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत कार्य बड़ी तेजी से क्रियान्वित हो रहा है। प्रदेश में आवास निर्माण का काम न केवल तेज गति से हो रहा है बल्कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# अमरीका में शरण मांगने वालों में 855 फीसदी की वृद्धि

एक समय था जब ब्रिगेडियर उस्मान को बंटवारे के समय पाकिस्तान का सेनाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन उन्होंने यह कहकर इनकार कर दिया था कि भारत मेरा देश है इस धरती में मेरे बुजुर्ग दफन हैं।उन्होंने पाकिस्तान का सेनाध्यक्ष बनने की बजाय भारत का ब्रिगेडियर बना रहना स्वीकार किया और अपना नौसेरा बचाने के लिये शहीद हो गये।वह त़ो अनिश्चितता का समय था,जान-माल का खतरा था किंतु आज तो निश्चंतता का समय है। संवैधानिक और नियामक संस्थायें देश को आजादी के प्रति सजग कर रहीं हैं ऐसे दौर में कुछ खबरें हैरान भी करतीं हैं और चिंतित भी।



संसद में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया है कि पिछले 10 सालों में लगभग 15 लाख भारतीय नागरिकों ने देश की नागरिकता त्याग दी है ।इससे भी जो ज्यादा चिंताजनक आंकड़ा है वह यह कि अमेरिका में शरण मांगने वाले भारतीयों की संख्या में 855 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। विदित हो कि अमेरिका में शरण मांगने वाले दो तरह से शरण के लिए आवेदन करते हैं एक तो वह जिन्हें एफर्मेटिव कहा जाता है और दूसरा वे जिन्हें डिफेंसिव कहा जाता है यानि सुरक्षा की दृष्टि से वे अमेरिका में शरण की गुहार लगाते हैं अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की इमीग्रेंट एनुअल फ्लो रिपोर्ट बताती है कि 2023 में अमेरिका में शरण चाहने वाले आवेदकों में 41हजार 330 भारतीय शामिल थे जो कि 2022 की तुलना में 855 फ़ीसदी ज़्यादा है और भी आश्चर्यजनक बात यह है कि इसमें से आधे आवेदक गुजरात राज्य के हैं।जहां 2014 के बाद समृद्धि का विस्फोट हुआ है। समझना जरूरी है कि उन भारतीयों ने क्योंकर सुरक्षा एसाईलम के लिये आवेदन किया है वर्ष 2022 में शरणार्थी के रूप में आवेदन करने वाले 14 हजार 570 भारतीयों में से 9200 ने डिफेंसिव एसाईलम यानि सुरक्षा शरण का आवेदन किया है।

भारत की अर्थव्यवस्था के उछालें भरने के दावे ,आम नागरिक के लिये सुरक्षा की गारंटी और बेहतर अवसरों के प्रचार के बीच भी अगर 41हजार 330 नागरिक अमरीका में शरण मांग रहे हैं और उनमें भी 50त्न से अधिक सुरक्षा कारणों से तो यह पड़ताल का विषय होना ही चाहिए इन सुरक्षा शरण चाहने वाले भारतीयों को देश में क्या खतरा लग सकता है उनमें से आधे उस राज्य से क्यों हैं जिसमें सर्वाधिक विकास के दावे किये जा रहे हैं

भूपेन्द्र गुप्ता

अमरीका में एलपीआर रिपोर्ट के अनुसार लगभग 28 लाख भारत में जन्मना नागरिक रहते हैं जो मेक्सिको में पैदा हुए अमरीकी नागरिकों के बाद सर्वाधिक संख्या है।अकेले 2022 में ही 1लाख 28 हजार 878 मेक्सीकन,65 हजार.960 भारतीय,53 हजार 413 फिलिपाईन नागरिकों को अमरीकी नागरिकता के लिये न्यूट्रिलाईज किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सामान्यतःआर्थिक ,शैक्षणिक अवसरों और राजनैतिक स्थिरता को देखते हुए सुरक्षित भविष्य की तलाश में लोग अपनी नागरिकता त्याग करने का कठिन फैसला लेते हैं।अमरीका में रहने वाले 28 लाख 31 हजार 330 भारतीयों में 42 फीसदी भारतीय , अमरीकन नागरिकता के लिये अपात्र हैं। इसके बावजूद भारतीय ब्रेन इतनी बड़ी तादाद में जोखिम क्यों उठा रहा है मोटा-मोटी सभी देशों से आर्थिक प्रवासी अवसरों की तलाश करते हैं जिसमें आऊटफ्लो और इनफ्लो की मात्रा देश की वास्तविक परिस्थितियों का बखान कर देती है। जिन 10 वर्षों में 15 लाख भारतीयों ने नागरिकता छोड़ने का आवेदन किया है उसी दौरान विगत पांच सालों में मात्र 5 हजार220 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई है उनमें 4 हजार 552 यानि 87 फीसदी तो पाकिस्तानी, 8 फीसदी अफगानिस्तानी और 2 फीसदी बंगलादेशी हैं। इसका अर्थ है कि भारतीय नागरिकता त्यागने वालों के मुकाबले भारतीय नागरिकता चाहने वालों की संख्या 1 प्रतिशत भी नहीं है। लंदन की हेनली एंड पार्टनर की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग 7 हजार सुपर रिच धनाढ्य भारत की नागरिकता छोड़ सकते हैं।सरकार ने राज्यसभा में बताया है कि वह इन लोगों की व्यावसायिक पृष्ठभूमि के बारे में अनभिज्ञ है।भारतीय टेक्स कानूनों,स्वास्थ्य सुविधाओं और इनवेस्टमेंट माईग्रेशन नागरिकता त्यागने की नयी बजह के रूप में सामने आ रही है। मेहुल चौकसी जैसे लोग इसी इवेस्टमेंट माईग्रेशन के नाम पर भाग खड़े हुए हैं।

नागरिकता छोड़ने का एक कारण यह भी है कि कई देश दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करते,दूसरा बड़ा कारण अन्य देशों में निर्वाध आवाजाही के लिये भारतीय पासपोर्ट पर केवल 60 देशों में बीजा फ्री या आगमन पर बीजा सुविधा उपलब्ध है जबकि अमरीकन पासपोर्ट पर 186 देशों में यह सुविधा प्राप्त है। जन्म से भारतीय विदेशी नागरिकों को भारत में ओसीआई( ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है ) माना जाता है।गृह मंत्रालय ने सदन को जानकारी दी है कि आज ओसीआई की संख्या 1लाख 90 हजार है जो 2005 में मात्र 300 हुआ करती थी।इसका अर्थ है कि लगभग 8 फीसदी नागरिकता त्यागने वाले भारतीय ही ओसीआई के रूप में देश से जुड़े रहना चाहते हैं।

अवसरों की तलाश और बेहतर जीवन की महत्वाकांक्षा मानव स्वभाव है किंतु जब अवसर देश से बड़ा बनने लगे तो मानिये चिंता का समय आ गया है।

## राजकाज



### देश को गौरवांवित करता पीएम मोदी का सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नाइजीरिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ नाइजर (जीसीओएन) से सम्मानित किया गया है। यहां बताते चलें कि नाइजीरिया के इस प्रतिष्ठित सम्मान को पाने वाले पीएम मोदी दूसरे विदेशी नेता हैं। इससे पहले 1969 में यह सम्मान ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को दिया गया था। नाइजीरिया यह सम्मान विदेशी नेता को उनके योगदान और वैश्विक संबंधों को मजबूत बनाने के लिए देता आया है। वैसे पीएम मोदी को वैश्विक स्तर पर मिले सम्मानों में यह 17वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को रेखांकित करने वाला है। वैसे भी पीएम मोदी का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला प्रत्येक सम्मान देश को गौरवांवित करता है।

### गजब नेता का अजब बयान

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री डॉ. जसवंत यादव ने एक अजीब बयान देते हुए कहा कि यह तो तय है कि उनके होते हुए टिकट किसी और को मिलेगा नहीं। वोटिंग से फैसला तो भले ही जनता करेगी, लेकिन टिकट तो मेरा कटने वाला नहीं है। इसके आगे उन्होंने कहा कि मुझे कुछ हो गया या मर गया तो मरे हुए के छोरे को टिकट जरूर मिलेगा। इसलिए विरोधियों की दाल तो गलेगी नहीं। नेताजी के इस अजब बयान से वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ता हैरान और परेशान हो गए। इस पर कहने वाले यही कह रहे हैं कि गजब के नेताजी ने जो कहा वह सभी नेताओं के मन की बात है, क्योंकि कोई नहीं चाहता कि सत्ता उनके हाथ से जाए और यदि वो जाएं तो उनकी जगह उनका अपना बेटा-बेटी या परिवार का ही कोई सदस्य ले।

### मणिपुर हिंसा का असर तो नहीं...

शुक्रवार से एक बार फिर मणिपुर में हिंसा का दौर शुरु हो गया है। राज्य में हालात बेकाबू होते दिखे हैं। कहा जा रहा है कि अब इसकी आंच केंद्र तक पहुंच रही है। कहने वाले तो कह रहे हैं कि यही कारण है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को विदर्भ की चुनावी सभाओं को रद्ध कर दिल्ली पहुंचना पड़ा। दरअसल रविवार सुबह को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के विदर्भ की सभी चुनावी रैलियां रद्द कर नागपुर से सीधे दिल्ली वापस पहुंच गए। यही नहीं बल्कि शाह के दिल्ली पहुंचने के बाद ही सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल को मणिपुर के लिए रवाना किया गया। इस घटनाक्रम को देखते हुए कहा जा रहा है कि यह सब मणिपुर हिंसा का असर नहीं तो फिर क्या है?

### मंत्री का इस्तीफा आप में भगदड़ की शुरुआत?

खबर है कि दिल्ली के परिवहन मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने के साथ ही गहलोत ने जो पत्र लिखा उससे स्पष्ट है कि इस्तीफे की वजह, लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं कर पाने की मजबूरी है। उन्होंने आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिख अपने निर्णय से भी अवगत करा दिया है।

## फीचर



# इस प्रकार करें जुड़वा बच्चों की देखभाल

**बच्चों को पालना आसान नहीं होता है। फिर चाहे एक ही बच्चा एक ही क्यूं ना हो। ऐसे में अगर आपका साथी भी नहीं है तो मुश्किलें थोड़ी बढ़ सकती है। पर आप परेशान ना हो।**

दोनो बच्चों की परवरिश के लिए आप किसी अन्य परिवारजन या दोस्त की मदद ले सकती है। हो सकता है वो रातभर आपके पास ना रूक सकते हो पर दिन में तो आपके लिए बाहर से सामान लाने और खाना बनाने जैसे कामों में मदद कर सकते है। अगर आपके लिए संभव हो तो आप आय रख लें। वो भी आपके लिए सुविधाजनक रहेगी। अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज को अपने जुड़वा बच्चों-मैक्स और एमी की परवरिश अकेले ही कर रहीं है। ऐसी कई महिलाएं है जो अपने जुड़वा बच्चों को अकेले पाल रहीं है, उनकी परवरिश के लिए कुछ तरीके जो मददगार साबित हो सकते है।

**क्लब में शामिल हो**

जुड़वा बच्चों की परवरिश के लिए बाजार में कई तरह की किताबें मौजूद है, आप बच्चों के जन्म से पहले ही उनको जरूर पढ़े। ये आपको बहुत काम आएगी। साथ ही पता करे अगर आपके आसपास जुड़वा बच्चों के लिए कोई क्लब हो तो उसे ज्वाइन कर लें। ये आपकी मेहनत को भी बचाएगा साथ ही बच्चों के लिए भी बेहतर रहेगा।


**धैर्य रखें**

ध्यान रहें कि बच्चा एक ही क्यों ना हो तब भी उसकी परवरिश के लिए बहुत धैर्य रखना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके जुड़वा बच्चे है तो आपको ज्यादा धैर्य का रखने की जरूरत पड़ेगी। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो बहुत जल्दी आपको चिड़चिड़हट का अनुभव होने लगेगा। जो आपकी परेशानी को बांटने के अलावा कुछ नहीं करेगा। अपने मां-बाप से बात करें, उनसे टिप्स लें। आपको बहुत आसानी होगी।

## प्रेरणा

# आहार का असर

आदमी बीमार हो गया। रक्त चढ़ाने की जरूरत हुई। डॉक्टर रक्त चढ़ाता है, तो पहले वह ग्रुप मिलाता है। किस ग्रुप का रक्त है ठीक मिलेगा या नहीं सेठ को रक्त चढ़ाना था- एक कंजूस आदमी का रक्त ठीक मिला, चढ़ाया गया। सेठ को पता चला कि उसको कंजूस का रक्त चढ़ाया जा रहा है। सेठ बड़ा उदार था। अपने मुनीम को कहा, उसको तीन हजार रूपए दे दो। भाग्य की बात, दूसरी बार फिर खून चढ़ाने की जरूरत हुई। उसी कंजूस का रक्त। सेठ ने कहा, उसे सौ रूपए दे दो। तीसरी बार जरूरत हुई तो सेठ ने एक कागज लिया और उस पर लिखा साधुवाद, धन्यवाद!



ऐसा क्यों हुआ सेठ तो उदार था, किन्तु जिसका रक्त चढ़ाया जा रहा था, वह कंजूस था। उसका इतना प्रभाव हुआ कि जब तक रक्त का पूरा प्रभाव नहीं हुआ तो तीन हजार रूपए दिए, थोड़ा प्रभाव हुआ तो सौ रूपए और पूरा प्रभाव हुआ त़ो धन्यवाद दिया।

कहने का अर्थ यह कि चाहे रक्त हो, चाहे कोई दूसरी वस्तु हो, हमारे शरीर में बाहर के जो परमाणु प्रवेश पाते हैं, वे परमाणु जिस प्रकार के होते हैं, अपना प्रभाव डाले बिना नहीं रहते। इसलिए यह विषय हमारे लिए इतना महत्व का है कि बाहर से क्या आ रहा है, हम पूरा विवेक करें, पूरी छानबीन करें, तब ही किसी बात को स्वीकार करें। हम इस बात को अस्वीकार नहीं करेंगे कि भोजन के परमाणुओं में अनेक तत्व विद्यमान होते हैं, अनेक संस्कार मिले होते हैं। उन संस्कारों का असर हमारे जीवन के दैनिक क्रियाकलापों पर पड़ता है। इससे हम अछूते नहीं रह सकते।

## अपनी बात



उद्धव ठाकरे ने कहा कि चंद्रचूड़ साहब न्याय देने के बजाय एक टिप्पणीकार बन गए हैं। अगर वह न्यायाधीश की जगह कानून के शिक्षक होते, तो उन्हे शायद कहीं अधिक प्रसिद्धि मिलती। उन्होंने वर्तमान भाजपा नेतृत्व को धूर्त करार देते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व सम्मान देता है और सहमति के साथ काम करता है। उद्धव ठाकरे ने कहा राहुल, सोनिया, प्रियंका और खरगे ने हमेशा बहुत सम्मान दिखाया है, भले ही हम सत्ता में नहीं हैं।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पीएम साहब एक भी आरोप सिद्ध कर दें तो मैं हमेशा के लिए राजनीति छोड़ दूंगा। शनिवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में सीएम सिद्धारमैया ने चुनौती दी कि प्रधानमंत्री को अपने आरोप साबित करें। बता दें कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होना है। सीएम सिद्धारमैया ने शनिवार को सोलापुर में महा विकास अघाड़ी के लिए प्रचार करने पहुंचे थे।

## ब्रीफ न्यूज

### जम्फर जोड़ते में लगे करंट से युवक की मौत

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में डीपी पर जम्फर जोड़ते समय गंभीर रुप से घायल एक युवक की रास्ते में ही मौत हो जाने का समाचार है। फतेहगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सरखेड़ी निवासी जाहदा पुत्र कृष्णा 40 वर्ष गत दिवस अपरांह में डीपी पर बिजली सप्लाई चालू करने के लिए जम्फर जोड़ने के लिए चढ़ा था। इसी दौरान अचानक लगे करंट से वह गंभीर रुप से घायल हो गया था, जिसे कि परिजन उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ला रहे थे कि इसी दौरान रास्ते में उसने दम तोड़ दिया, जिस पर से चिकित्सक ने जिला चिकित्सालय में प्रथम दृष्टि जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### मावन की किराना दुकान में चोरी

**गुना।** कैंट थाना अंतर्गत ग्राम आवन में अभी हाल ही में किराना दुकान के ताले चटकाकर अज्ञात बदमाशों द्वारा लाखों रुपये की नगदी व किराना सामान चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है, हैरत की बात यह है कि फिलहाल पुलिस ने आवेदक को लेखी आवेदन देकर चलता कर दिया है। असल में मामला यह है कि मावन का रहने वाला श्रीकिशन कुशवाह गांव में ही किराने की दुकान चलाता है, वह रोजाना की तरह विगत 13 नवंबर की रात में दुकान बंद कर घर चला गया था और अगले दिन 14 नवंबर की सुबह रोजाना की तरह वह दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो उसे ताले चटके हुए मिले, यह देख हैरान-परेशान श्रीकिशन ने जब दुकान खोलकर जब निगाहें डालीं, तो ना केवल पूरा का पूरा सामान बिखरा हुआ था, अपितु अज्ञात बदमाश दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरों की डीबीआर तक चोरी कर ले गए थे, इस दौरान अज्ञात बदमाश दुकान रखे 4 लाख रुपये नगद, चांदी के दो सिक्के के अलावा लगभग 40 हजार रुपये का किराने का सामान भी ले उड़े। इस आशय की सूचना श्री किशन ने तुरंत कैंट पुलिस को भी दी। लेकिन दुकान में इतनी अधिक नगदी रखने और उसके चोरी चले जाने को लेकर फिलहाल पुलिस लेखी आवेदन लेने के बाद खुद आवेदक से ही पूछताछ करती नजर आ रही है, जिसमें कि उसने किसी जरुरी काम से 4 लाख रुपये एकत्रित कर दुकान में रख जाने की बात कही है फिलहाल पूरा मामला पुलिस की जांच-पड़ताल में ही है।

### कराहल में दोनो पक्षो की रिपोर्ट पर क्रॉस प्रकरण दर्ज

**श्योपुर।** जिले के कराहल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिलपुरी में घास में पानी देने की बात को लेकर शनिवार को सुबह 7 बजे दो पक्षो में मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनो पक्षो की रिपोर्ट पर क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले पक्ष के फरियादी बृजेश पुत्र लालाराम यादव उम्र 40 साल ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपीगण दुर्ग यादव, मुलायम, वीरसिंह यादव, कल्लू यादव ने घास में पानी छोडने की बात को लेकर गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है पुलिस ने मामले में आरोपियों खिलाफ धारा 296,115 (2), 351 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया।

# चौड़ा खेड़ी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर दावत पुरा करने की मांग

सत्ता सुधार ■ राघौगढ़




कोटा से बीना रेल लाइन पर रुठियाई से धरनावदा के बीच क्रॉसिंग स्टेशन चौड़ा खेड़ी का नाम दावतपुरा करने, चौड़ा खेड़ी एवं धरनावदा रेलवे स्टेशनों को कोटा मंडल से भोपाल मंडल में सम्मिलित करने की मांग रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य विजय कुमार जैन ने की है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को भेजे पत्र में विजय कुमार जैन ने उल्लेख किया है पश्चिम मध्य रेल्वे मंडल कोटा के अंतर्गत रुठियाई एवं धरनावदा के बीच क्रॉसिंग स्टेशन चौड़ा खेड़ी का निर्माण वर्ष 2014-15 में हुआ है। इस स्टेशन का निर्माण राघौगढ़ तहसील के पटवारी हल्का नंबर 10 दावतपुरा में किया गया है ।जिस समय स्टेशन का निर्माण किया जा रहा था,उस समय दावतपुरा के सरपंच नरेन्द्र सिंह चौहान एवं ग्रामीणों को रेल प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया था, कि स्टेशन का नाम बदलकर दावत पुरा कर दिया जाएगा। आपने नरेन्द्र सिंह चौहान का पत्र भी संलग्न किया है।पिछले 10 वर्ष से यह मांग चलती आ रही है। मध्य प्रदेश शासन कहता है कि स्टेशन का नाम रेल प्रशासन बदलेगा। रेल प्रशासन कहता है कि सामान्य प्रशासन विभाग मध्य प्रदेश से प्रस्ताव केन्द्रीय गृह मंत्रालय को जायेगा।स्टेशन का नाम आज तक नहीं बदला गया है। आपने कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गुना द्वारा दिनांक 7 नवंबर 24 को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल एवं मंडल रेल प्रबंधक कोटा को भेजे पत्र की भी प्रतिलिपि संलग्न की है।विजय कुमार जैन ने यह भी मांग की है कि धरनावदा एवं चौड़ा खेड़ी स्टेशनों को पश्चिम मध्य रेल्वे मंडल कोटा से मंडल भोपाल में सम्मिलित किया जाये । आपने उल्लेख किया है चौड़ा खेड़ी से एनएफएल विजयपुर के बीच रेल्वे द्वारा बाईपास रेल लाइन का निर्माण प्रस्तावित है साथ ही चौड़ा खेड़ी एवं धरनावदा दोनों स्टेशन गुना जिले में है धरनावदा से आगे राजस्थान की सीमा लग जाती है।

# सोशल मीडिया एकाउंट पर हिन्दू देवी देवता पर अभद्र टिप्पणी मामले में सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ कुम्भराज




सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में सोशल मीडिया एकाउंट पर हिन्दू देवी देवता पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर तहसीलदार अमिता सिंह तोमर और थाना प्रभारी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम दो अलग अलग ग्यापन देकर माँग की है कि ऐसे लोग अनिल साहू मिस्त्री, ग्राम सानयी जन शिक्षा केन्द्र के शिक्षक हँसराज मीना, और बौद्ध धर्म के उपासक विनोद बौद्ध ने ब्राह्मण समाज और हिन्दू देवी देवताओं को लेकर अभद्र और समाज में नफरत फैलाने वाली टिप्पणी कर हिन्दू धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया है। ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन से मांग की है कि इन लोगों पर तत्काल कानूनी कार्यवाही कर, एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए, ताकि आगे से कोई भी किसी भी समाज का वातावरण दूषित नहीं कर सके। मामले में सभी के स्क्रीन शाट की कॉपी भी ज्ञापन के साथ दी गई है। यह भी कहा गया है कि इस प्रकार की अशोभनीय और समाज को तोडने वाली टिप्पणी से सारा हिन्दू समाज आहत हुआ है। अत~ इन लोगों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाऐ। हाल ही में ग्राम मृगवास की घटना को लेकर काफी अशाँति हो गई जो अभी शाँन्त होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष डा.गोविन्दनारायण शर्मा का कहना है कि इस तरह की टिप्पणी अलग अलग लोगों ने पहले भी की है लेकिन उन पर कोई कोई कार्यवाही नहीं होने से ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हुए हैं जो समाज के लिए घातक साबित हो रहा है और अब एक बार फिर मृगवास की घटना के मामले को लेकर कयी सवाल खडे सनातन समिति ने किऐ जो आगे चलकर समूचे हिन्दू समाज को काफी नुकसान पहुंचा सकती है और इसके बाद जो स्थिति निर्मित होगी उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। बालाजी की मूर्ति पर गन्दगी फैकने वाली घटना को सभी ने गम्भीरता से लिया है और इसको लेकर उच्च स्तरीय जांच हेतु एस आई टी भी गठित की है जो दूध का दूध पानी का पानी करेगी ऐसा सभी को विश्वास है।

### 108 एम्बूलेंस का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**श्योपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएस राजपूत द्वारा अस्पताल परिसर में एम्बुलेंस द्वारा दी जा रही सेवाओं में से आज पुलिस थाना देहात एवं कोतवाली की लोकेशन पर उपलब्ध एम्बुलेंस की ऑडिट की गई जिसमें चैकलिस्ट अनुसार एम्बुलेंस में समस्त प्रकार की मेडीसिन किट एवं उपकरण पाए गए तथा एम्बुलेंस में ऑक्सीजन सिलेण्डर बी टाइप के स्थान पर जे टाइप के बडे सिलेण्डर पाए गए जिस पर कार्डीनेटर पवन कुमार शर्मा की सराहना की गई। इस संबंध में कार्डीनेटर ने बताया कि जे टाइप में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है मरीज श्योपुर से ग्वालियर तक रेफर होते है दूरी अधिक होने के कारण मरीज को ऑक्सीजन अधिक लग सकती है इस कारण से छोटे के स्थान बडे सिलेण्डर लगाए गए है। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी 108 एम्बुलेंस आरबी शाक्य भी उपस्थित थे। उन्होने बताया कि एम्बुलेंस शासन द्वारा हितग्राही को उपचार के लिए लाने ले-जाने हेतु निशुल्क चलाई जा रही है।

# राघोगढ़ राजा बलभद्र सिंह क्लब ने ब्यावर को 5 गोलों से हराया



सत्ता सुधार ■ राघौगढ़

हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में रात्रि कालीन फुटबॉल टूर्नामेंट राजा बलभद्र सिंह स्पोर्ट क्लब एवं धीरपुर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में भव्य आयोजन किया जा रहा है राघोगढ़ राजा बलभद्र सिंह क्लब ने ब्यावर फुटबॉल टीम को रोमांचक मैच में 5 गोल से हराया राजा बलभद्र क्लब के कप्तान अयूब खान अक्कू राईन के नेतृत्व में राहराघोगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में रात्रि कालीन फुटबॉल टूर्नामेंट राजा बलभद्र सिंह स्पोर्ट क्लब एवं धीरपुर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में भव्य आयोजन किया जा रहा है राघोगढ़ राजा बलभद्र सिंह क्लब ने ब्यावर फुटबॉल टीम को रोमांचक मैच में 5 गोल से हराया राजा बलभद्र क्लब के कप्तान अयूब खान अक्कू राईन के नेतृत्व में राघोगढ़ की टीम विजय रही दूसरे मैच में ब्यावर ने राघोगढ़ को हराया रात्रि कालीन फुटबॉल टूर्नामेंट का दर्शक ने लुप्त उठाया इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# जिले में आई 3600 मैट्रिक टन डीएपी सोमवार से होगा खाद का वितरण

### भाजपा नेताओं ने तैयारियों का लिया जायजा

**गुना।** जिले में रविवार को खाद की तीसरी रैक आ गई। इस रैक के आ जाने के बाद कुल 3600 मैट्रिक टन जिले को मिल चुका है। सोमवार से खाद का वितरण किया जाएगा। रविवार को भाजपा नेताओं ने नानाखेड़ी मंडी स्थित डबल लॉक गोदाम पर पहुंचकर वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बता दें कि शनिवार को डीएपी की दो रैक जिले को मिली थी। इनमें एक रैक कोरोमंडल और एक चंबल फर्टिलाइजर्स से आई थी। इन दोनों रैक में 2600 मैट्रिक टन डीएपी मिला था। रविवार को तीसरी रैक भी गुना पहुंच गई। यह हृस्नरु से आई है। इसमें एक हजार मैट्रिक टन छ्क्क आया है। इस हिसाब से जिले में 3600 मैट्रिक टन खाद आ गया है।



**सोमवार से शुरू होगा वितरण-** जिले में डीएपी खाद के आ जाने के बाद कल सोमवार से होने वाले वितरण को देखते हुए भाजपा नेताओं ने नानाखेड़ी स्थित डबल लॉक वितरण केन्द्र पर पहुंचकर वितरण की तैयारियों का जायजा लिए लिया। 3600 मैट्रिक टन खाद को कृषि विभाग द्वारा किए गए आवंटन के अनुसार जिले के सभी सात डबल लॉक केन्द्रों के साथ-साथ सोसायटियों और एमपी एग्रो के वितरण केंद्र पर भी पहुंचा दिया गया है। इन सभी वितरण केन्द्रों पर डीएपी खाद का वितरण कल 18 नवंबर से शुरू होगा। इसी को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य योगेन्द्र लुंबा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता, विकास जैन, पार्षद कैलाश धाकड़, राजेश साहू आदि ने नानाखेडी मंडी परिसर में स्थित मार्क फेड के डबल लॉक खाद वितरण केंद्र पर पहुंचकर कल से होने वाले वितरण की पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। औरवितरण की पद्धति को लेकर पूछताछ की। इस दौरान पूरी पारदर्शिता के साथ सभी किसानों को खाद वितरण के निर्देश दिए गए। साथ ही कहा कि वितरण केंद्रों पर किसानों के लिए छांव और पीने के पानी की व्यवस्था हो।

### सहरिया महिला लघु वनोपज कंपनी कार्यालय का अवलोकन

**श्योपुर।** सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा कराहल में सहरिया महिला लघु वनोपज कंपनी कार्यालय का निरीक्षण किया गया तथा कंपनी के गोदाम सहित दस्तावेजों एवं उत्पादों का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होने स्वसहायता समूह के माध्यम से संचालित हल्दी इकाई का निरीक्षण भी किया। सीईओ जिला पंचायत श्री गुर्जर द्वारा सहरिया महिला लघु वनोपज कंपनी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जडीबुटी संग्रहण से जुडी स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा भी की गई तथा वनोपज संग्रहण के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर एनआरएलएम के डीपीएम सोहनकृष्ण मुदगल भी उपस्थित थे।

# बरखेड़ा हाट में बिजली आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**गुना** । जिले के आरोन थाना अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा हाट में आज अपरांह में दर्जनों ग्रामीणों द्वारा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भंग होने पर से चक्का जाम किए जाने का समाचार है । हालांकि दोपहर लगभग 1~30 बजे इन ग्रामीणों द्वारा सडक़ से हटकर रास्ता खोल दिया गया। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार आरोन तहसील के ग्राम पिपरौदा व बारोद के ग्रामीणों को लंबे समय से बिजली को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो कि आती कम है, जाती ज्यादा है। नतीजा जहां किसानों को खेतों पर परेशान होना पड़ रहा है, वहीं घरों में रहने वाले बच्चों को भी पढने के दौरान जबरिया परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबी समय से चली आ रही इन परेशानियों पर से आक्रोशित दोनों ही गांवों के लोगों ने आज लामबंद होकर अपरांह में ग्राम बरखेड़ा हाट फीडर के पास रोड पर जाम लगा दिया, जिसके लगते ही आवागमन अवरुद्ध हो गया और लोग परेशान होने लगे, हैरत की बात यह है कि इस आशय की जानकारी मिल जाने के बाद भी लंबे समय तक इन ग्रामीणों की शिकायत सुनने को ही नहीं पहुंचा। हालांकि इस बीच पुलिस द्वारा समझाने पर अपरांह में ग्रामीणों ने चक्का जाम खत्म कर दिया। तब कहीं जाकर मुख्य मार्ग पर से आवागमन शुरु हुआ।

## बजरंगदल का रक्तदान शिविर आयोजित



**गुना।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के 15 से 20 कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान करना एक अत्यधिक प्रशंसनीय कार्य है। उनकी इस मानवता की भावना से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह कार्य न केवल समाज की सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि हमारे समाज में ऐसे लोग हैं जो दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं ।

**कार्रवाई** तहसीलदार मंडेलिया व कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गांव में पहुंची

# तहसीलदार और थाना प्रभारी ने मंदिर की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई

सत्ता सुधार ■ गुना

गुना तहसील के ग्राम रमगढ़ा में सामने आए मंदिर व चरनोई की भूमि पर कब्जा करने के साथ-साथ ग्रामीणों का रास्ता रोक देने के मामले में आलाप द्वारा गत दिवस ही दी गयी जानकारी के अनुसार प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गत दिवस गांव केवल भूमि जोत दी गयी थी, अपितु इस पर बोबनी भी कर दी गयी थी, जिस पर से आक्रोशित ग्रामीणों ने विगत रात गांव में एकत्रित होकर आक्रोश जताया था, इसके बाद गत दिवस अपरांह में कैंट थाना और तहसील कार्यालय पहुंचकर लेखी शिकायत करते हुए उक्त अवैध कब्जे को अविलंब हटवाए जाने की मांग की थी, इस दौरान दिए गए आश्वासन के अनुसार गत दिवस अपरांह में ग्रामीण तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया व कैंट थाना प्रभारी अनूप भार्गव के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गांव में पहुंची, जहां पहुंचकर



मौके की प्राथमिक जांच-पड़ताल के बाद संयुक्त टीम ने मंदिर की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को सख्ती से ना केवल हटवाया, अपितु स्पष्ट रुप से कहा है कि भविष्य में इस तरह के अवैध कब्जों को किसी भी कीमत पर सहन नहीं में पहुंचकर शिकायत का निराकरण किए किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों को भी आश्वस्त जाने का समाचार है ।

उल्लेखनीय है कि ग्राम रमगढ़ा के प्राचीन मंदिर व चरनोई की 10 बीघा भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लेने व वायरफेंसिंग का रास्ता रोक देने के साथ ही उक्त जमीन पर लगे पेड़-पौधे उखाडक़र ना किया कि किसी भी धार्मिक स्थल की संपत्ति पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही की जाएगी, जिस पर से ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए अधिकारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया ।

# फसल कटाई के बाद पराली में आग न लगाने की सलाह

**श्योपुर।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा खरीफ फसलो की कटाई के पश्चात् फसल अवशेष पराली में आग न लगाने की सलाह किसान भाईयो को दी गई है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि सरकार द्वारा खेतो में पराली जलाने की घटनाओ की मॉनीटरिंग सेटेलाइट के माध्यम से की जा रही है। किसान भाई धान की फसल कटाई पश्चात् नरवाई में आग न लगाये, क्योकि इससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता एवं उत्पादकता में कमी होने की संभावना होती है। किसान भाई कुछ उपयोगी कृषि यंत्रो जैसे बेलर, रीपर कम बाइंडर, स्ट्रारीपर, सुपर सीडर एवं जीरो टिलेज, सीड ड्रिल के उपयोग से पराली का प्रबंधन कर सकते है। पर्यावरण विभाग के नोटिफिकेशन द्वारा जारी निर्देशो में पराली जलाने की घटना पर संबंधित कृषको पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। जिसके अनुसार 2 एकड से कम रकबे पर 2500 रूपये, 2 से 5 एकड तक रकबे में पराली जलाने पर 5 हजार रूपये तथा 5 एकड से अधिक पर 15 हजार रूपये अर्थदण्ड का प्रावधान है। यदि कोई भी किसान अपने खेत की पराली में आग लगाते है तो उक्त निर्देशो के अनुरूप दण्ड अधिरोपण की कार्यवाही की जायेगी।



# खुबसूरती में ... न हो कमी

अगर आपके पास हर दिन अच्छी तरह तैयार होने का समय नहीं होता है तो कम से कम इतना तो आप तय कर सकती हैं, कोई ऐसी कमी न रह जाए जो आपके पूरे रूप को खराब कर दे।

मसलन जिस दिन आप तैयार हों, मेकअप तो कर लें लेकिन नाखूनों पर लगी उखडी हुई नेलपॉलिश हटाना भूल जाएं। ऐसी ही छोटी-छोटी गलतिया हम जाने-अनजाने कर जाते हैं जो हमारे सौंदर्य पर ग्रहण लगा देती हैं। मेकअप का बेसिक तरीका हर किसी के लिए जानना जरूरी है। यहा वह आपको ऐसी ही कुछ छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण बातें बता रही हैं जिन्हें अपनाकर आप हमेशा स्मार्ट और सुंदर दिख सकती हैं।

अत्यधिक रूखे बालों को सही अवस्था में करने के लिए थोडे से पानी में 3-4 बूंद तेल मिलाकर बालों में लगाएं और फिर पोनी बाध लें। इससे वे संवरे और साफ नजर आएंगे।

## फैली हुई लिपस्टिक

फैली हुई लिपस्टिक आपके लुक को खराब तो करती ही है, आप कितनी लापरवाह हैं, यह भी दर्शाती है। अगर आपके होंठों में लिपस्टिक अधिक देर तक नहीं टिक पाती, या आप लिपस्टिक खा जाती हैं तो हमेशा क्त्रीमी मैट वाली लाइट शेड की लिपस्टिक चुनें। लगाने से पहले होंठों पर हलका सा फाउंडेशन लगाएं। मैट लिप लाइनर से आउटलाइन बनाएं फिर होंठों को भरें।

## सफेद बाल

अगर आपके बाल सफेद होना शुरू हो गए हैं और आप अपने बालों में नियमित रूप से हेयर कलर का प्रयोग करती हैं, तो यह बहुत जरूरी है कि हेयर कलर आपके बालों की जड़ों के पास जरूर लगा हो। वरना सिर की त्वचा के पास दिखने वाले सफेद बाल आपके लुक को खराब कर देते हैं। इसलिए इस बात का भी ध्यान रखें कि बालों की जडों के पास हमेशा गहरा काला रंग न लगाएं। ताकि अगर कभी हेयर कलर कराने में देर हो जाए तो वहा आए सफेद बाल बहुत अधिक खराब न लगें। बेहतर होगा कि आप दो शेड के हेयर कलर चुनें। ताकि यह स्ट्रीक्ड इफेक्ट दे। यह विकल्प अपने बालों के प्राकृतिक रंग से मेल खाता जेट ब्लैक कलर चुनने से अधिक बेहतर होगा। बाजार में तमाम शेड्स के हेयर कलर उपलब्ध हैं, अपनी स्किन टोन से मेल खाता कोई भी कलर आप चुन सकती हैं।

## रूखे, बिखरे बाल

रूखे, बेजान व बिखरे बालों की देखभाल के तमाम उपाय बाजार में उपलब्ध हैं। लेकिन आप तब भी उन्हें नहीं अपनाती तो यह आपकी गलती है। बाल हर स्त्री की क्त्राउनिंग ग्लोरी होते हैं। कम से कम इन्हें सही तो रखें।

## बिगड़ी हुई आइब्रोज

शार्प आईब्रोज का असर जबरदस्त होता है। अगर आपकी ग्रोथ अच्छी है तो नियमित रूप से बनवाना बेहद आवश्यक है। आप कितना ही अच्छा मेकअप कर लें, अगर आइब्रो सही शेप में नहीं हैं तो अच्छा नहीं लगेगा। अगर आपके अपर लिप पर काफी बाल हैं और थ्रेडिंग कराने के बाद उस भाग पर हरापन या लाली रहती है तो कंसीलर से उसे छिपाना न भूलें। अगर आपके बाल अत्यधिक हैं तो अपर लिप एरिया में थ्रेडिंग, वैक्स या ब्लीच जरूर कराएं। आप चाहें तो इसे लेजर के जरिये पर्मानेंट हटा सकती हैं। छोटी-छोटी गलतियों से आपका सौंदर्य प्रभावित हो सकता है, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। खुद में सुंदरता का एहसास करें और अपने सौंदर्य को संवारने का प्रयास करें।

# ठंडी हवाओं से छीन न जाए... त्वचा की सुंदरता



सर्दियों का मतलब है, बर्फीली हवाओं का आना जो हमारी त्वचा की नमी छीन कर इसे रूखा बना देती है। हमारे होंठ और पैर फटने लगते हैं। तैलीय त्वचा की समस्या से सीधा हम रूखी त्वचा की दिक्कतों से दो-चार होने लगते हैं। कुछ लोगों को तो त्वचा में रूखेपन की वजह से स्किन एलर्जी या दाग-धब्बे भी उभर आते हैं। इस तरह के मौसमी बदलाव हमारे शरीर की देखभाल के नियमित उपायों में कोल्ड क्रीम को भी अहम हिस्सा बना देते हैं। ऐसे में जब हम अपने वॉर्डरोब को ठिठुराने वाली ठंड के लिए तैयार कर रहे हों, तब अपनी त्वचा को नर्म-मुलायम बनाए रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान भी रखना चाहिए।

मौसमी बदलाव न सिर्फ शरीर पर गहरा असर डालता है बल्कि रूप और त्वचा को भी प्रभावित करता है। गर्मी हो या सर्दी त्वचा को परेशानी दोनों ही हालत में होती है। ऐसे में आप अपनी त्वचा को कोमल बनाए रखने के लिए कैसी देखभाल करें जानें।

## गाढ़े क्रीम बेस्ड उत्पाद

सर्दियों की शुरुआत के साथ ही हमें अपनी त्वचा पर इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पादों में भी बदलाव की जरूरत पड़ती है। इसमें सबसे ज्यादा जरूरी है क्रीम-बेस्ड गाढ़े मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल। तो अब अपने हल्के वॉटर-बेस्ड उत्पादों की जगह ले आएं गाढ़े उत्पाद। इसी तरह अब आपको अपनी त्वचा से मॉइश्चर हटाने के लिए पहले से हल्के और जेंटल फेसवॉश की जरूरत होगी, ताकि इससे त्वचा की प्राकृतिक नमी न खोए। सनस्क्रीन भी ऐसा लगाएं जिसमें मॉइस्चराइजर भी हो। जब चेहरे से मेकअप हटा रहे हों, तब भी मॉइस्चराइजर युक्त क्लींजर ही इस्तेमाल करें। अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है और रूखी है तो हलके और मॉइस्चराइजिंग साबुन का इस्तेमाल करें।

## तेल की मालिश

तेल से मसाज का मतलब यह नहीं कि आपको लंबे समय तक की जाने वाली परंपरागत मसाज की सलाह दी जा रही है। इसके लिए जब आप सोकर उठें तब सिर्फ 15 मिनट का समय निकालें। तेल गुनगुना करें और पूरे शरीर पर इसे लगाएं। इसे चेहरे और सिर पर भी लगाएं। एक घंटा लगे रहने दें। इस बीच अपनी अन्य दिनचर्या जैसे कि अखबार पढना नाश्ता बनाना आदि काम निबटा लें। अब नहाकर पूरे दिन के लिए तैयार हो जाएं। अगर आप हफ्ते में दो दिन भी इस प्रक्रिया को करें तो त्वचा लंबे समय तक स्वस्थ रहेगी। इसका असर सिर्फ सर्दियों तक ही नहीं, इसके बाद भी आपको दिखेगा। मालिश के लिए नारियल का तेल सबसे बेहतर और आसानी से उपलब्ध है, जो त्वचा और शरीर के लिए बहुत अच्छा होता है।

## एक्सफोलिएट करें

चूंकि हम सर्दियों में रूखेपन से बचाव के लिए अपनी त्वचा पर ज्यादा क्रीम और तेल लगाते हैं, इसके चलते कई बार त्वचा के रोम छिद्र बंद हो जाते हैं। इससे त्वचा को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए हर दस दिन में एक बार एक्सफोलिएट करें। त्वचा की मृत कोशिकाएं हटाने और इसे साफ करने के लिए कोई मृदु स्क्रब लें और हाथों को गोल-गोल घुमाते हुए लगाएं। महीने में एक बार भाप यानी स्टीम थेरेपी भी लें। इससे त्वचा मुलायम होगी, रोमछिद्र खुलेंगे, व्हाइट हेड्स और मुंहासे हट जाएंगे। ऐसी कोई भी प्रक्रिया जिससे त्वचा के रोमछिद्र खुलते हैं और मृत कोशिकाएं हटती हैं, त्वचा को पोषण देती है और नमी बनाए रखने में मददगार होती है।

## सनस्क्रीन का इस्तेमाल

सर्दी के मौसम में ज्याादा तीखी धूप नहीं निकल रही, इस कारण सनस्क्रीन का इस्तेमाल बंद न करें। सच तो यह है कि सर्दियों में हम धूप के संपर्क में ज्यादा देर तक रहना चाहते हैं, ऐसे में त्वचा को सूरज की खतरनाक किरणों से बचाने की ज्यादा जरूरत होती है। तेज धूप हो या हलकी, दोनों ही मामलों में यूवी किरणें खतरनाक साबित होती हैं। यहां तक कि ठंड के दिनों में भी।

## पैरों की देखभाल

अकसर ठंड का सबसे निष्ठुर असर पैरों पर देखा जाता है। फटी एडियां, दुखते तलवे और सूजे व खुजलाते पैर, इस मौसम की कुछ आम परेशानियों में शामिल हैं। अकसर हम अपने चेहरे की देखभाल के लिए हर संभव कोशिश करते हैं, लेकिन पैर आमतौर पर अनदेखी का शिकार हो जाते हैं। हर रोज रात में सोने से पहले पैरों पर कोल्ड क्रीम या मॉइस्चराइजर लगाएं। एड़ियों से रूखी और सख्त त्वचा को हटाने के लिए महीने में दो बार इसे एक्सफोलिएट करें। सर्दियों में ऊनी जुराबें पहनें। हालांकि कुछ ऐसे लोग भी होते हैं, जिन्हें पैरों में बहुत ही ज्यादा पसीना आने की समस्या होती है। यह एक तरह की बीमारी है, जिसे हाइपरहाइड्रोसिस कहते हैं। ऐसे लोगों को सर्दियों में भी पसीना आता रहता है। ऐसे में बोटॉक्स ट्रीटमेंट फायदेमंद होता है। यह पैरों में पसीना आना कम करके इसे सूखा रखने के लिए जादुई उपचार की तरह काम करता है।

आप अगर अंदर से स्वस्थ महसूस करेंगी तो बाहर से भी स्वस्थ दिखेंगे। यह कभी न भूलें कि अच्छी सेहत एक सेहतमंद शरीर से ही संभव है।

## बराबर पीते रहें पानी

अकसर ठंडे, बर्फीले मौसम में हम पानी कम मात्रा में पीते हैं। इस वजह से भी हमारी त्वचा में डीहाइड्रेशन बढ़ जाता है और त्वचा रूखी हो जाती है। चूंकि हमें सर्दियों में पसीना नहीं आता है, प्यास लगने का एहसास भी नहीं होता है। लेकिन यह याद रखें कि प्यास नहीं महसूस होने का यह मतलब कतई नहीं होता है कि आपको पानी की जरूरत कम है। अगर आपको ठंडा पानी पीना अच्छा नहीं लगता है तो इसे गुनगुना करके इस्तेमाल करें। पानी एक बार गर्म करके थर्मस में रख सकती हैं। त्वचा की नमी बरकरार रखने और होठों को फटने से बचाने के लिए पानी बराबर पीते रहें।



# कंसीलर करे दाग-धब्बों को दूर

कंसीलर त्वचा को चिकना और खूबसूरत बनाने का काम करता है। सही कंसीलर आपकी त्वचा में अच्छी तरह समा जाता है और त्वचा के दोषों को सफाई से छिपाता है। सीनियर ब्यूटीशियन रेशमा लाखा बता रही हैं, कंसीलर चुनने और लगाने का सही तरीका.. हर किसी का चेहरा बेदाग और साफ-सुथरा बेशक नहीं हो सकता, लेकिन सही मेकअप से उसे बेदाग जरूर बनाया जा सकता है। कंसीलर ऐसे में जादुई बदलाव लाता है। हालांकि हर समस्या और चेहरे के हर हिस्से के लिए अलग कंसीलर की जरूरत होती है।

## आखों के नीचे काले घेरे

- इसके लिए क्रीमयुक्त कंसीलर चुनें, जो लिक्विड या बाम फॉर्मूले में मिलता है।
- दरअसल, आखों के आसपास की त्वचा काफी पतली और नाजुक होती है। इसलिए क्री म या लिक्विड कंसीलर से उसे थोड़ा भर देने या मोटा करने से आखों के आसपास का हिस्सा तरोताजा लगता है।

## दाग और लाल पैचेज

- एक सॉलिड कंसीलर चुनें, जो बेहतर कवरेज दे सके। ऐसे कंसीलर स्टिक फॉर्मूले में आते हैं। यह टच अप्स के लिए बेहतर होते हैं। साथ ही यह टी-जोन को भी लंबे समय तक कवरेज देते हैं।
- दाग हटाने के लिए ऐसा कंसीलर चुनें, जिसमें बेंजॉइल पैरॉक्साइड सैलिसाइलिक एसिड या सल्फर हो।

## चुनें सही रंग

- आखों के नीचे गहरे धब्बों को हटाने के लिए कंसीलर के दो शेड्स की जरूरत हो सकती है। केवल पीच शेड लगाने से आखें थकी नजर आएंगी। इसलिए इसके ऊपर एक परत त्वचा के रंग से एक शेड हल्का कंसीलर लगाएं और अच्छी तरह ब्लेंड करें।
- दाग-धब्बों के लिए त्वचा की रंगत से एकदम मेल खाता कंसीलर चुनें।
- सही कलर मैचिंग के लिए कई सारे शेड्स वाला कंसीलर पैलेट लें, जिसे आप जरूरत प?ने पर एक-दूसरे के साथ ब्लेंड भी कर सकें।
- हायली पिग्मेंटेड कंसीलर चुनें जो त्वचा में अच्छी तरह समा जाए।
- अगर रंग गेहुंआ है तो पीला, गोरा है तो हल्का गुलाबी रंग वाला और अगर लाल रंग के मुंहासे हैं तो हरे रंग का कंसीलर चुनें।

## कैसे लगाएं

- सबसे पहले मॉइश्चराइजर से अपनी त्वचा को हाइड्रेट करें। पांच मिनट बाद चेहरे पर क्लेयर प्राइमर लगाएं। प्राइमर कंसीलर को स्मूद करता है और लंबे समय तक टिका रहता है।

# ट्रेंच कोट से फैशनेबल लुक...



खूबसूरत दिखना और फैशनेबल दिखने में बहुत अंतर है। फैशनेबल दिखने के लिए जरूरी है कि सबसे पहले यह जान लिया जाए कि ट्रेंड में क्या है और आपको हर मौसम के ट्रेंड के बारे में पता होना चाहिए। आजकल ट्रेंच कोट काफी ट्रेंड में है, जो स्टाइलिश लुक के साथ आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगें।

## हल्के ट्रेंच कोट

अगर आप ऐसी जगह पर रहती हैं जहां ज्यादा सर्द हवाएं नहीं चलती हैं, तो आप इन कोट्स को पहन सकती। जो कि बाहर घूमने के लिए अच्छे हैं।

## मिलिट्री ट्रेंच कोट

मिलिट्री ट्रेंच कोट देखने में काफी वर्सटाइल लगते हैं, और आप इन्हे कही पर भी पहन कर जा सकती हैं। ऑफिस सबसे अच्छी जगह है इसे पहने की। साथ ही आप इसे मीटिंग्स में भी पहन कर जा सकते हैं।


## कैज्युअल ट्रेंच कोट

कैज्युअल ट्रेंच कोट पहने में बहुत ही आरामदायक होते हैं साथ ही यह कार्डिगन वॉटरफॉल की तरह दिखते हैं। इसे आप हाउस पार्टी, रोड ट्रिप्स, हैंगआउट्स आदि जगहों पर भी पहन सकती हैं।

## फॉक्स फर ट्रेंच कोट

यह विंटर्स पार्टीज के लिए बहुत अच्छे हैं। लेदर और फॉक्स फर ट्रेंच कोट बहुत क्लासी और फैशनबल लगते हैं।

# बालों पर चॉक कलर...



जमाना इतना मॉडर्न हो गया है कि लोग हर तरह के फैशन फॉलो करने लग गए हैं फिर भले ही बात ड्रैसिंग सैंस की हो या फिर हेयर स्टाइल की। खासकर लड़कियां अपनी ड्रैसिंग सेंस और बालों को सजाने संवारने में ज्यादा ध्यान देती हैं। हेयर कलर करना भी इन दिनों खूब ट्रैंड में है। युवा महिलाएं कलरफुल स्ट्रीक्स करवा रही हैं। अगर आप भी स्ट्रीक्स करवाना चाहती हैं तो बालों पर चॉक कलरिंग करना आसान तरीका है। बालों पर रंग-बिरंगे हेयर चॉक की मदद से आप न केवल अपने मनपसंद रंगों की स्ट्रीक्स बना सकती हैं बल्कि उन्हें ज्यादा देर तक कैरी भी कर सकती हैं। आप इसे जब चाहे हटा भी सकती हैं।

## क्या है हेयर चॉक?

हेयर चॉक को वॉटर बेस्ड इंक के साथ तैयार किया जाता है। यह इंक माइको फाइबर की तरह काम करती है और बालों के ऊपर एक स्ट्राइकिंग विजिबल फिल्म बनाती है। वॉटर बेस्ड इंक होने की वजह से यह आसानी से रिप्लेस हो जाती है। बालों पर कलर की जगह हेयर चॉक एक मेकअप की परत की तरह काम करता है और एक-दो बार धोने के बाद ही बालों से छूटने लगता है इसीलिए जो बालों को कलर करने से घबराती हैं यह उनके लिए अच्छा ऑप्शन है।

## हेयर चॉक का इस्तेमाल

- बालों की एक चोटी बनाकर आगे की तरफ बांध लें। फिर कलर करना वाले हेयर्स को स्प्रे करके अलग-अलग ट्रेस में बांट लें।

- अब इसके बाद चॉक से एक ट्रेस को कलर करें। आप बालों पर कलर करने के लिए एक से ज्यादा कलर की चॉक्स का भी इस्तेमाल कर सकती है।

- धीरे-धीरे सभी ट्रेसेज को कलर करें। शुरू में कलर को लाइट रखें।

# फिट रहने ये 5 गलतियां न करें

डाइटिंग करना अच्छा है, लेकिन अगर उसे सही तरीके से न किया जाए तो बॉडी को बहुत ज्यादा नुकसान भी पहुंचता है। कई बार की गई छोटी-छोटी गलतियों के कारण डाइट का जो फायदा मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता। हममें से ज्यादातर लोग इन गलतियों से अंजान होते हैं। जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में..

## सलाद

फ्रिज में रखी कई दिन की सब्जियों या फल से ज्यादा विटामिन या मिनरल्स ताजे फलों में होते हैं। सलाद में नमक या सॉस जैसे म्योनीज या शुगर डालते हैं तो फलों और सब्जियों के आधे से ज्यादा न्यूट्रिशन तो उनकी वजह से ही खत्म हो जाते हैं।

## पॉपकॉन

घूमने के समय लोग सोचते हैं कि समोसे के बजाय पॉपकॉन खाना हैल्दी ऑप्शन है। मगर बाहर मिलने वाले पॉपकॉन में नमक और मक्खन ज्यादा होता है।

## फ्रूटी ड्रिंक्स

फ्रूट ड्रिंक पीने का कुछ फायदा नहीं है। फ्रूट्स के नाम पर जो जूस बेचे जाते हैं, उनमें फल के नाम पर स्वीटनर और पल्प की जगह फलों के वेस्ट होते हैं। पीने में हैल्दी लगने वाले ये जूस आपके शरीर को असली फल जितने पोषक तत्व नहीं देते।

## पनीर

कहते हैं डाइटिंग में प्रोटीन के लिए पनीर खाना फायदेमंद होता है। लेकिन पनीर अगर फैट वाले दूध से बना है तो वो शरीर को फैट की जगह कोई पोषक तत्व नहीं देता। जब भी पनीर खरीदें तो यह जरूर देखें कि उसमें कौन से पोषक हैं। पनीर हमेशा कच्चा ही खाएं।

खुले ड्रॉय फ्रूट्स। इसमें कोई शक नहीं कि ड्रॉय फ्रूट्स खाना बहुत ही अच्छा और हेल्दी होता है लेकिन खुले ड्रॉय फ्रूट्स के मामले में ये बात सही नहीं। खुली रखी हुई चीजों के ज्यादा न्यूट्रिशन्स निकल चुके होते हैं इसलिए इन्हें किसी सील बंद डिब्बे में रखें, जब खाना हो तभी निकालें।



# द राणा दग्गुबाती शो की दस्तक जल्द, प्राइम वीडियो ने दिलचस्प अंदाज में दी जानकारी

बहुमुखी प्रतिभा के धनी राणा दग्गुबाती ने फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता है। दग्गुबाती ने ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली से एक अभिनेता के रूप में राष्ट्रीय लोकप्रियता हासिल की, लेकिन अब वह अपने रचनात्मक पक्ष के विस्तार पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।राणा दग्गुबाती अपना टॉक शो ला रहे हैं। इसके लिए उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो के साथ सहयोग किया है।

## द राणा दग्गुबाती शो के लॉन्च डेट से उठा पर्दा

राणा दग्गुबाती, अमेजन प्राइम वीडियो के साथ मिलकर अपना टॉक शो द राणा दग्गुबाती शो लॉन्च कर रहे हैं। आगामी टॉक शो से अभिनेता का एक पोस्टर साझा करते हुए, निर्माताओं ने खुलासा किया कि नया शो 23 नवंबर, 2024 को रिलीज होगा। राणा दग्गुबाती द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस शो में आठ एपिसोड होंगे। शो में टॉलीवुड हस्तियों के जीवन की एक अनफिल्टर्ड झलक देखने को मिलेगी। पोस्टर को एक्स पर साझा करते हुए प्राइम वीडियो इंडिया ने कैप्शन में लिखा, सितारों को आप जानते हैं, उनकी कहानियों को नहीं। द राणा दग्गुबाती शो, अमेजन प्राइम वीडियो पर। नए पोस्टर में राणा हमेशा की तरह शानदार दिख रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता का कूल अंदाज देखते ही बन रहा है।

## टॉक शो में नजर आएंगे ये सितारे

दिलचस्प बात यह है कि जब शुरुआत में इस सीरीज की घोषणा की गई थी तो इसे राणा कनेक्शन के रूप में पेश किया गया था। हालांकि, अब इसका शीर्षक बदलकर द राणा दग्गुबाती शो कर दिया गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के अनुसार, शो में कई सितारे शामिल होंगे, जिनमें दुलकर सलमान, नागा चैतन्य अक्किनेनी, सिद्धू जोनलगड्डा, श्री लीला, नानी, एस.एस. राजामौली, राम गोपाल वर्मा और कई अन्य शामिल हैं।



# पुष्पा 2 द रूल में होगा श्रीलीला का स्पेशल सॉन्ग, ये अभिनेत्रियां कर चुकी हैं आइटम नंबर

बॉलीवुड और टॉलीवुड फिल्मों में अक्सर प्रशंसकों का ध्यान खींचने के लिए एक स्पेशल सॉन्ग या फिर आइटम नंबर होता है, ताकि जिससे प्रशंसकों का ध्यान फिल्म की ओर और आकर्षित हो सके। हाल ही में पुष्पा 2 के फिल्म मेकर्स ने श्रीलीला के आइटम नंबर की पुष्टि की है। श्रीलीला के पहले भी कई अभिनत्रियां फिल्मों में आइटम नंबर में डांस का तड़का लगा चुकी हैं। बॉलीवुड और साउथ की अभिनेत्रियों ने कई फिल्मों में अपने आइटम नंबर्स से प्रशंसकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में मलाइका अरोड़ा, सामंथा रुथ प्रभु, करीना कपूर के अलावा अब एक और नाम जुड़ गया है और वो है श्रीलीला।

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर रहा था। वहीं सीक्वल को लेकर भी प्रशंसक जबर्दस्त उत्साहित हैं। दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म में एक स्पेशन गाने को लेकर घोषणा कर दी है। साउथ सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीलीला पुष्पा 2- द रूल में एक स्पेशल गाने के जरिए दर्शकों का दिल जीतने वाली हैं। मेकर्स ने एक शानदार पोस्टर के साथ खुलासा किया है कि पुष्पा 2- द रूल में श्रीलीला एक स्पेशल सॉन्ग करती नजर आएंगीं। पुष्पा 2 द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## सामंथा रुथ प्रभु

श्रीलीला से पहले पुष्पा द राइज में सामंथा रुथ प्रभु ने अपने धमाकेदार आइटम नंबर से सभी का दिल जीत चुकी हैं। पुष्पा द राइज में अल्लू अर्जुन के साथ सामंथा ने ऊ अंटवावा गाने में जबर्दस्त डांस किया था, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया था। यह गाना जब रिलीज हुआ तो काफी ट्रेंडिंग में रहा था। इस गाने में सामंथा और अल्लू के डांस और उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आई थी।




## करीना कपूर खान

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान वैसे तो फिल्मों में लीड रोल निभाने के लिए जानी जाती हैं। लेकिन उन्होंने सलमान खान की फिल्म दबंग 2 में फेविकोल गाने पर जबर्दस्त डांस किया था। इस गाने में करीना की केमिस्ट्री सलमान खान के साथ खूब जमी थी। करीना और सलमान के डांस ने सभी को हैरान कर दिया था। यह गाना भी काफी समय तक ट्रेंडिंग में रहा था।



## मलाइका अरोड़ा

अब बात करते हैं मलाइका अरोड़ा की। मलाइका ने फिल्मों में कम ही अभिनय किया है। उन्होंने फिल्मों में आइटम नंबर्स ज्यादा किए हैं। उनका गाना मुन्नी बदनाम उनके बेहतरीन आइटम नंबर्स में से एक है। फिल्म दबंग का मुन्नी बदनाम गाना काफी प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने में मलाइका और सलमान की लाजवाब केमिस्ट्री ने सभी का दिल जीत लिया था। इसके अलावा मलाइका ने और भी कई फिल्मों में आइटम नंबर्स किए हैं, जिनमें होठ रसीले और अनारकली डिस्को चली जैसे कई गाने शामिल हैं।




# कानूनी पचड़े में फंसी रॉकी भाई की टॉक्सिक

बीते दिनों खबर आई थी कि अभिनेता यश की फिल्म टॉक्सिक पर संकट के बादल मंडराए हैं। कहा गया कि अभिनेता की फिल्म शूटिंग सेट निर्माण के लिए पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर कानूनी विवाद में फंस गई है। पेड़ों की कटाई के मामले पर कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने आपत्ति जताते हुए अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए। अब खबर आई है कि निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

## दर्ज हुई एफआईआर

रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु में फिल्म का सेट बनाने के लिए वन भूमि पर पेड़ों को अवैध रूप से काटने के आरोप में निर्माताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। केनरा बैंक के महाप्रबंधक और हिंदुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) के महाप्रबंधक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। इससे पहले कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने बेंगलुरु के एचएमटी में वन क्षेत्र में यश की फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग के लिए पेड़ों की अवैध कटाई की निंदा की। साइट निरीक्षण और सैटेलाइट इमेज की समीक्षा के बाद ईश्वर खंड्रे ने सख्त कानूनी कार्रवाई की घोषणा की। उन्होंने वन संरक्षण की आवश्यकता और संरक्षित क्षेत्रों में अनधिकृत गतिविधियों के लिए जवाबदेही पर जोर दिया। टॉक्सिक फिल्म के सेट के निर्माण के लिए पेड़ों की कथित अवैध कटाई पर, कर्नाटक के मंत्री ईश्वर खंड्रे ने एएनआई से बातचीत में कहा था, मैंने उस जगह (एचएमटी से संबंधित भूमि) का दौरा किया जहां बेंगलुरु में टॉक्सिक फिल्म की शूटिंग की जा रही है। मैंने कई लोगों को देखा। वहां पेड़ काटे गए थे। पिछले साल की सैटेलाइट तस्वीरों में उस इलाके में कई पेड़ देखे जा सकते हैं। मैंने [illegible] से इस मामले पर रिपोर्ट देने को कहा है। हम जांच के बाद उचित कार्रवाई करेंगे। हम बेंगलुरु में एक और लाल बाग या कब्बन पार्क जैसा पार्क बनाएंगे। उनके निर्देशों के बाद अब मामला दर्ज होने की खबर आई है।

## अगले साल रिलीज होगी फिल्म

यश की मुख्य भूमिका वाली टॉक्सिक 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। गीतू मोहनदास निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। इसमें कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। इसके अलावा नयनतारा, तारा सुतारिया, श्रुति हासन और हुमा कुरैशी के होने की खबर भी है। फिल्म में एक्शन का तगड़ा डोज दिया जाएगा। इसके लिए हॉलीवुड के एक्शन डायरेक्टर जेजे पेरी भी टीम से जुड़े हैं।




# महावतार में चिरंजीवी परशुराम के रोल में विक्की कौशल का लुक जारी, इस दिन रिलीज होगी फिल्म

निर्देशक अमर कौशिक की फिल्म महावतार में विक्की कौशल चिरंजीवी परशुराम भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें विक्की के लुक की काफी प्रशंसा हो रही है। फिल्म महावतार योद्धा चिरंजीवी परशुराम की कहानी है। फिल्म में विक्की कौशल भगवान परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे।

फिल्म के पोस्टर और टीजर के साथ निर्देशक-निम्ता ने फिल्म महावतार की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। मैडॉक फिल्म्स-विक्की कौशल को सोशल पोस्ट मैडॉक फिल्म्स और विक्की कौशल दोनों ने ही अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर आगामी फिल्म महावतार का पहला लुक जारी किया है, जिसे विक्की कौशल की फिल्मों में अब तक का सबसे धांसू और जबर्दस्त लुक कहा जा रहा है। इस लुक को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए मैडॉक फिल्म्स ने लिखा, दिनेश विजन धर्म के शाश्वत योद्धा की कहानी को जीवंत करेंगे। आगे लिखा, अमर कौशिक द्वारा निर्देशित समहावतार में विक्की कौशल ने चिरंजीवी परशुराम की भूमिका निभाई है। यह फिल्म सिनेमाघरों में क्रिसमस के मौके पर साल 2026 को रिलीज होगी। महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया।

# 'स्काई फोर्स' की कास्ट में शामिल हुईं निमरत कौर



निमरत कौर भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने शानदार करियर के दौरान, कौर ने अलग-अलग तरह की भूमिकाएँ निभाकर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। अब, अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, ऐसा लगता है कि निमरत अगले साल रिलीज़ होने वाली आगामी फ़िल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार के साथ काम करने वाली हैं। अफ़वाह है कि निमरत कौर एक अहम भूमिका निभाएँगी, जिससे फ़िल्म की गति बढ़ेगी और इसकी कहानी में गहराई आएगी। निमरत कौर के पास दमदार भूमिकाएँ निभाने का ट्रैक रिकॉर्ड है और वह फ़िल्म में नए आयाम तलाशने से न डरने वाली अभिनेत्री के तौर पर एक मिसाल हैं। एयरलिफ्ट, द लंचबॉक्स, सजनी शिंदे का वायरल वीडियो और अन्य फ़िल्मों में उनके अभिनय को लोगों ने देखा है। अक्सर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आने वाली निमरत कौर ने अपने किरदारों के चयन के लिए दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से सराहना हासिल की है। इस बीच, स्काई फोर्स एक आगामी युद्ध फ़िल्म है, जिसका निर्देशन प्रशंसित फ़िल्म निर्माता अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी कर रहे हैं। अगर निमरत कौर के शामिल होने की अफवाहें सच होती हैं, तो वह अक्षय कुमार, सारा अली खान और वीर पहारिया जैसे अन्य लोगों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नज़र आएंगी। स्काई फ़ोर्स 24 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।



# कंगुवा के अलावा इन फिल्मों में नजर आएंगे सूर्या, सूर्या 43-सूर्या 44-सूर्या 45 भी शामिल

**साउथ अभिनेता सूर्या इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कंगुवा को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। कंगुवा के अलावा सूर्या की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनमें सूर्या 43, सूर्या 44 और सूर्या 45 शामिल हैं।**

## कंगुवा

साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है। ट्रेलर में सूर्या और बॉबी देओल का खतरनाक लुक सभी को पसंद आया। वहीं फिल्म में दिशा पाटनी, नटराजन सुब्रमण्यम भी नजर आएंगे। वैसे देखा जाए तो फिल्म की झलक किसी हॉलीवुड से कम नहीं है।1 मिनट 30 सेकंड के इस ट्रेलर में कंगुआ की शक्ति को दर्शाया गया है। इसकी शुरुआत ही कंगुआ के बेहद खतरनाक डायलॉग से होती है। फिल्म 14 नवंबर को बाल दिवस पर रिलीज होगी। यह सूर्या की 42वीं फिल्म है।

## सूर्या 43

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक सुधा कोंगारा और अभिनेता सूर्या का आगामी प्रोजेक्ट सूर्या 43 है, जिसे पुरननूरू के नाम से भी जाना जाता है। सूर्या के अलावा इस फिल्म में दुलकर सलमान, माधवन, विजय नजर आएंगे।

## सूर्या 44

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्या 44 कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक ड्रामा तमिल फिल्म होगी, फिल्म की स्टार कास्ट में सूर्या शिवकुमार और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इसे स्टोन बेंच फिल्म्स और 2डी एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया जाएगा। फिल्म में सूर्या और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में हैं। सूर्या के अलावा जयराम, जोजू जॉर्ज, करुणाकरण, नासर, प्रकाश राज, सुजीत शंकर, थमिज और प्रेम कुमार नजर आएंगे। फिल्म की आधिकारिक घोषणा मार्च 2023 में अस्थायी शीर्षक सूर्या 44 के तहत की गई थी, क्योंकि यह अभिनेता की मुख्य अभिनेता के रूप में 44वीं फिल्म है। फिल्म की शूटिंग अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ऊटी, केरल और चेन्नई में हुई है।

## सूर्या 45

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्या 45 एक एक्शन तमिल फिल्म है, जिसका निर्देशन आरजे बालाजी ने किया है। सूर्या 45 की आधिकारिक तौर पर पूजा समारोह के साथ शुरुआत हुई थी और फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बालाजी इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर एक साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं और शूटिंग स्थानों को अंतिम रूप देने के लिए कई जगहों का दौरा कर चुके हैं।

# जान्हवी कपूर को पसंद आई वरुण धवन की सिटाडेल: हनी बन्नी

हालिया रिलीज वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बन्नी में वरुण धवन और सामंथारूथ प्रभु एक साथ नजर आए हैं। इस सीरीज में दोनों के अभिनय को काफी पसंद किया जा रहा है। जिस वजह से सीरीज को सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली हैं। अमेजन प्राइम वीडियो के पोस्ट के मुताबिक ये शो दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज की सूची में शीर्ष स्थान अर्जित किया है। अब इस सीरीज को लेकर अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने भी समीक्षा की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सिटाडेल- हनी बनी की पूरी टीम को धन्यवाद दिया है। इसमें उन्होंने लिखा, क्या शानदार शो है, दुनिया को हिलाकर रख दिया, बहुत खुश हूं, इतनी मेहनत का फल इतना प्यार मिला।



## ब्रीफ न्यूज

### रहटगांव कृषि उपज मंडी चालू कराई जावेगी : मनीष शर्मा

**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ की बैठक में अध्यक्षता दीपक पटेल द्वारा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि मध्य भारत प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा एवं संभागीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा थे। बैठक में गोमाता पूजन एवं नकद खाद वितरण केंद्र मंडी में खुलवाने, रहटगांव कृषि उपज मंडी चालू करवाने सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में श्री पटेल ने कहा कि भारतीय किसान संघ काफी समय से प्रयासरत है। साथ ही बिजली समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संभाग सदस्य विष्णु गौर, नारायण गौर, दिनेश गौर, अखिलेश गौर,तहसील प्रभारी लोकेश गौर, तहसील मंत्री सियाराम, शरद पटेल, प्रियेश, महेश, गुलाबचंद गौर, रामबालक, हेमंत, अनिल गौर, रामकृष्ण किरार, नंदलाल पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने से पुलिस ने खाया जहर

**हरदा।** गोंदागांव के युवक ने 11 नवंबर को जहर खा लिया था। जिसकी शुक्रवार रात भोपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक ने पड़ोस के युवक की शिकायत घटना के दो दिन पहले करताना पुलिस चौकी में दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को करताना चौकी के गोंदागांव में जितेंद्र पिता मल्लू सिंह राजपूत 37 वर्ष जहर खा लिया। युवक को पत्नी का पड़ोस के युवक से फोन पर बात करने का शक था। जितेंद्र ने मोहित की शिकायत 9 नवंबर को करताना चौकी जाकर पुलिस से की थी। लेकिन दो दिनों तक कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज होकर उसने जहरीली दवाई का सेवन किया था और करताना चौकी पुलिस पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया था। युवक जितेंद्र ने 11 नवंबर रात में जहर खा लिया। गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया था। वहीं मृतक के बड़े भाई मस्तानसिंह राजपूत ने भी पुलिस पर लापरवाही और मामले में तुरंत एक्शन नहीं लेने का आरोप लगाया। पुलिस अधिक्षक अभिनव चौकसे ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके, इसके लिए चौकी प्रभारी रिपुदमन सिंह राजपूत को लाइन अटैच कर सीताराम पटेल को चार्ज दिया गया।

### अजाक्स कार्यालय में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती

**हरदा।** अजाक्स कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150 में जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। जिस की अध्यक्षता अजाक्स जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा निराला के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि पॉलिटेक्निक कॉलेज प्राचार्य सीएस चौहान रहे। संचालन अजाक्स महासचिव सुभाष मस्कोले द्वारा किया गया । विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आभार हीरालाल चौहान द्वारा प्रेम नारायण इबने, ज्योति परते, बेलसिंह मेहता, पंचम उइके, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, संजय प्रधान, संजू नाबदे,विजय निगवल, अजय भदोरिया,नाजी राहुल पवारे, दिनेश मोहे, दुर्गेश उइके, विजय ढोके, शिल्पा प्रधान,स्वास्तिक मौर्य, शंकर सेजकर, कुमकुम, प्रीति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थिगण एवं अजाक्स परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# व्यस्क हो रहे विद्यार्थियों में पड़ रही धूम्रपान की लत

## जिले के कुछ स्थानों पर अक्सर देखे जाते है विद्यार्थी

''अच्छी आदत और बुरी आदत दोनों के बीच में अंतर परिणाम आने के बाद ही पता चलता है। बुरी आदतों में एक खिंचाव जरूर होता है तो अच्छी आदतों के लिए मन को मजबूत कर संकल्प का सहारा लेना पड़ता है। धूम्रपान यह एक बुरी लत है जोकि अगर किसी का लग गई है। तो इससे छुटकारा आसान नही है। आज किशोर उम्र के बच्चों में बुरी आदतें जल्द असर कर रही है। कहीं न कहीं फिल्म टीवी सीरियल का खासा असर हो रहा है।''




सत्ता सुधार ■ हरदा

हमारे स्वास्थ्य पर हमारे आस पास के माहौल का प्रभाव ज्यादा पड़ता है। इसी प्रकार के आज के समय में हम देख रहे है। मनुष्य के पास समय ही नहीं है कि वह यह सोचे की उसके लिए क्या अच्छा और क्या बुरा है। जो जैसा मिलता है वैसा बिना सोचे समझे अपनाते जा रहा है। घर में चलते टीवी, फिल्म और धारावाहिकों में नायक-नायिकाओं द्वारा धूम्रपान करते देख हमारे व्यस्कता की ओर बढ़ रहे टी नेजर बच्चों में भी इसके प्रति आर्कषित होना स्वभाविक है। आज हमारे देश में हजारों की संख्या में मौत का कारण भी धूम्रपान है जो अनेक बिमारियों का जन्मदाता भी है।

### खुले आम करते धूम्रपान विद्यार्थी- अजमेरा

समाजसेवी राजकुमार अजमेरा का कहना है कि समय के बदलाव के साथ आज विद्यार्थियों पर शिक्षकों का अब प्रेशर नहीं रहा है। स्कूल में विद्यार्थी अब शिक्षकों पर दबाब बना देते है। अभी स्थिति यह है कि शहर के अनेक स्कूलो के संभ्रात परिवार के किशारों को आप शहर के कुछ स्थानों पर खुलेआम धूम्रपान करते देख सकते है। इन्हे कोई कुछ कह भी नही सकता है । ऊंचे और रसूखदार पिता की औलादों से कोई कुछ भी कहने की हिमाकत कैस कर दे। अस्पताल के सामनें दुकानें जो खाली पड़ी हुई है। रेल्वे स्टेशन जहां लूप लाईन में माल गाड़ी खड़ी होती है। माल गोदाम के पास रेल्वे स्टेशन पर, अनाज मंडी के आसपास के कुछ स्थान ऐसे है जहां स्कूली विद्यार्थी मटरगश्ती के साथ धूम्रपान खुले आम करते अक्सर देखे जाते है।

### बच्चों को करें जागरूक

स्कूली विद्याथीर्यों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। स्कूल प्रबंधन जिला चिकित्सालय के सहयोग से इस प्रकार के जागरूकता अभियान चलाए ताकि हमारे बच्चे किसी गलत आदत का शिकार न हो साथ ही घर में भी माता-पिता को अपने बच्चों के साथ खुलकर बात करनी चाहिए। आमजन भी संबधित स्कूलों को सूचना दे सकते है कि आपकी स्कूल के बच्चे इन स्थानों पर धूम्रपान करते देखे जा रहे है। गुरुकुल पब्लिक स्कूल चारूवा, एल एन पालीवाल, एन एस पब्लिक स्कूल, चारूवा किला में संचालित एकीकृत एकीकृत प्राथमिक शाला चारूवा, माध्यमिक शाला चारुवा, शासकीय माध्यमिक शाला हंडिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हंडिया, मंगल पब्लिक स्कूल हंडिया सहित शासकीय स्कूल संचालित है। जहां पर उससे 80 से 100 मीटर की दूरी पर तंबाकू गुटका पाउच की दुकानें संचालित है।

### घर में टीवी फिल्म का आर्कषण- भसीन

मुकेश भसीन का कहना है कि आज के समय में घरों में पति-पत्नि दोनों ही जाब करने वाले होते है ऐसे में घर में बच्चे अकेले रहते है। जो दिन में स्कूल से आने के बाद टीवी में फिल्म धारावाहिक आदि देखते हैं जिनमें उन्हे धूम्रपान के सीन दिखते है ओर वो भी जिज्ञासावश धूम्रपान का प्रयोग करते है और धीरे-धीरे इसकी लत का शिकार हो जाते है। पार्षद अहद खान का कहना है कि समाज मे इतनी जागरूकता तो है कि धूम्रपान अच्छी बात नही होती है। उसी टीवी में सीरियल और फिल्मों में भी मेसेज आता है कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। फिर भी यह बात समझ क्यूं नही आती है। आज किशोर से व्यस्कता की ओर बढ़ रहे बच्चों को संभालना बहुत जरूरी होता है। इसी समय वो कुछ भी गलत न कर पाए कोई दुर्घटना न घट जाए इसके लिए माता पिता को सचेत रहने की आवश्यकता है।

### इन बातों को जरूर समझाएं - पाठक

राजेंद्र पाठक का कहना है कि जरूरी नही है कि धूम्रपान के बारे आपको सही जानकारी हो इतना सब जानते है कि यह सेहत के लिए खतरनाक है। इतना समझना भी पर्याप्त है इस पर अमल करने की आवश्यकता है। बीड़ी और सिगरेट में उपस्थित विषैले पदार्थ के कारण हमारे स्किन की चमक खत्म होने लगती है। शरीर में झुर्रियां होने से उम्र ज्यादा दिखने लगती है। सिगरेट बीड़ी में तंबाकू को डाला जाता है। जिसमें सबसे खतरनाक तत्व निकोटिन होता है। जो हमारे शरीर में उत्पन्न अम्ल को प्रभावित करता है। यह शरीर के पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। कई लोगो को ऐसी लत लग जाती है कि बिना बीड़ी के पेट क्लियर ही नहीं होता है। आगे चलकर ये पेट की आंत को कैंसर भी बन सकता है। इसके अलावा यह और भी पेट की अपच की शिकायत हमेशा के लिए खड़ी कर देता है। फेफड़े व दय आदि भी धूम्रपान से खासे प्रभावित होते है। जिससे दमा केसर आदि बिमारियां होती है जो इंसान के जिंदगी के साथ ही जाती है।

### सहपाठियों का मिलता सहयोग -

स्कूल में पड़ रहे बच्चे अधिकतर कहीं न कहीं अपने साथ पड़ रहे सहपाठियों के साथ इस आदत का शिकार हो रहे हैं। अगर कोई कक्षा में ऐसा है जिसे इसकी लत है तो निश्चित ही अपने साथ एक-दो दोस्तों को तैयार कर ही लेता है। इस प्रकार धीरे-धीरे हिम्मत देकर उन्हे अपने ग्रुप में शामिल कर लेता है।

## मतगणना कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

सत्ता सुधार ■ सीहोर

बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की मतगणना 23 नवंबर को सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कालेज में होगी। मतगणना कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निवाज्र्चन अधिकारी प्रवीण सिंह ने अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वृन्दावन सिंह मतगणना का प्रभारी बनाया है। इसके साथ प्रभारी जिला पंचायत सीईओ एवं सयुक्त कलेक्टर नितिन टाले एवं संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत को सहायक प्रभारी बनाया है।

जारी आदेशानुसार मतगणना संबंधित निवाज्र्चन व्यवस्था के तहत विभिन्न कार्यों के लिए नोडल अधिकारियों एवं प्रभारी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है एवं इनकी सहायता के लिए सहायक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

प्रभारी मुख्य कायज़्पालन अधिकारी जिला पंचायत नितिन टाले, संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, एमपीईबी डीई संजीव सिंह, लोनिवि कार्यपालन यंत्री, एस यादव, सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया, नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित, जिला आबकारी अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी सुनील बोहित, जिला कोषालय अधिकारी आरके जाटव, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, प्रदीप सक्सेना, राजकुमार सगर, हिरेंद्र सिंह कुशवाह, पंकज जैन, उप संचालक जनसंपर्क देवेंद्र ओगारे को नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों की सहायता के लिए सहायक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को मतगणना दिवस 23 नवंबर को प्रात- 05 बजे से मतगणना स्थल पर रहकर मतगणना समाप्ती तक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के आदेश दिए गए हैं।

## बीएसआई मैदान पर अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता




सत्ता सुधार ■ सीहोर

भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा क्षेत्र की प्रतिभाओं को मौका प्रदान करने के लिए शहर के बीएसआई मैदान पर अंडर-15 इंटर-डिस्ट्रीक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा, शनिवार की सुबह सीहोर और रायसेन के मध्य मुकाबला खेला गया था। इस एक तरफा मुकाबले में सीहोर की टीम ने रायसेन को आठ विकेट से हराया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के निर्देश पर एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के शांति जैन आदि ने यहां पर मौजूद खिलाडि़यों का उत्साहवधज़्न करते हुए किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि ट्रास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रायसेन की टीम 85 रन ही बना सकी। वहीं सीहोर टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए दर्शिल समाधिया ने पांच विकेट, नवनित सोनी ने चार और प्रिंस वर्मा ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीहोर टीम ने यह मैच दो विकेट खोकर जीत लिया। इसमें नवनीत सोनी ने 28 रन, अहाद खान ने 27 रन और अराव मसीह ने 18 रन बनाए थे। अब रविवार की सुबह दूसरे दिन विदिशा-राजगढ़ के मध्य मैच खेला जाएगा।

## गुलाबी ठंड ने दी दस्तक, रात का तापमान पहुंचा +13.0 डिग्री



सत्ता सुधार ■ हरदा

रात के तापमान में गिरावट होने का क्रम शुरू हो गया है। शनिवार को मौसम विभाग द्वारा रात का तापमान +13.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी अब धीरे-धीरे रात के तापमान में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। बादलों का घनत्व बढ़ने के कारण रात का तापमान बढ़ गया था जिसके कारण पंखा चलाने की जरूरत पड़ रही थी। आसमान के साफ होते ही गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। अक्टूबर मध्य में भी दो-तीन दिन हल्की ठंड महसूस हुई लेकिन रात का तापमान बढ़ने के कारण फिर से मौसम बदल गया। इस साल पहली बार 15 अक्टूबर तो न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री के नीचे पहुंचा था लेकिन दूसरे दिन ही फिर मौसम बदल गया है।

## पुलिस कर्मियों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप

**सिराली।** पुलिस कर्मियों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप एवं आम जनता के लिए फ्री मेडिकल केम्प का आयोजन सेवा संकल्प शिक्षा विकास समिति द्वारा आज किया जा रहा है। जानकारी देते हुए आयोजक असलम खान ने बताया कि ब्लड डोनेशन एवं फ्री मेडिकल कैम्प 17 नवम्बर रविवार को प्रात- 11 से 4 बजे तक मैक्रो विजन पब्लिक स्कूल, सिराली में रखा गया है सभी से अपील करते हुए इस कैंप में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचकर फ्री मेडिकल कैंप और ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

**मेडिकल केम्प में उपस्थित रहेंगे डॉक्टर्स :** डॉ. रामकृष्ण चौधरी, शासकीय हॉस्पिटल, सिराली,डॉ. विशालसिंह बघेल, बघेल हॉस्पिटल, डॉ. शुभम पटेल शासकीय हॉस्पिटल, सिराली, डॉ. सनी जुनेजा बाल रोग विशेषज्ञ शासकीय हॉस्पिटल, हरदा डॉ. यशस्वी जुनेजा नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ रहेंगे।

### नगरीय निकाय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायतों के रिक्त पदों के लिये उप-निवाज्र्चन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। मतदान 9 दिसंबर, 2024 को होगा। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी है कि निवाज्र्चन की सूचना के प्रकाशन के साथ नाम निदेज्र्शन-पत्र 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 26 नवम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 28 नवम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। मतदान नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक और पंचायतों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मतगणना नगरीय निकायों में 12 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी। पंच पद के लिये मतगणना मतदान केन्द्र पर ही मतदान समाप्ति के तुरंत बाद होगी। सरपंच पद के लिये मतगणना 13 दिसम्बर को विकासखण्ड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से होगी।

**इन पंचायतों में रिक्त पदों के लिए होगा चुनाव :** उल्लेखनीय है कि सीहोर जिले की ग्राम पंचायतों बिजलोन, जहांगीरपुरा, महोडि़या, बरखेडीसीहोर, सातनबाडी, हसनपुरतिनोनिया, भानाखेडी, मेहतवाड़ा, बरछापुरा, हुसैनपुरखेड़ी, बरखेड़ा कुर्मी, आर्या, धाईखेड़ा, गिल्लौर, दिगवाड़, पीलीकरार में पंच के पद रिक्त हैं। जहां निर्वाचन होना है।

## डगावानीमा की घटना पर तहसीलदार को कलेक्ट्रेट में संलग्न के आदेश

सत्ता सुधार ■ हरदा




ग्राम डगावा नीमा के किसान बाबूलाल जाट द्वारा आत्महत्या करने की घटना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह ने इस मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय जांच दल गठित किया है। जांच दल में संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू और सहायक ग्रेड ड्ड3 संयम अग्रवाल को शामिल किया गया है। जांच दल को यथाशीघ्र मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने हरदा तहसीलदार श्रीमती लवीना घागरे को आगामी आदेश पर्यंत कलेक्ट्रेट हरदा में संलग्न करने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। तहसीलदार हरदा का प्रभार विजय साहू को सौंपा गया है।

## एकदिवसीय स्वच्छ बाजार अभियान का सफल आयोजन

**खंडवा।** कांजी हाउस बाजार, बुधवार सब्जी मंडी में आज दिनांक को नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा एकदिवसीय स्वच्छ बाजार अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य दुकानदारों एवं बाजार में आने वाले नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान रंगोली बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया और दुकानदारों को अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन लगाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही, सिंगल यूज़ पॉलिथीन के उपयोग से बचने और वैकल्पिक सामग्री अपनाने की समझाइश दी गई। स्वच्छता को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दुकानदारों और आमजन को फोर बिन प्रणाली (गीला, सूखा, जैविक एवं खतरनाक कचरा अलग-अलग संग्रहित करने की प्रक्रिया) के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर निगम की टीम के विभिन्न सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन झोन प्रभारी भुवन श्रीमाली और अजय पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। वार्ड प्रभारी लोकेश गाढे और श्याम चौहान ने सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा, आईईसी टीम से कुमारी दीपमाला कटारे, उमा हिरवे, दीपिका श्रीवास, संदीप खराले, और रवि शर्मा ने जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कीटनाशक पीने से युवक की मौत

**सिराली।** थानांतर्गत केवलारी गांव के एक युवक ने अज्ञात कारणों के कारण जहर खा लिया। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार संदीप पिता बुद्ध काजले 21 वर्षीय केवलारी ने घर में रखा कीटनाशक दवा पी लिया था। जिसके बाद उसका स्वास्थ बिगड़ गया। परिजन उसे सिराली चिकित्सालय लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक इलाज देकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### कार्य समिति का हुआ विस्तार

## कुशवाहा समाज की बैठक सम्पन्न



सत्ता सुधार ■ सीहोर

कुशवाहा समाज कल्याण समिति भोपाल नाका सीहोर की एक बैठक भोपाल नाका श्री बजरंग मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में कुशवाहा समाज कायज़् समिति का विस्तार नवनियुक्त अध्यक्ष पटेल लखनलाल कुशवाहा की सहमति से किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष जीवनलाल कुशवाहा न्यू बस स्टैंड सीहोर, उपाध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा (कल्लू) इंदौर नाका सीहोर, कोषाध्यक्ष दिनेश कुशवाह (पप्पी) इंग्लिश पूरा सीहोर, सचिव कमलेश कुशवाहा मुदीज़् सीहोर, कायज़् समिति सदस्य लखनलाल कुशवाहा दूल्हा बादशाह, गोपाल कुशवाहा भोपाल नाका, गौरीशंकर कुशवाहा इंदौर नाका, बनवारी कुशवाहा इंग्लिश पूरा, राजकुमार कुशवाहा सारंगाखेड़ी, कुशवाहा समाज श्री बजरंग मंदिर भोपाल नाका सीहोर के कायज़् समिति अध्यक्ष पूनम चंद्र कुशवाहा, उपाध्यक्ष मनोज कुशवाहा भोपाल नाका, उपाध्यक्ष रमेश कुशवाहा भोपाल नाका, उपाध्यक्ष रामनरेश रिंकू कुशवाहा इंग्लिश पूरा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुशवाहा पान वाले, सचिव जितेंद्र कुशवाहा भोपाल नाका, सह सचिव बृजेश कुशवाहा भोपाल नाका आदि को मनोनित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से विजय सिंह कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, हरिलाल कुशवाहा,संतोष कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, कोमल कुशवाहा, विद्या कुशवाहा, गौतम कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## मालवीय बलाई युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर हुई बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ सीहोर

रविवार, 17 नवम्बर 2024 को मालवीय बलाई समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक संगठन बनाने व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने को लेकर चर्चा की गई।



जिसमें युवक युवती परिचय सम्मेलन 2025 के आयोजन हेतु संरक्षण समिति अनार सिंह मालवीय, देवेन्द्र कुमार पंड्या सलाकार, संयोजक बाबूलाल मालवीय, सहसंयोजक कमल मालवीय, अध्यक्ष जनम सिंह परमार, कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार मालवीय, उपाध्यक्ष संजय मालवीय, महासचिव बलराम भदोरिया, सह सचिव मुकेश मालवीय बिजोरी एवं आयोजन समिति में बापूलाल मलावीय, अमान सिंह मालवीय, बी.के.मालवीय, लखन लाल दुगारिया, राजेश मालवीय आदि का मनोनयन करते हुए अनेक जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## ब्रीफ न्यूज

### बोइंग कंपनी अपने 10 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करेगी

**नई दिल्ली।** एयरोस्पेस कंपनी बोइंग आगामी वर्ष में 8 अरब डॉलर का घाटा होने के चलते अपने कर्मचारियों में 10 फीसदी की कटौती कर सकती है, कटौती की घोषणा कंपनी ने हाल ही में की है। इसके परिणामस्वरूप करीब 17000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल देने का फैसला किया गया है। यह फैसला मानव संसाधन में सबसे बड़ी छंटनी माना जा रहा है। कंपनी की यह कदम बढ़ती लागत को कम करने और वित्तीय स्थिति में सुधार करने की कोशिश का हिस्सा है। इसके अलावा बोइंग ने 2027 से 767 और 777एक्स विमानों के उत्पादन में रुकावट की घोषणा की है। यह डिसेशन बोइंग के उद्योग में शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल को बनाए रखने के लिए किया गया है। हालांकि कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस कदम को केवल अनिवार्य परिस्थितियों में लिया है और वह परियोजनाओं पर काम जारी रखने की कोशिश कर रही है। कर्मचारियों के संगठनों ने इस कदम की मुख्यता और स्थिति पर प्रभाव का खेमंय रखा है। कंपनी उम्मीद कर रही है कि उनके कठिन फैसलों से लागत को कम करने और वर्कफोर्स को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

### वेदांता हर क्षेत्र में बढ़ाएगा उत्पादनः अनिल अग्रवाल

**मुंबई।** भारतीय तेल और गैस कंपनी वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने एक उत्कृष्ट समय पर उज्जवल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कंपनी वर्ष 2024 में पांच लाख बैरल तेल और गैस का उत्पादन करने की योजना बना रही है। इसके साथ ही कंपनी ने कच्चे तेल और जस्ता सहित सभी क्षेत्रों में उत्पादन को बढ़ाने पर विचार करने की भी संकल्पितता जताई है। अग्रवाल ने हाल के समय में आयोजित एचटी लीडरशिप समिट में भाग लेते हुए कहा कि तामिलनाडु के तूतीकोरिन तांबा संयंत्र के बंद होने को एक छोटी विफलता मानते हुए उन्होंने कहा कि ये मेरे लिए सबसे बड़ा काम है। उन्होंने विफलताओं को एक सफलता के माध्यम के रूप में देखा और कहा कि जितनी अधिक विफलताएं होंगी, उतनी ही अधिक सफलता मिलेगी। यह विफलता आपकी सफलता की पहली सीढ़ी है। अग्रवाल के इस अभियान में समृद्धता और सफलता की सोच ने तारीफों को बढ़ा दिया है और कंपनी के उज्जवल भविष्य की दिशा को मजबूत बनाने की प्रेरणा दी है।

### डीवीसी और जीयूवीएनएल के बीच हुआ समझौता

**मुंबई।** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने अपने सबसे हाल के बयान में घोषणा की कि उन्होंने गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ 559 मेगावाट की बिजली आपूर्ति के लिए एक बिजली खरीद समझौता किया है। यह समझौता डीवीसी के पंजीकृत उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा कदम है और उन्हें उत्तर भारत के क्षेत्रों में और आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। समझौते के अनुसार डीवीसी की भविष्यावाणी बांग्लादेश के दुर्गापुर तापीय बिजली केंद्र से 359 मेगावाट और झारखंड के कोडरमा तापीय बिजली केंद्र चरण दो से 200 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करेगा।

### सरसों दाने का थोक भाव 85 रुपये के सुधार के साथ 6,700-6,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद

# सर्दी के मौसम में मांग बढ़ने से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

एजेंसी ■ नई दिल्ली

देश में सर्दी के मौसम में सॉफ्ट आयल की मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के दाम में मजबूती दिखी। बाजार सूत्रों के मुताबिक सरकार ने खाद्यतेलों के आयात शुल्क में वृद्धि की है, जिसकी वजह से खाद्य तेलों के दाम मजबूत हो गए हैं। इस बढ़ती मांग के परिणामस्वरुप सरसों की आवक कम हो रही है। हरियाणा में सहकारी संस्थाओं ने ज्यादातर सरसों की खरीद कर ली है, लेकिन इससे आवक में अभी भी कमी है। सूत्रों का कहना है कि सरसों की संभलकर बिक्री की जानी चाहिये ताकि खाद्यतेल बाजार में सभी चीजों का उपलब्धता बना रहे। विदेशों में भी खाद्य तेलों के निर्माण में बढ़ोतरी की



वजह से खाद्य तेलों की मांग बढ़ी है। सोयाबीन तेल के भी दाम में सुधार देखा गया है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 85 रुपये के सुधार के साथ 6,700-6,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 25 रुपये की तेजी के साथ 14,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 2,310-2,410 रुपये और 2,310-2,435 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। डीओसी की स्थानीय मांग के कारण समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 4,625-4,675 रुपये और 4,325-4,360 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम भी क्रमशः 125 रुपये, 175 रुपये और 75 रुपये बढ़कर क्रमशः 14,650 रुपये, 14,400 रुपये और 10,675 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार का रुख दिखा। मूंगफली तिलहन का भाव जहां 275 रुपये के सुधार के साथ 6,725-7,000 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ, वहीं मूंगफली तेल गुजरात 425 रुपये की तेजी के साथ 15,675 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 70 रुपये की तेजी दर्शाता 2,370-2,670 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 100 रुपये मजबूत होकर 13,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 14,850 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 100 रुपये की तेजी के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। तेजी के आम रुख के अनुरूप समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 300 रुपये की तेजी के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विटल पर बंद हुआ।

# विदेशी निवेशकों के रुख, वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशाः विश्लेषक

### ब्रेंट क्रूड की चाल और रुपया-डॉलर का रुख भी शेयर बाजार को प्रभावित करेगा

एजेंसी ■ मुंबई

विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की व्यापारिक गतिविधियां और वैश्विक रुझान से आगामी शेयर बाजारों की दिशा तय हो सकती है। प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और एनएसई ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को कारोबारी अवकाश घोषित किया है। 288 सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुनाव 20 नवंबर को होंगे और मतगणना 23 नवंबर को होगी। बाजार के एक विशेषज्ञ के मुताबिक महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के कारण 20 नवंबर दिन बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेगा। चुनाव परिणाम, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड, डॉलर सूचकांक प्रदर्शन, अमेरिकी बेरोजगारी दावे, नवीनतम विनिर्माण और सेवा पीएमआई आंकड़े और जापान के मुद्रास्फीति आंकड़ों सहित प्रमुख वैश्विक आर्थिक संकेतक बाजार की दिशा को आकार देने में महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बॉन्ड



पर उच्च प्रतिफल और चुनाव के बाद डॉलर में मजबूती ने भारत जैसे उभरते बाजारों को प्रभावित किया है और एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) गतिविधि एक प्रमुख कारक बनी हुई है, जो निकट भविष्य में भारतीय इक्विटी को प्रभावित कर रही है। विशेषज्ञों ने कहा कि वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की चाल और रुपया-डॉलर का रुख भी बाजार में कारोबार को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि यह सप्ताह भी छुट्टी के कारण छोटा है, और आय सत्र के लगभग समाप्त हो जाने के कारण, ध्यान फिर से एफआईआई प्रवाह पर चला जाएगा। विदेशी संस्थागत निवेशक पिछले डेढ़ महीने से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त व्यापारी वैश्विक बाजार के रुझानों पर कड़ी नज़र रखेंगे। शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई बेंचमार्क सूचकांक अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 8,397.94 अंक या 9.76 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ बंद हुआ और निफ्टी भी रिकॉर्ड उच्च स्तर से 2,744.65 अंक या 10.44 प्रतिशत नीचे आ गया है।

### विदेशी निवेशकों ने भारतीय इ[ टी बाजार से 22,420 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली।** इस महीने अब तक एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से दो लाख इकीस हजार चौबीस सौ करोड़ रुपये निकाले हैं। इस बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई ने अपने निवेश को 15,827 करोड़ रुपये तक कम कर दिया है। एक वित्तीय सलाहकार ने तरलता के कम होने के साथ-साथ एफपीआई प्रवाह अल्पावधि में कम होने की उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि इससे पहले गतिविधि में कुछ प्रकार की बदलाव नहीं होने की उम्मीद है, बाजार की धारणा कमज़ोर हो सकती है। इस महीने अब तक एफपीआई ने 22,420 करोड़ की निकासी दर्ज की है। सितंबर, 2024 में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी निवेशकों ने नौ महीने के उच्चतम स्तर 57,724 करोड़ का निवेश किया था।

## देश की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.65 लाख करोड़ घटा

### रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक मूल्यवान वाली घरेलू कंपनी बनी रही



एजेंसी ■ मुंबई

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में हलचल देखने को मिली है। पिछले सप्ताह इन कंपनियों के कुल मूल्यांकन में 1,65,180.04 करोड़ रुपये की गिरावट देखी गई है। इस दौरान निजी क्षेत्र की एचडीएफसी बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सबसे अधिक नुकसान झेला। शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे थे। इस दौरान निजी क्षेत्र की एचडीएफसी बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। एसबीआई का मूल्यांकन 34,984.51 करोड़ रुपये घटकर 7,17,584.07 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 27,830.91 करोड़ रुपये घटकर 5,61,329.10 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 22,057.77 करोड़ रुपये घटकर 17,15,498.91 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 15,449.47 करोड़ रुपये घटकर 5,82,764.02 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का एमकैप 11,215.87 करोड़ रुपये घटकर 8,82,808.73 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 4,079.62 करोड़ रुपये घटकर 5,74,499.54 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 2,832.38 करोड़ रुपये घटकर 8,85,599.68 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 13,681.37 करोड़ रुपये बढ़कर 7,73,962.50 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एमकैप 416.08 करोड़ रुपये बढ़कर 15,00,113.36 करोड़ रुपये हो गया।

## 2027 तक दुनिया की फैशन इंडस्ट्री का बहुत बड़ा बाजार होगा भारत, कई वैश्विक फैशन ब्रांडों को मौका

एजेंसी ■ मुंबई

भारत की फैशन इंडस्ट्री में तेजी से विकास की संभावना है। नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2027 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो वैश्विक फैशन ब्रांडों के लिए एक बड़ा मौका है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में हर साल 7 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जो प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है। इस वृद्धि से भारत का फैशन बाजार भी व्यापक रूप से बढ़ेगा, खासकर बढ़ते मध्यम वर्ग और घरेलू ब्रांडों की बढ़ती पसंद इसका मुख्य कारण होगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लग्जरी ब्रांडों की रिटेल बिक्री में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी है, जबकि नॉन-लग्जरी ब्रांडों के रिटेल सेल्स में सालाना 12 से 17 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है। इस वृद्धि का मुख्य कारण भारत में बढ़ती हुई मध्यम



वर्ग की मांग और युवा उपभोक्ताओं का फैशन के प्रति बढ़ता आकर्षण है। भारत में घरेलू ब्रांडों की प्राथमिकता में भी बढ़ोतरी हो रही है, और अब 50 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता घरेलू ब्रांड्स को पसंद करते हैं, जबकि यह आंकड़ा 2011 में 35 प्रतिशत के करीब था। पारंपरिक परिधानों में विशेषज्ञता रखने वाले स्थानीय ब्रांडों की लोकप्रियता बढ़ रही है, जबकि लग्जरी ब्रांड्स का दबदबा अभी भी बरकरार है। इसके साथ ही, इंटरनेट और ई-कॉमर्स के माध्यम से फैशन की ऑनलाइन शॉपिंग में भी वृद्धि हो रही है। 35 वर्ष से कम आयु की 66 प्रतिशत भारतीय आबादी नए फैशन ट्रेंड्स को अपनाने के लिए तैयार है, जो ऑनलाइन खरीदारी और सोशल मीडिया ट्रेंड्स से प्रेरित है। हालांकि, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि उच्च परिधान आयात, क्षेत्रीय बारीकियां, और कुशल वितरण जैसी चुनौतियाँ भी फैशन इंडस्ट्री के विकास को प्रभावित कर सकती हैं। बावजूद इसके, भारतीय फैशन इंडस्ट्री में आने वाले वर्षों में मजबूत विकास की उम्मीद जताई जा रही है।

### भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 25000 करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने अक्टूबर माह में भारत के रत्न और आभूषण निर्यात में 9.18 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। इस बढ़ोतरी के फलस्वरूप निर्यात राशि 2,998.04 मिलियन अमरीकी डॉलर यानी 25,194.41 करोड़ रुपये हो गई है। जीजेईपीसी ने बताया कि कटे और पॉलिश किए गए हीरे की मांग में सुधार के कारण निर्यात में इस तरह की वृद्धि देखी गई है। सीपीडी (कट और पॉलिश्ड डायमंड) का भी निर्यात अक्टूबर माह में 11.32 प्रतिशत बढ़कर 1,403.59 मिलियन अमरीकी डॉलर (11,795.83 करोड़ रुपये) हो गया है, जो पिछले साल की रिकॉर्ड की तुलना में अधिक है। जीजेईपीसी के एक अ?धिकारी ने इस वृद्धि को उद्योग के लिए एक स्वागत योग्य माना और उम्मीद जताई कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने पर भी आशावाद जताई है।

## घरेलू बाजार में हो रहा सुधार, निफ्टी और सेंसेक्स में आई 10 फीसदी की गिरावट

एजेंसी ■ मुंबई

घरेलू बाजार में सुधार की स्थिति बनी है, जिसमें प्रमुख सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स में करीब 10 फीसदी की गिरावट आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में अस्थिरता जारी रह सकती है। बीते सप्ताह निफ्टी और सेंसेक्स में तेज गिरावट के बाद निफ्टी ने गुरुवार को रेंज मूवमेंट के बीच अपनी गिरावट जारी रखी और आखिर में 26 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। विशेषज्ञों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के नतीजों में कमजोरी और विदेशी फंडों की निरंतर निकासी ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। भारत में सीपीआई मुद्रास्फीति में 6.2 फीसदी की वृद्धि, जो 14 महीने का उच्चतम स्तर है और एक मजबूत डॉलर सूचकांक के कारण अल्पावधि में अस्थिरता की संभावना है। फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख ने कहा कि निवेशक



जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों से अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, क्योंकि प्रीमियम मूल्यांकन के साथ उचित आय वृद्धि की उम्मीद नहीं दिख रही है। इसके साथ ही, एचडीएफसी ने कहा कि निफ्टी को 23,500 से नीचे गिरने पर 23,200-23,000 के स्तर तक गिरावट देखने को मिल सकती है। हालांकि, अगर निफ्टी 23,700-23,800 के स्तर से ऊपर रहता है, तो यह बड़े उछाल का संकेत हो सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कमजोरी के बावजूद, सरकार के खर्च में तेजी, अच्छे मानसून और ग्रामीण मांग में सुधार से दूसरी छमाही में आय में सुधार की उम्मीद है। वर्तमान में सेंसेक्स 77,580.31 और निफ्टी 23,532.70 के स्तर पर है। बाजार में कंसोलिडेशन जारी रह सकता है, लेकिन पिटे हुए मूल्य शेयरों में और गिरावट देखी जा सकती है। आगे चल कर बाजार पर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के घटनाक्रम और उभरते बाजारों (ईएम) के प्रभाव का असर रह सकता है।

**व्यवस्था** छुट्टियों के दौरान अपनी वित्तीय योजनाओं को संयंत्रित ढंग से संचालन करें और नियमित बैंक कार्यक्रम की जांच करें

# दिसंबर महीने में 17 दिन बंद रहेंगे बैंक, कुछ दिन पूरे देश के बैंकों के लिए होंगे

एजेंसी ■ नई दिल्ली

दिसंबर महीने के आगामी त्योहारों और दिनों के कारण देश भर में बैंकों में आगामी छुट्टियों की तैयारी शुरू हो रही है। इस माह में कई महत्वपूर्ण दिन हैं जब बैंक बंद रहेंगे, जैसे कि 1 दिसंबर, जो विश्व एड्स दिवस है। इस दिन सभी बैंक बंद रहेंगे। दिसंबर में अन्य त्योहारों जैसे कि मानव अधिकार दिवस, यूनिसेफ का जन्मदिन, गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस, और क्रिसमस ईव भी मनाए जाएंगे। इन त्योहारों और दिनों के मद्देनजर बैंकों में छुट्टियां होंगी, जिससे लोगों को वित्तीय कार्यों की व्यवस्था में कुछ विलंब हो सकता है। इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इन छुट्टियों के दौरान अपनी वित्तीय




योजनाओं को संयंत्रित ढंग से संचालन करें और नियमित बैंक कार्यक्रम की जांच करें।

**दिसंबर में बैंकों की छुट्टियां इस प्रकार हैं**

**1 दिसंबर 2024:** विश्व एड्स दिवस - सभी बैंक बंद रहेंगे।

**3 दिसंबर 2024:** सेंट फ्रांसिस जेवियर का पर्व - गोवा में बैंक बंद रहेंगे।

**8 दिसंबर 2024:** रविवार - सभी बैंकों की साप्ताहिक छुट्टी।

**10 दिसंबर 2024:** मानव अधिकार दिवस - सभी बैंक बंद रहेंगे।

**11 दिसंबर 2024:** यूनिसेफ का जन्मदिन - सभी बैंकों की छुट्टी।

**14 दिसंबर 2024:** दूसरा शनिवार - सभी बैंक बंद रहेंगे।

**15 दिसंबर 2024:** रविवार - सभी बैंकों की साप्ताहिक छुट्टी।

**18 दिसंबर 2024:** गुरु घासीदास जयंती - चंडीगढ़ में बैंक बंद रहेंगे।

**19 दिसंबर 2024:** गोवा मुक्ति दिवस - गोवा में बैंक बंद रहेंगे।

**22 दिसंबर 2024:** रविवार - सभी बैंकों की साप्ताहिक छुट्टी।

**24 दिसंबर 2024:** गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस और क्रिसमस ईव - मिजोरम, मेघालय, पंजाब, और चंडीगढ़ में बैंक बंद रहेंगे।

**25 दिसंबर 2024:** क्रिसमस - सभी बैंकों की छुट्टी।

**26 दिसंबर 2024:** बॉक्सिंग डे और क्वंजा - सभी बैंकों की छुट्टी।

**28 दिसंबर 2024:** चौथा शनिवार - सभी बैंक बंद रहेंगे।

**29 दिसंबर 2024:** रविवार - सभी बैंकों की साप्ताहिक छुट्टी।

**30 दिसंबर 2024:** तमु लोसर - सिक्किम में बैंक बंद रहेंगे।

**31 दिसंबर 2024:** न्यू ईयर ईव - मिजोरम में बैंक बंद रहेंगे।

## विदेशी संपत्ति, आय का खुलासा न करने पर 10 लाख का जुर्माना

एजेंसी ■ नई दिल्ली

देश में आयकर विभाग ने करदाताओं को एक चेतावनी जारी की है कि अगर कोई व्यक्ति अपनी विदेश में स्थित संपत्ति या विदेशी आय का खुलासा नहीं करता है तो उसे कालाधन विरोधी कानून के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। विभाग ने अपने अनुपालन–सह–जागरूकता अभियान के तहत एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया है जिसका मकसद है करदाता को समझाना कि वे इस वर्ष के आईटीआर में अपनी विदेशी संपत्ति और आय का विवरण दें। कर विभाग की ओर से दी गई चेतावनी के अनुसार करदाता को अपने आईटीआर में विदेशी संपत्ति और आय का विवरण अनिवार्य रूप से भरना होगा, भले ही उनकी आय कम हो या विदेश से प्राप्त हो। अधिक जानकारी के लिए करदाताओं को अपने आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। विभाग ने कहा है कि उन व्यक्तियों को सूचित किया जाएगा जिन्होंने पहले ही अपना आईटीआर दाखिल कर दिया है और उन्हें विदेशी संपत्ति या आय के बारे में जानकारी नहीं भरने की सुझाव दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं करता है तो उसे कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना भुगतना पड़ सकता है। इसलिए करदाताओं को सुझाव दिया जा रहा है कि वे अपने आईटीआर को समय पर और सही जानकारी के साथ भरें।

### शनिवार को नहीं मिला खाद, अब आज रेक आने की संभावना

# खाद वितरण केंद्र के चारों ओर भरा पानी, परेशानी उठा रहे किसानधरने पर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के अंबाह में किसानों के लिए खाद संकट हमेशा ही विकराल स्थिति पैदा करता है। कभी खाद की कमी तो कभी इसके वितरण व्यवस्था का कुप्रबंधन। अंबाह कस्बे के खाद वितरण केंद्र पर हजारों की संख्या में किसान खाद के लिए आ रहे हैं, लेकिन वितरण केंद्र में पानी भरा होने से उनके खड़े होने की भी जगह नहीं है। वहीं डीएपी खत्म होने के बाद किसानों को मायूस लौटना पड़ा। अब सोमवार को रैक आएगी, तब कहीं जाकर डीएपी उपलब्ध हो सकेगा।

डीएपी लेने के लिए दिनभर किसानों की मारामारी मची है। शनिवार को भी किसान सुबह 5 बजे ही गोदाम के बाहर लाइन में लग गए, लेकिन कुछ किसानों





### बच्चे पढ़ाई तो महिलाएं चैका-चूल्हा छोड़कर खाद लेने लाइन में लगे

खाद की मारामारी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अब किसानों के बच्चे पढ़ाई छोड़कर खाद के लिए कतार में खड़े हो रहे हैं। रमेश सिंह ने बताया कि वह बीए का छात्र है। देवेंद्र अपने किसान पिता को परेशानी से बचाने के लिए कॉलेज ड्रॉप कर खुद ही लाइन में खड़ा था। उसने बताया कि खाद के लिए दिन भर लाइन में खड़े रहते हैं। इस कारण कॉलेज नहीं जा रहे हैं। एक अन्य छात्र विकास कुमार ने बताया कि वह बीएससी का छात्र है और लगभग 10 किमी दूर से यहां आया है। उसने कहा कि सुबह साढ़े 10 बजे से कॉलेज रहता है, लेकिन खाद लेना जरूरी है, इसलिए कॉलेज छोड़कर खाद की लाइन में लगा है।

को बाद में पता लगा कि खाद के टोकन पुलिस थाने में बांटे जाएंगे। इसके बाद किसान पुलिस थाने पहुंचे। पुलिस थाने में किसानों की अधिक भीड़ लगने से कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार को दोनों वितरण केंद्रों पर डीएपी खत्म हो गया। अधिकारियों का कहना है कि अब सोमवार को रैक आएगी, उसके बाद वितरण शुरू हो सकेगा।

### निजी दुकानों पर ब्लैक में मिल रहा डीएपी

ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी समितियों और कृषि उपज मंडी अंबाह में डीएपी खाद की आपूर्ति न होने के कारण किसान मजबूरी में निजी दुकानों से खाद खरीदने को विवश हैं, लेकिन निजी दुकानों पर भी डीएपी की कमी है और जहां उपलब्ध है, वहां किसानों को डीएपी का एक कट्टा लेने पर सल्फर, नैनो यूरिया, पोटेशियम और जिंक आदि का पूरा किट भी खरीदना पड़ता है, जिससे उन्हें दोगुनी कीमत चुकानी पड़ रही है।

# डेंगू मलेरिया से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली के माध्यम से किया जागरूक

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुरैना के निर्देशन में मुरैना शहरी क्षेत्र के हाई रिस्क वार्ड गणेशपुरा, संजय कॉलोनी, सुभाष नगर में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली के माध्यम से लोगों को वेक्टरजनित रोग जैसे मलेरिया,डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारी से बचने एवं रोकथाम के बारे में जागरूकता कार्यक्रम किया गया, साथ ही ये भी बताया कि वर्षाकाल के दौरान हमारे घर व आसपास तथा छतों पर विभिन्न प्रकार के खुले पड़े जलपात्रों जैसे पानी की टंकी, टायर, गमले, कूलर, मिटटी के दिये, छत, मटके, पाइप, गढढें, मनी प्लांट के पॉट, प्लास्टिक की बोटल, कप, गिलास, टूटा फुटा सामान, खिलौने, कनस्तर व अन्य सामान में भरा पानी नच्छरों के पनपने के प्रमुख स्थान ब्रीडिंग सोर्स है।

इनमें मच्छर अण्डे देते हैं, इनसे 2-3 दिवस में लार्वा निकलता है 3-4 दिन बाद प्यूपा में बदलकर 3 दिन बाद मच्छर बनकर उड़ जाता है। इस प्रकार 7 से 12 दिवस के भीतर मच्छर अपना उत्पत्ति चक साफ व रुके पानी में पूर्ण करते हैं। अतः इनकी रोकथाम हेतु समस्त जलपात्रों में भरा पानी शीघ्र खाली करें व नियमित रुप से 7 दिवस के भीतर जलपात्रों में भरा पानी खाली करें। डेंगू का मच्छर सामन्यत दिन में काटता है व




उत्पत्ति स्थल के 400 मीटर के दायरे में सक्रिय रहता है तथा घरों में नमी व अंधेरे वाले स्थानों में छुपकर विश्राम करता है। एडीज मच्छर डेंगू मरीज को काटने पर संक्रमित होकर अन्य स्वस्थ्य व्यक्तियों को काटकर डेंगू बीमारी का प्रसार करते है। डेंगू संक्रमित व्यक्ति को प्रारम्भिक लक्षण जैसे कमजोरी, तेज बुखार, सिर व हाथ पैर में दर्द जैसे लक्षण हो सकते हैं, इसके पश्चात मरीज के शरीर, आंखों में रक्त के चकत्ते दिखना या नाक, मसूडे, या अन्य स्थान से रक्तस्राव होने व उल्टी के लक्षण दिखायी देते है। उपचार में विलम्ब से बीमारी की गंभीरता में मरीज को चक्कर आना, मूर्छित होना, शॉक में चले जाने की स्थिति बन सकती है। अतः उक्त लक्षण होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार लेना चाहिये। डेंगू के लक्षण पाये जाने पर बिना चिकित्सकीय परामर्श के कोई भी दवा विशेषकर दर्द निवारक दवा का सेवन नहीं करना चाहिये, इससे मरीज गंभीर भी हो सकता है।

जिले में डेंगू व चिकुनगुनिया की जांच जिला निःशुल्क की जाती है। संभावित रोगी तत्काल अपनी जांच करावें, ताकि समय पर डेंगू संक्रमण की पहचान कर उपचार किया जा सके व प्रभावित क्षेत्र में नियंत्रण कार्यवाई की जा सके। जांच में डेंगू की पुष्टि होने पर मरीज को पूर्ण उपचार के साथ फलों का रस, नारियल पानी, दाल का पानी, ओ.आर.एस. का घोल व पानी पर्याप्त मात्रा में पीने से शीघ्र लाभ मिलता है। मच्छरों से बचाव के लिये हमें पूरे बाह के कपडे पहनना चाहिये।, दिन में मास्क्यूटो रिपेलेंट व मच्छररोधी कीम अगरबत्ती का उपयोग कराना चाहिये तथा सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना चाहिये। डेंगू से बचाव की जानकारी आपस में अपनी परिवार, मित्रों, रिश्तेदारों व सोसाइटी को भी बतावे जिससे सभी जन स्वयं अपने घर व आसपास डेंगू फेलाने वाले एडीज मच्छर की उत्पत्ति को राकने में अपना सहयोग दे सकें। डेंगू की जानकारी व जन सहयोग से डेंगू के प्रसार को रोका जा सकता है।

## स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं के जीवन में आया बदलाव



सत्ता सुधार ■ मुरैना

नगर पालिका पोरसा के अंतर्गत नागाजी स्व-सहायता समूह की 12 महिलायें मिट्टी के बर्तन का निर्माण कर अपने जीवन को प्रगति के पथ पर पहुंचा रहीं है। विदित है कि पोरसा विकासखण्ड के नागाजी स्व-सहायता समूह की 12 महिलाओं ने 11 जुलाई, 2021 को स्व-सहायता समूह से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इसके बाद उन्होंने 10 हजार रूपये की आवर्ती निधि प्राप्त की। महिलायें बताती है कि स्व-सहायता समूह में जुड़ने से पहले उनकी स्थिति बहुत दयनीय थी, वे अपने घर से बाहर नहीं निकलती थी। न ही उन्हें किसी योजना का ज्ञान था। घर की चार दीवार में रहती थी। घर में हर समय पैसे की तंगी रहती थी, इस कारण वे मन का कार्य पैसों के अभाव में नहीं कर पाती थी।देश, प्रदेश की महिलाओं के हित में क्या चल रहा है, इन सबसे बेखबर थी। महिलायें बताती है कि हमने नगर पालिका परिषद पोरसा में संपर्क किया। नगर पालिका के माध्यम से 12 महिलाओं का एन.यू.एल.एम. योजना में एक स्व-सहायता समूह का गठन किया तथा सेन्ट्रल बैंक पोरसा में अपना खाता खोला। समूह गठन के पश्चात सभी महिलाएं प्रत्येक माह की निश्चित तिथि को बैठक करती हैं। जिसमें वह अपने समूह के बारे में चर्चा करती थीं। बैंक द्वारा महिलाओं को 3 लाख रूपये का मिट्टी के बर्तन निर्माण करने के लिये ऋण प्रदाय किया गया। समूह के जुडने के बाद महिलाओं की आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार आया है। आज वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पा रहीं हैं तथा अपनी पति के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं और आज दिनांक को उनके खाते में 50 हजार रूपये का बैंक बैंलेस भी जमा है।

# अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर विद्यालयों में किया विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

सत्ता सुधार ■ मुरैना

अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस' के अवसर पर राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस का आयोजन मुरैना के मयूरवन आनंद क्लब की टीम के मास्टर ट्रेनर्स तथा आनन्दम सहयोगियों द्वारा विभिन्न शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों द्वारा किया गया।

सहिष्णुता आनंद का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसकी कमी वर्तमान समय में आनंद के रास्ते में बाधक है। आज के समय में इस गुण की कमी हमारे आसपास घरों में, कार्य स्थल में, बच्चों में अक्सर दिखाई देती है जो समाज, देश व विश्व के लिए हानिकारक है। सहनशीलता की कमी के कारण हम सभी विरोधी व्यक्तियों, विरोधी विचारों और विरोधी परिस्थितियों के बीच सदैव प्रतिक्रिया करते हैं




और इन्ही नकारात्मक प्रक्रियाओं के कारण हम अपनी क्षमताओं का प्रयोग अपने विकास के लिए नहीं कर पाते। किसी भी बात की बिना सोचे समझे प्रतिक्रिया देने, हमेशा खुद को सही समझने और दूसरे को गलत ठहराने में बहुत से रिश्तों को बेवजह खराब कर लेते हैं, जिससे हमारे अंदर आनंद के स्थान पर एक अशांति और विद्रोह की भावना विकसित होती है। मन की शांति और आनंद को बनाए रखने के लिए सहनशीलता के गुण का होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इस गुण की कमी वर्तमान समय में अत्यधिक है, जो हमें हिंसा की ओर अग्रसर करती है।

इसी क्रम में आज शासकीय हाई स्कूल बरेंडा में मास्टर ट्रेनर नीतू भारद्वाज, अशासकीय सरोजिनी विद्या निकेतन में मास्टर ट्रेनर डॉक्टर क्षमा कौशिक, मणिंद्र कौशिक, अशासकीय एसएस इंटरनेशनल स्कूल में मास्टर ट्रेनर दीपक भोला, शासकीय हाई स्कूल बिचोला में आनंदम सहयोगी आभा मिश्रा, शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय सरसेनी में आनंदम सहयोगी सपना गांगिल और शासकीय हाई स्कूल मृगपुरा में आनंदम सहयोगी सुनीता शर्मा ने बच्चों से चर्चा द्वारा, स्लोगन प्रतियोगिता, ड्राइंग द्वारा और अन्य गतिविधियों द्वारा सहिष्णुता जैसे व्यापक शब्द को सरल रूप में बच्चों को समझाने का प्रयास किया। ध्यान व मेडिटेशन करके भी हम अपने अंदर सहनशीलता को विकसित कर सकते हैं। इस पर चर्चा द्वारा बच्चों का ध्यान आकर्षित किया और बच्चों को मेडिटेशन भी कराया।

### विजयपुर उपचुनाव में भाजपा एवं असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी के विरुद्ध कांग्रेस का धरना प्रदर्शन 19 को

**मुरैना।** विजयपुर विधानसभा उपचुनाव का मतदान 13 नवंबर को सम्पन्न हुआ। उक्त मतदान के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गांव में बदमाशों ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ की और उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया गया।

गांव में स्थापित संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को भी तोड़कर खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामीणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थे और वे थाने भी नहीं पहुंच सके, जो कि निश्चित ही चिंताजनक होने के साथ-साथ निंदनीय है।

# पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल के अंदर व बाहर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

### जमीन को लेकर हुआ था झगड़ा...

सत्ता सुधार ■ मुरैना

खाकी वर्दी का खौफ अब लोगों के दिलों दिमाग से पूरी तरह गायब हो चुका है, जिसका ज्वलंत उदाहरण जिले के जौरा अस्पताल में देखने को मिला। जब पुलिस कर्मी दोनों पक्ष के लोगों को एमएलसी के लिए वहां ले गए और गांव में फसाद करने के बाद दोनों पक्ष अस्पताल के अंदर एवं बाहर एक दूसरे पैर टूट पड़े तथा अस्पताल को अखाड़ा बना दिया। पुलिसकर्मी उपद्रव को रोकने के बजाय वहां तमाशा देखते रहे और यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। थाना प्रभारी का हाल देखिए सुबह की घटना है और शाम 4:00 बजे तक वह कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं थे कि आखिर हुआ क्या है।

बताया जाता है कि देवगढ़ थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच जमीन के



विवाद के चलते रविवार की सुबह जमकर लाठी डंडे चले। इसके बाद दोनों पक्ष देवगढ़ थाने पहुंचे। यहां पुलिस द्वारा दोनों पक्ष के घायल लोगों को पुलिसकर्मियों के साथ एमएलसी हेतु जौरा के अस्पताल भेजा गया। जब पुलिसकर्मी यहां एमएलसी कराने पहुंचे तो दोनों पक्ष के लोगों में अंदर एवं बाहर जमकर मार कुटाई हुई। इस दौरान साथ में गए पुलिसकर्मी खड़े-खड़े तमाशा देखते रहे, लेकिन वहां हो रहे झगड़े को रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिस कारण अस्पताल में अफरा तफरी मच गई और वहां भर्ती मरीज एवं अटेंडर घबरा गए। घटना की सूचना जौरा थाना पुलिस को दी गई, जिस पर से पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस कर्मियों की लापरवाही के कारण दोनों पक्ष के लोग वहां से भागने में सफल हो गए और पुलिसकर्मी हाथ मलते रह गए।

### मजबूत संगठन से ही सांप्रदायिक देश तोड़क ताकतों का मुकाबला किया जा सकता हैः जसविंदर सिंह

# दक्षिणपंथी सांप्रदायिक ताकतों को हराना जरूरी हैः बादल सरोज

सत्ता सुधार ■ झुंडपुरा

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सम्मेलन के मौके पर आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा को संबोधित करते हुए देश के जाने-माने किसान नेता अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बादल सरोज ने कहा कि इस समय देश दुनिया में दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता ताकतें उभार पर हैं। उनके खिलाफ आम जनता को देश और दुनिया को बचाने के लिए संघर्ष तेज करने होंगा और आगे आना होगा। उन्होंने इसराइल के द्वारा फिलिस्तीन गाजा पर किए जा रहे हमले का उदाहरण




देते हुए बताया कि किस तरह से वहां पर बमबारी करके बच्चों और महिलाओं की हत्या की जा रही है। इसी तरह अमेरिका के चुनाव पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने ट्रंप की विजय को शांतिकामी जनता और दुनिया के खिलाफ बताया, साथ ही उन्होंने कहा की इन ताकतों के खिलाफ दुनिया के स्तर पर और देश के स्तर पर हमें संघर्ष करना होगा और जनता की समस्याओं अटल प्रोग्रेस-वे से लेकर शक्कर कारखाना बचाने और चलाने, आवारा पशु, दलित, और महिला उत्पीड़न सहित सभी मामलों में आगे बढ़ाना होगा, तभी देश को परिवर्तन की ओर ले जाया जा सकता है।

आम सभा को माकपा के राज्य सचिव केंद्रीय समिति सदस्य जसविंदर सिंह, मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश महासचिव अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी, मुरारी लाल धाकड़ आदि ने संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता डॉक्टर कृष्णकांत ओझा ने की। सम्मेलन के दूसरे सत्र में जिला सचिव महेश प्रजापति ने रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे बहस के बाद पारित किया गया। उसके बाद नवीन कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें जिला सचिव मुरारी लाल धाकड़ एडवोकेट चुने गए। जिला सचिव मंडल में अशोक तिवारी, ओमप्रकाश श्रीवास, राजवीर सिंह धाकड़, अशोक कुमार चुने गए। स्थाई आमंत्रित गयाराम सिंह धाकड़ और महेश प्रजापति चुने गए। इसके अलावा 15, 16, 17 दिसंबर को महू इंदौर में होने वाले राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का भी चुनाव किया गया। सम्मेलन का समापन राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने किया। उन्होंने आगामी दिनों में आने वाली चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए संगठन को मजबूत करने की सभी से अपील की। गगनभेदी नारों के साथ सम्मेलन का समापन किया गया। इस सम्मेलन के बाद माकपा नए कलेवर और नए तौर तरीकों के साथ आगे बढ़ेगी। इसी संकल्प के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

## ई-रिक्शा पलटने से चालक घायल, रिक्शा से उतरते समय वृद्ध महिला हुई घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के इमलिया गांव रोड पर ई-रिक्शा पलटने से उसका चालक घायल हो गया तो वहीं जिला अस्पताल में बेटी को देखने आई एक वृद्ध महिला रिक्शे से उतरते समय घायल हो गई। जानकारी के अनुसार मुरैना शहर की सिंगल बस्ती में रहने वाला 40 वर्षीय पप्पू पुत्र बाबूराम जाटव ई-रिक्शा चलाता है। रविवार की दोपहर साढ़े 12 बजे करीब पप्पू सवारी लेकर इमलिया गया था, जहाँ उसका ई-रिक्शा खराब हो गया। तब उसने अपने एक साथी को बुलाया और ई-रिक्शा खिंचवाकर लेकर बाजार आ रहा था, तभी इमलिया रोड पर ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ा और पलट गया, जिससे चालक पप्पू घायल हो गया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं दूसरी ओर जिले के शहरियन का पुरा गाँव में रहने वाले जाहर सिंह रविवार की सुबह 11 बजे करीब अपनी 60 वर्षीय पत्नी चिरोंजी के साथ लड़के की बीमार बेटी को देखने मुरैना आये थे। दोनों पति पत्नी फाटक से ई-रिक्शा में बैठकर एमएस रोड स्थित जिला अस्पताल आये, जैसे ही अस्पताल के गेट पर ई-रिक्शा धीमी गति में हुआ।

ब्रीफ न्यूज

## राज्यमंत्री ने जनपद जबेरा के विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साईकिलों का किया वितरण

**दमोह ।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आज जनपद जबेरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा, हाई स्कूल कुलुवा, शासकीय सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्होरी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोपरा पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइकिले वितरित की। इसके साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा जब गुरु द्रोण ने अर्जुन से कहां कि आपको पेड़ पर बैठी चिड़िया पर निशाना लगाना है और जब अर्जुन से पूछा कि आपको क्या दिखाई दे रहा है तब अर्जुन ने उत्तर दिया कि मुझे चिड़िया दिखाई दे रही है। इसी प्रकार आप सभी भी अपना लक्ष्य साधे और निरंतर मेहनत करें, निश्चित ही सफलता मिलेगी। आप में से ही आने वाले समय में कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, शिक्षक, पटवारी के पदों पर बैठेंगे और अपने माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा सरकार ने दूर दराज गांवों से पहुंच रहे छात्र-छात्रों को निशुल्क साइकिल वितरण करने का काम किया है। महिला सशक्तिकरण के लिए नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था सरकार ने की है। कार्यक्रम में विनोद वाजपेई, निजाम सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूपेश, रिंकू जैन, शीतल राय, नर्मदा प्रसाद राय, इंद्रजीत सिंह, कमल सिंघई, उमाशंकर शास्त्री, पदम सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गणों की उपस्थिति रही।

## केंद्रीय मंत्री पाटिल के साथ मुक्ताईनगर में पार्टी पदाधिकारी की बैठक में शामिल हुए सांसद

**खंडवा।** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी समर्थित महायुती गठबंधन को सफलता प्राप्त हो इस हेतु भाजपा संगठन द्वारा मध्य प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ ही सांसद एवं विधायकों एवं पार्टी के पदाधिकारी को महाराष्ट्र चुनाव में कई विधानसभा की जवाब दारियां सोंपी गई है, प्रवक्ता सुनीलजैन ने बताया कि खंडवा जिले से भी जनप्रतिनिधि के साथ ही पार्टी पदाधिकारी भी चुनाव प्रचार के लिए महाराष्ट्र पहुंचे हैं, मंत्री विजयशाह भी महाराष्ट्र के चुनाव में प्रचार हेतु पहुंचे हैं, पार्टी के पदाधिकारी राजेश तिवारी, हरीश कोटवाले महाराष्ट्र के चुनाव में प्रचार हेतु कार्य कर रहे हैं, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि विगत कई दिनों से सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल अकोला के साथ ही अन्य जिलों की लगभग 15 विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग के साथ लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं, शनिवार को महाराष्ट्र के मुक्ताईनगर में महायुती के प्रत्याशी का प्रचार करने आए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा ली गई बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने सहभागिता कर पार्टी पदाधिकारी की बैठक को संबोधित किया।

# लक्ष्य तय कर कड़ी मेहनत करें, सरकार ने अवसर दिया, इसका लाभ उठाए : पटेल

### जेरठ में साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री पटेल

सत्ता सुधार ■ दमोह



प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने आज ग्राम जेरठ में कहा सरकार ने बेटियों के लिए शासकीय सेवाओं में आरक्षण बढ़कर 35 प्रतिशत कर दिया है, अब और अधिक बेटियों की भर्ती होगी। उन्होंने कहा यह इसलिए किया गया है कि सभी का मानना है बेटा और बेटियों में कोई अंतर नहीं होना चाहिए, जितना अधिकार बेटों को मिलता है उतना बेटियों को भी मिलना चाहिए। श्री पटेल ने कहा सरकार बेटियों के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है। श्री पटेल आज हायर सकेन्ड्री स्कूल जेरठ में साइकिल वितरण के गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 60 से अधिक छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे, छात्रों की खुशी देखते ही बनती थी। राज्यमंत्री श्री लखन पटेल ने कहा सरकार विद्यार्थियों के लिए लगातार काम कर रही है, इस सिलसिले में यह जो निर्णय होते हैं, वह सारे के सारे निर्णय आप लोगों के हित के लिए होते हैं। उन्होंने कहा आपको मौका मिला है, आपको पता नहीं होगा कि जब आपके माता-पिता पढ़ते थे, उस समय स्कूलों की इतनी सुविधा नहीं थी, इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और खूब पढ़े। श्री पटेल ने कहा सरकार ने हर 5 किलोमीटर पर स्कूल खोलकर दसवीं तक की शिक्षा की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पालको से आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को स्कूल जरूर भेजें, बच्चे स्कूल में बिना किसी वजह के अनुपस्थित ना रहे, यह सभी पालक सुनिश्चित करें, छात्रों को पढ़ने के लिए पूरी छूट दें, ताकि वह अच्छी पढ़ाई कर कोई कलेक्टर, एसपी, डीएसपी, डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य ऊंचे पदों पर पहुंचे। छात्रों को यह अवसर सरकार मुहैया करा रही है, इन अवसरों को बच्चों के लिए अवसर बनने दें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा आप सभी को तय करना पड़ेगा कि हमको क्या करना है हमको क्या बनाना है, इसके लिए लक्ष्य साधना पड़ेगा, मेहनत करनी पड़ेगी, ईमानदारी से काम करना पड़ेगा, लक्ष्य के लिए समय दीजिए यह करना बहुत आवश्यक है, आप सभी के लिए बहुत शुभकामनाएं और बधाई। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा एक बार फिर से सभी जेरठ वासियो और जेरठ के आसपास के सभी लोगों का दिल से धन्यवाद करता हूं, आप सभी का आशीर्वाद मुझे मिलता रहा है। प्राचार्य देवेन्द्र अहिरवार ने कहा जब भीषण गर्मी थी तब यहां का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था, तब मंत्री जी का आशीर्वाद बच्चों को मिला, चार-पांच दिन के अंदर ही ट्रांसफार्मर बदल गया। उन्होंने कहा स्कूल के सभी टीचर बहुत मेहनत कर रहे हैं, अच्छे से पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा एक छोटी सी समस्या है बच्चों की उपस्थिति को लेकर, उपस्थिति थोड़ी कम रहती है, सभी लोग बच्चों को स्कूल भेजें स्कूल आने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर खरगराम पटैल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और संस्था के शिक्षकगण मौजूद रहे।

## अनोखे क्रिकेट टूर्नामेंट में मंत्री इलेवन और व्यापारी इलेवन के बीच खेला गया मैच



सत्ता सुधार ■ दमोह

उप तहसील ग्राउंड नोहटा में आयोजित NPL नोहटा प्रीमीयर लीग प्लास्टिक बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ के अवसर पर पहला मैच मंत्री इलेवन जिसके कप्तान प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी रहे और व्यापारी इलेवन के कप्तान राज्यमंत्री श्री लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर मंत्री इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 66 रन बनाए, जिसमें राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने नाबाद 28 रन बनाकर एक विकेट लिया इसके जबाव में व्यापारी इलेवन अंतिम ओवर में लक्ष्य पूरा कर जीत प्राप्त की। टॉस के बाद राज्यमंत्री श्री लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह ने जीत के लिए मंत्री से आशीर्वाद लिया और अंतिम चरणों में व्यापारी इलेवन ने जीत प्राप्त की। इस दौरान खेल देखने के लिये बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# महाविद्यालय के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



सत्ता सुधार ■ खंडवा

पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ। एस. एन. पी. जी. महाविद्यालय , शासकीय कन्या महाविद्यालय और मोतीलाल नेहरु लॉ महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला , सांस्कृतिक और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विधाओ में विद्यार्थियों ने भाग लिया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया महाविद्यालय के विद्यार्थियों जिसमें क्ले मॉडलिंग में ओमजी राठौर बी.सी.ए प्रथम वर्ष , कार्टूनिंग में वेल्मा देवड़ाबी.एस.सी.सीड प्रथम वर्ष , कोलाज मेकिंग में हुमेरा शेख बी.एस.सी.बी.एड. चतुर्थ वर्ष, वाद विवाद में अन्वी चटकेले गोस्वामी बी.बी.ए. प्रथम वर्ष , शास्त्रीय एकल गायन में नैना चौहान बी.एस.सी.बी.एड चतुर्थ वर्ष, पाश्चात्य एकल गायन में प्रशंसा साली बी.एस.सी सीड तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,प्रतियोगिता में श्रीमति रानी तिरोले , श्रीमति श्रेया खेड़े , कु. पदमा पटेल, श्रीमती अमिता शर्मा का पूर्ण सहयोग रहा । विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष संदीप गुप्ता , संस्था प्रबन्धक सतीश पटेल , समाजसेवी सुनील जैन, संस्था प्राचार्य डॉ दीपेश आर उपाध्याय, युवा उत्सव प्रभारी कु. प्रियांशी जायसवाल ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाए दी।

## घरेलु विवाद के चलते कृषक ने किया था जहरीली दवा का सेवन

**दमोह ।** तहसील जबेरा अंतर्गत आने वाली सलैया चोबिसा के कृषक दान सींग पिता हरप्रसाद सींग लोधी द्वारा जहरीली दवा का सेवन कर लिया गया था। उक्त मामले को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संज्ञान लेते हुए राजस्व विभाग तथा कृषि विभाग की टीम को कृषक के घर भेजा गया। इस घटना के उपरांत कृषि विस्तार अधिकारी हरि शंकर पटेल, सहायक उप संचालक कृषि जे. एल. प्रजापति, हल्का पटवारी हर्षवर्धन सींग मौके पर पहुंचे और वास्तविक स्थित की जानकरी ली। घरेलू विवाद के कारण कृषक दानसींग के पुत्र लाल सींग द्वारा बाहर जाने की जिद के चलते विवाद हुआ। इस सबंध में कृषक दान सींग ने बताया बौनी होने तक पुत्र घर पर ही रुक कर काम में हाथ बटाए परंतु पुत्र के नहीं मानने पर पिता ने जहरीली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।

# हटा में हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाए जा रहे 300 मकान

### जारी है कार्य, नगर की बढ़ेगी सुंदरता

सत्ता सुधार ■ दमोह

हटा नगर के चण्डी जी मन्दिर के पीछे मानपुरा रोड पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा सर्वसुविधायुक्त मकान बनाये जा रहे हैं, मप्र ग्रह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल सम्भाग दमोह द्वारा यंहा लगभग 300 मकान बनाये जा रहे हैं, जिससे अब हटा नगर और अधिक सुंदर और विकसित होगा। त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा यंहा 149 एल आई जी, 94 एम आई जी और 56 ई डब्ल्यू एस मकान बनाने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। अप्रैल 2025 तक कार्य पूर्णता के बीच यह मकान विभाग द्वारा निविदा विज्ञापन के माध्यम से सम्बंधित लोगो को



विक्रय किये जायेंगे। कार्यापालन यंत्री दमोह सम्भाग आर के बाथम ने बताया हटा नगर में निर्माणाधीन जगह पर करीब 5.234 हेक्टेयर भूमि पर विकास कार्यो में पक्की सड़क, नाली निर्माण, पार्क, लाइट, ओवरहेड, सम्पवेल, ट्यूबबेल, बाह्य सीवर निकासी, जल प्रदाय आदि की पूर्ण व्यवस्था की जाएगी।

उपयंत्री पी एन गुप्ता और ए के जैन द्वारा नियमित रूप से साइट का निरीक्षण और निगरानी में निर्माण कार्य प्रगति पर है। ज्ञात हो कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मंशा अनुरूप सरकार द्वारा मप्र ग्रह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल सम्भाग दमोह द्वारा जिले में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं ताकि लोगों को सुविधानुसार मकान आसानी से समयसीमा में प्राप्त हो सकें। हटा में निर्माण कार्य का जिम्मा सम्भाल रही कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा तय मापदण्डों के आधार पर निर्माण कार्य किया जा रहा। निर्माण में देरी न हो इसके लिए निर्माणस्थल पर ही सीमेंट ईट तैयार करने का संयंत्र लगाया गया है।

# तेज रफ्तार का कहर...दो लोगो की मौत



सत्ता सुधार ■ खरगोन

खरगोन की सुबह आज एक शादी वाले परिवार में मातम छा गया। बताया जा रहा है के सुबह करीब 6 बजे के लगभग एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ग्राम डालकी से बुरहानपुर जा रही इको को जोरदार टक्कर मारी जिसमे मौके पर दो लोगो की मौत हो गई। खरगोन कोतवाली थाना क्षेत्र के डायवर्शन रोड स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने रविवार सुबह

एसडीएम लिखी स्कार्पियो ने बारात से भरी एक ईको कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इको कार में सवार दो बारातियों की मौत हो गई वही उसमें सवार करीब 5 लोग घायल हो गए। जिससे शादी की खुशी मातम में पसर गई। टक्कर लगने से इको कार पलट गई वही स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही मृतकों में रामलाल और शोभाराम शामिल हैं। जो एक ही प्रजापत परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना के बाद सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। यह स्कॉर्पियो कार बडवानी जिले के सेंधवा एसडीएम की बताई जा रही है। जिसमें केवल ड्राइवर ही मौजूद था जिसमें ड्रायवर को भी चोट आई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है। घायलों ने बताया कि वे ईको कार में सवार होकर बरुड थाना क्षेत्र के डालकी गांव से बारात लेकर बुरहानपुर जा रहे थे। तभी सुबह सुबह पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने जवाहर मार्ग के मोड पर तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो कार ने टक्कर मार दी।

घायलों का बयान लेने जिला अस्पताल पहुंचे खरगोन कोतवाली थाने के एएसआई श्रीराम भूरिया ने बताया कि डालकी से बारात लेकर बुरहानपुर जा रही एक ईको कार और स्कॉर्पियो कार में टक्कर हुई है। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और करीब 5 लोग घायल हुए हैं। इको कार में सवार सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। स्कॉर्पियो बड़वानी जिले के एसडीएम की बताई जा रही है। पूरे हादसे की जांच की जा रही है।

### घटना का सीसीटीवी आया सामने...

उक्त घटना का अब सीसीटीवी सामने आया जिसमे स्कॉर्पियो वाहन की तेज गति देखी जा सकती है। इको वाहन के जवाहर मार्ग पर टर्न लेते ही स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी के इको वाहन पलट गया जिसमे मौके पर 2 लोगो ने दम तोड दिया। स्कॉर्पियो वाहन बड़वानी जिले के सेंधवा ह्यस्रद्व का होना बताया जा रहा है। सूचना के अनुसार वाहन ड्राइवर चला रहा था। जिसमे एसडीएम मौजूद नहीं थे। पूरी घटना पर खरगोन पुलिस जांच में जुटी।

# अभाविप द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 3 हजार से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल



सत्ता सुधार ■ खंडवा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक हर्ष वर्मा एवं नगर मंत्री अजय बंजारे ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस परीक्षा में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पूरे उत्साह के साथ परीक्षा देने पहुंचे परीक्षा में शामिल होने वाले प्रतिभागियों का विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा गेट पर तिलक लगाकर कर उत्साहवर्धन किया गया यह प्रतियोगिता जिले के अग्रणी महाविद्यालय एसएन कॉलेज में तीन शिफ्टो में संपन्न हुई पहली शिफ्ट 9:00 बजे से 9:40 तक रहेगी, दूसरी शिफ्ट 10:30 से 11:10 तक एवं तीसरी शिफ्ट 12:00 बजे से 12:40 तक रही इन तीनो शिफ्टो में विद्यालय के 1963 विद्यार्थी एवं महाविद्यालय के 1149 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुवे इस परीक्षा में 78 शिक्षक सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ द्वारा परीक्षा में ड्यूटी दी गई ।

इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कम्प्यूटर एवं द्वितीय स्थान पर रेंजर साइकिल एवं तृतीय स्थान पर स्मार्ट वॉच से पुरस्कृत किया जाएगा इसी प्रकार महाविद्यालय के विद्यार्थी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्मार्टफोन एवं द्वितीय स्थान पर रेंजर साइकिल एवं तृतीय स्थान पर स्मार्ट वॉच से पुरस्कार किया जाएगा और इसके अतिरिक्त विशेष उपहार के रूप में टॉप टेन में आने वाले महाविद्यालय एवं विद्यालय के विद्यार्थियों को भोपाल विधानसभा का भ्रमण करवाया जाएगा एवं टॉप 50 में आने वाले जनजाति विद्यार्थियों के लिए 1 वर्ष के लिए कॉम्पिटीटिव एक्जाम की निशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को केरियर काउंसलिंग की सुविधा करवाई जायेगी इस परीक्षा का परिणाम 8 दिसंबर को किशोर कुमार सभागृह में पुरस्कार वितरण समारोह में सुबह 11 बजे घोषित किया जाएगा।

कार्यशाला | योग कार्यशाला, मरीजो,परिजनों को भोजन व गायों को खिलाया गुड़ चापड़ गौग्रास

# आदर्श योग संस्था व लायन्स क्लब ने योगाचार्य गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

सत्ता सुधार ■ खंडवा

युवा अवस्था से 92 वर्ष की वृद्धा अवस्था तक तीन पीढ़ियों को योग एवं संस्कार की शिक्षा प्रदान करने वाले आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान के संस्थापक ,लायन्स क्लब खण्डवा व विभिन्न संगठनों के साथ अनेको योग शिविर आयोजित कर योग व संस्कार शिक्षा देने वाले योगाचार्य लक्ष्मीनारायण गुप्त गुरुजी की तिथि व तारीख दोनों के अनुसार 16 नवम्बर शनिवार मार्गशीर्ष प्रतिपदा को 102 वी जन्मजयन्ति के अवसर पर आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान व जिला योग समिति के अध्यक्ष डॉ दिलीप जैन,सचिव व जिला योग समिति कोषाध्यक्ष नारायण बाहेती, कोषाध्यक्ष दामोदर गर्ग ,लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष अणिमा उबेजा, सचिव घनश्याम वाधवा, लायन्स भोजन सेवा केंद्र चेयरमेन गांधीप्रसाद गदले,को




चेयरमैन नारायण बाहेती व राजीव शर्मा के नेतृत्व में योग से जुड़े सभी सदस्यों व लायन सदस्यों द्वारा नियमित योग स्थल सराफा स्थित तुलसी उद्यान में सुबह 6- 30 बजे से योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि योग विषय पर गहन चिंतन कर गुरुजी के बताए मार्ग पर चलकर स्वयं में लोगो को योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। तुलसी उद्यान में गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष दिलीप जैन ने कहाकि योगाचार्य जी का हम सभी पर ऋण है जिसे योग व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर चुकाना है।इस अवसर पर नारायण बाहेती, द्वारका प्रसाद शर्मा ने गुरुजी के जीवन पर प्रकाश डाला।गुरुजी को कथनी और करनी एक वाला व्यक्तित्व बताया। इस अवसर पर जितेंद राठौड़, राम गंगराड़े,गौरव चौहान,हर्ष मण्डलोई,ओम गर्ग,निर्मला मालवीय,राजकुमारी जैन,आरती जैन,ज्योति व्यास,शोभा आर्य,रीना व्यास,संगीता भावसार, संगीता राठौड़ उपस्थित रहे।

### लायन्स भोजन सेवा केंद्र में दी सेवाएं

दोपहर 1 बजे जिला चिकित्सालय स्थित लायंस भोजन सेवा केंद्र पर श्रद्धांजलि व मरीजो,परिजनों व जरूरतमन्दों को भोजन कराया गया। लायन्स भोजन सेवा केंद्र चेयरमेन गांधी प्रसाद गदले, राजीव शर्मा,नारायण बाहेती, सनत श्रीमाली ने गुरुजी द्वारा लायन्स क्लब खण्डवा के साथ लगाए शिविरों व मार्गदर्शन का स्मरण कर कहा ऐसा व्यक्तित्व न हुआ है न होगा। समाजसेवी सुनील जैन व अनिल बाहेती ने कहाकि गुरुजी की प्रेरणा से आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान ने अनेको स्थानों पर योग प्रशिक्षण के साथ गार्डन जिम मशीनों की शोगात से शहर को लाभान्वित किया है।इस अवसर पर इस अवसर पर बी आर तिरोले, सुशीला गदले,हरिराम पटेल,लियो अध्यक्ष अर्पित बाहेती,पूजा बाहेती व लायन व योग सदस्यों ने मरीजो परिजनों को अपने हाथों भोजन परोसकर गुरुजी को जन्मजयन्ति व स्व रामचन्द्र बाहेती की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। गणेश गौशाला में दी सेवाएं* शाम 4 बजे द्वारका शर्मा,जितेंद्र राठौड़,संगीता राठौर,अर्पित बाहेती, अर्णव बाहेती ,निर्मला मालवीय के सहयोग से गणेश गौशाला में गायों को बाटी, गुड़,चारा,आदि खिलाकर गौसेवा की।सचिव नारायण बाहेती ने सभी से नियमित योग में आने की अपील के साथ सभी का आभार माना।

## राज्य आनंद संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ओंकारेश्वर में मनाया गया

सत्ता सुधार ■ खंडवा

मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर 16 नवंबर शनिवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ओंकारेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें 150 छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम जिला संपर्क व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर गणेश कानडे ने राज्य आनंद संस्थान का परिचय दिया ।इस अवसर पर अपने संबोधन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य जगदीश मुनिवर ने कहा सहिष्णुता का अर्थ सहन करना है।आज लोगो में सहनशीलता की कमी है।धैर्य का अभाव है सब लोग जल्दी में हैं और वे प्रत्येक परिस्थिति ओर घटना पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं।इससे कई बार विवाद होते हैं।दुनिया में विरोधी विचारों के आने पर व्यक्ति विरोध और आक्रोश व्यक्त करता है इससे संघर्ष बढ़ता है।शांति भंग होती है परिवार ,समाज ,देश और दुनिया में टकराव और युद्ध तक छिड़ जाता है।इसलिए शांति और आनंद से जीवन जीना है तो अपने अंदर सहनशीलता को बढ़ाना होगा ।परस्पर विरोध और विरोधी व्यक्तियों के प्रति भी प्रेम स्नेह और स्वीकार्यता का भाव रखना होगा ।घटनाओं पर तुरंत प्रतिक्रियाओं से बचना होगा ।

# फिरोजाबाद के सिरसागंज में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 जयंती पर निकली गई ज्ञान ज्योति शोभायात्रा

सत्ता सुधार | फिरोजाबाद

महर्षि दयानंद सरस्वती की दोवी जयंती पर ज्ञान ज्योति शोभा यात्रा निकाली गई जी हां शनिवार को सिरसागंज में उत्तर प्रदेश सरकार एवं संस्कृत विभाग द्वारा महान समाज सुधारक और आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की दो जयंती पर विराट आर्य महाकुंभ का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू हो चुका है कार्यक्रम के तहत आज सशा गंज में ज्ञान ज्योति शोभा यात्रा निकाली गई सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण करना इस जागरण का उद्देश्य है कि राष्ट्र में जितनी भी राष्ट्र विरोधी शक्तियां है वो पराभूत हो और राष्ट्र समृद्ध हो समाज में समरसता हो गैर बराबरी समाप्त हो और जितना भी अंधकार और पाखंड है समाज में वो सबकी समाप्ति कराना इन आयोजनों का मुख्य उदे शोभ यात्रा नगरपालिका मैदान से शुरू होकर नगर की प्रमुख सड़कों से होती हुई आयोजन स्थल यानी कि आर्य गुरुकुल महाविद्यालय पर संपन्न हुई सिरसागंज में होने वाला जो आयोजन है यह उसी श्रंखला का एक आयोजन है इससे पूर्व दिल्ली महर्षि की जन्मभूमि टंकारा उनकी निर्वाण स्थली अजमेर जालंधर और कुरुक्षेत्र में आयोजन हो चुके हैं यात्रा के दौरान महर्षि दयानंद के जीवन और उनके योगदान पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया गया शोभा यात्रा में करीब 3 हज से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया था शोभा यात्रा में कलाओं की प्रस्तुति भी की गई।

संस्कृत एवं पर्यटन मंत्री ठाकुर जयब सिंह ने कहा कि आज महर्ष दयानंद सरस्वती की दोवी जयंती पर उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम आर्य गुरुकुल महाविद्यालय में आयोजित होने जा रहा है वेदों के ज्ञाता मै दयानंद जी सरस्वती की दोवी जयंती का कार्यक्रम पूरे प्रदेश का यहां आयोजित है जिसमें राष्ट्रीय



और अंतरराष्ट्रीय ख्यात प्राप्त तमाम विद्वान आज आठ जगत के तमाम अखंड विद्वान इसमें तीन दिवसीय कार्यक्रम सिरसागंज में आयोजित है जो उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति विभाग के द्वारा कराया जा रहा है इसमें देश और विदेश के विद्वानों के साथ-साथ महामहिम राज्यपाल केरला तमाम कुलपति तमाम कुलाधिपति हमारे तमाम बड़े-बड़े संत प्रमोद कृष्णम जी वगैरह बहुत बड़े-बड़े विद्वान संत इसमें तीन दिन में अपने अपने ज्ञान के द्वारा अपने प्रवचन के द्वारा यहां सिरसागंज में आकर के पूरे देद और प्रदत में वेदों के प्रति मह दयानंद जी के विचारों के से अवगत कराने का काम करेंगे और यह ऐसा अनूठा कार्यक्रम है जिससे समाज में व्याप्त कुरीतियों को भी समाप्त ने के लिए एक नया संदेश जाएगा और प्रदेश भर के इस कार्यक्रम में तमाम हमारे जो भी विद्युत जन के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों के बच्चे अपने प्रतिभाओं को यहां धरातल पर उतारने का काम करेंगे कार्यक्रम देंगे तमाम राष्ट्रीय स् तरह के कभी भी यहां कार्यक्रम देने वाले हैं और विभिन्न कल्चरल एक्टिविटीज के कार्यक्रम भी आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम बहुत ही भव्य दिव्य अनूठा भूतपूर्व अद्भुत और सिरसागंज फिरोजाबाद जिले के लिए क्योंकि आयोजक फिरोजाबाद जनपद और सिरसागंज की धरती है आर गुरुकुल महाविद्यालय के प्रांगण में हो रहा है यह सौभाग्य हमारे नगर का जनपद का कि आज राष्ट्रीय स्तर के बड़े कार्यक्रम के आयोजक के रूप में यहां इस धरती पर यह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है देश के आर्य समाज संस्कृति से जुड़े विद्वान गवर्नर कई राज्यों के राज्यपाल योगाचार्य कुलाधिपति कुलपति वेदों के विद्वान प्रसिद्ध समाज सुधारक आर्य समाज के वरिष्ठ विद्वान कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे हमारा उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार ने यह प्रण लिया है उनकी दोवी जयंती हमें मनानी है तो लोगों को जागृत करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए ताकि जो समाज में व्याप्त कुर्तियां हैं वह समाप्त हो और लोग इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जुड़े और इस कार्यक्रम का जो लाभ है वह सिरसागंज के निवासी और पूरे उत्तर प्रदेश के और भारत के लोगों को इसका ला मिले इसके लिए शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

## मनोज की हत्या के मामले में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नर ऑफिस का घेराव किया

**आगरा।** आम आदमी पार्टी महानगर आगरा ने जनता की समस्या को लेकर पुलिस आयुक्त को दिया ज्ञापन, इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने कही ये बात आम आदमी पार्टी महानगर आगरा के द्वारा आगरा पुलिस ताजगंज में पूर्व में दर्ज मुकदमे में आज तकसे पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल बाजपेई के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा। जिसमें कपिल बाजपेई ने कहा कि यदि पीड़ित व्यक्तियों को न्याय नहीं मिलेगा और उनकी जमीनों पर कब्जा कर जाएगा तथा अपराधी खुले घूमेंगे तो कानून का राज कहां रह जाएगा जैसा कि पूर्व में विधायक धर्मेश जी कह चुके है उन्होंने पूर्व में पुलिस को परिभाषित भी किया था जिस सवाल उठाते हैं इन सवालों के जवाब पुलिस कमिश्नर साहब को देने चाहिए।

वही उपाध्यक्ष तरुण भार्गव ने कहा की पुलिस को गरीब की मदद करनी चाहिए ना कि इधर से उधर घुमाया जाए। जबकि कृष्ण गोपाल उपाध्याय ने कहा कि पीड़ितों की सहायता न करना अधर्म है यदि सहायता नहीं करी गई तो पार्टी पुरजोर तरीके से सड़कों पर प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से कपिल बाजपेई, कृष्ण गोपाल उपाध्याय, आलोक दीक्षित, इरफान सैफी, तरुण भार्गव, अजीत सिंह लोधी ओम प्रताप सिंह बिट्टू पंडित, मुरली बाबा, सुनील, दयाशंकर, अमित कुमार, प्रेमचंद, शिव सिंह, रमेश चंद्र, हरिश्चंद्र, वरिश कुमार, आशीष चौहान, अनिल अरविंद रविंद्र सिंह रामसेवक सुनीता कुमारी, मंजू देवी, माया, कमलेश देवी ममता देवी, आदि सैकड़ो की संख्या में साथियों ने पहुंच के प्रदर्शन में भाग लिया।

## बहराइच में गर्भवती महिलाओं की डीएम व एसपी ने की गोदभराई

सत्ता सुधार | फिरोजाबाद

जहां गर्भवती महिलाओं के डीएम व एसपी ने की गोद भराई आगे बात करेंगे फिरोजाबाद की जहां सचिवालय में शासन प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच संपन्न कराया गया राशन दुकान का चुनाव इन तमाम खबरों पर करेंगे विस्तार से चर्चा खबर अमेठी से जहां एक मास से गायब किशोर का नहीं लगा कोई सुराख गायब किशोर के लापता होने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं नामजद शिकायत दर्ज कराए जाने के बावजूद भी अभी तक पुलिस ने नहीं लगा सकी लड़के का कोई सुराख करणी सेना का एक प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिजनों के साथ आज गौरीगंज कोतवाली पर एकत्रित होकर पुलिस से मुलाकात की है गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर का मामला बताया जा रहा है भैया क्या नाम है आपका नीरज सिंह श्री राजपूत कनी सेना का जिला युवा उपाध्यक्ष और जनपद अमेट का क्या मामला है किस मामले को लेकर आप यहां आए हैं एक मामला था ज पवन कुमार सिंह जो कि उनको जो है हसराज यादव एक युवक है उन्हों जो है जबरदस्ती उनको लेके गया जो है लेने के बाद जो है जब वापस आए जो है पहले रिश्तेदार कभी लोगों से जो है पूछताछ किया गया जब जो है वापस नहीं आए तो पीड़ित परिवार जो है ने उनसे पूछा जो है उनके घरवाले ने पूछा कि हमारा लड़का कहां है पवन कुमार सिंह तो य कहा गया कि पवन कुमार सिंह नहीं जानते कहां है नहीं बताएंगे तो इसके बाद जो है जब हमारे पास फोन आता है कि भैया ऐसी बात है इसके पहले जो है आपको बता द जो है अमेठी कोतवाली में भी जो है सॉरी गौरी गं कोतवाली में भी दिया गया था और ये एसपी साहब को भी दिया गया तकरीबन जो है 16 अक्टूबर को गायब हुए थे आज तकरीबन जो है एक महीने पूरे हो गए लेकिन अभी तक जो है कारवाई कोई नहीं हुई इसी संज्ञान में जो है लेके मामला आया गया था क्या कहा गया था अधिकारियों द्वारा ईसाई थ यई ने कहा कि विवेचना इसके पहले किसी और के हाथ में थी अभी तत्काल जो है उनके हाथों में आया गया है उन्होंने आश्वासन दिया है कि होगा लेकिन जो है फिलहाल हम लोग ने ज्ञापन दे रहे थे ज्ञापन देने से इंकार किया और हम लोग ने टाइम भी देने की कोशिश किया लेकिन वो टाइम जो है ने से इंकार किए हैं अगर ऐसा नहीं हुआ अगर जो है 20 तारीख तक उन्होंने अगर शांति से कारवाई करके जो है आरोपियों को जो है आरोपी के विरुद्ध जो है कारवाही नहीं करेंगे उसके बाद जो है हम विरोध प्रदर्शन करेंगे उसके बाद आगे जो होगा उसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी और एक बात कहना चाहता हूं अगर पवन कुमार सिंह को जो कुछ भी होता है उस जिम्मेदारी जो है गौरीगंज कोतवाली की होगी अमेठी ससी न्यूज़ संवाददाता आशुतोष शुक्ल की रिपोर्ट बहरा 16 नवंबर तहसील मैसी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा चल लगाए गए स्टॉल के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने आईसीडीएस के स्टॉल पर पांच गर्भवती महिलाओं रामदेवी सरिता जल वर्षा नाजम व उर्मिला की गोद भराई की तथा दो बच्चों अभिमान रूपाली को अनुप्रास कराया मैं राईसी न्यूज़ संवाददाता नईम खान की रिपोर्ट फिरोजाबाद जनपद के तहसील व थाना टूंडला ब्लॉक फिरोजाबाद की ग्राम पंचायत उसाइनी सचिवालय पर पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## खटखट गैंग के तीन लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में

**आगरा।** पलक झपकते की कारके अंदर से मोबाइल पार करने वाले अंतर्राज्यीय खटखट गैंग के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से लाखों रुपये के मोबाइल बरामद किए हैं। एसीपी हेमंत कुमार ने बताया कि कयलानगर पुलिस, सर्विलांस और एसओजी टीम गैंग को पकड़ने के लिए काफी दिन से प्रयास में जुटी थी। अंततः टीम ने अंतराज्यीय खटखट गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। उन्होंने बताया की गैंग के पकड़े गए तीन सदस्यों से पुलिस ने 11 मोबाइल बरामद किए हैं। जिनकी संभावित कीमत करीब 8 लाख रुपये होगी। उन्होंने बताया कि ये लोग व्यस्त जगह पर खटखटा कर कार चालक से शीशा खुलवाते थे और कार से मोबाइल पार कर देते थे। एसीपी कुमार ने बताया कि पकड़े गए लुटेरों से एक कार भी बरामद की है। यह अंतराज्यीय गैंग मेरठ का है गैंग का खुलासा करने वाली टीम में थानाध्यक्ष निशामक त्यागी, सर्विलांस प्रभारी अंकुर मलिक, एसओजी प्रभारी सुनीत शर्मा व अन्य शामिल रहे ।

## विकास वर्मा बने नमो नमो मोर्चा के जिला अध्यक्ष

### एम्स के डॉक्टरों का लगवाएंगे स्वास्थ्य कैंप

सत्ता सुधार | फिरोजाबाद

नव नियुक्त प्रधान बनाया गया है आपके कंधों पर अब कितनी जिम्मेदारियां होने वाली है कोई जिम्मेदारी नहीं है जी एक सेवा मिली है हमें और इस सेवा को करेंगे हम और इस सेवा के अंदर निषद बार से कोई हमारा इसमें लक्ष्य नहीं है जो भी कोई दुखी होगा जो भी भाई अब इतनी बड़ी बात मैडम ने हमें बताई हमें बड़ी खुशी हुई कि यह मेहनत कर रहे हैं पानीपत में कैंप लगाने की एम्स का एम्स सेंटर है जहां पर 99 पेशें ठीक होकर ही जाते हैं बड़ा अच्छा लगा हमारी सेवाएं चलती रहेंगी और हम पानीपत की जनता के लिए काम करते रहे आप अभी एचपीवी इंजेक्शन के बारे में बात कर रही थी उसके बारे में एक बार फिर से बता दीजिए एचपीवी वैक्सीन है जो हमारे सर्विकल कैंसर के उसमें लगाई जा रही है कि सर्विकल कैंसर के उस के ड्रा बैक्स बता के हमारी हिंदुओं की लड़कियों को स्कूलों में लगाई जा रही है जो कि जैसा कि मेरी बात हुई है मैंने ऊपर भी भेजा को वो हमारी लड़कियों की प्रोडक्टिविटी को खत्म कर रही है और अभी उसमें सा साल की बच्ची की डेथ भी हुई है इसलिए वो वैक्सीन टोटली हमारी लड़कियों के लिए हार्मफुल है तो क्या यह गवर्नमेंट की तरफ से लगाई जा रही है और रोटरी क्लब की की मिली जुली उससे लगाई जा रही है जी गी जिन्रे पाप में बलाया और सब आप सभी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद जो आप सबने अपना कीमती समय हमें दिया मैं नमो नमो मोर्चा भारत की प्रदेश संगठन महामंत्री गुड़गाव में रहती हूं जैसा कि मुझे नहीं मालूम विकास जी ने आपको नमन मोर्चा के बारे में बताया या नहीं बताया नमो नमो मोर्चा एक सामाजिक संस्था है पर इसके नाम से जैसा की लगता है किय बीजेपी से वो है हमारी संस्था किसी भी ग्रुप किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से अटेड नहीं है हमारा काम है जो कोई भी सरकार हो उसकी जो अच्छी नीतियां है जिससे जनता को लाभ मिल सकता है उसको हमें जन जन तक पहुंचाना है क्योंकि जो भी नीतिया है उनका सबका मिसयूज होता है और लोगों तक नहीं पहुंचती बाकी सामाजिक सेवा के जो भी काम है हमारी संस्था टाइम टू टाइम करती रहती है कंबल डोनेशन हुआ ब्लड डोनेशन कैंप हुआ और भी अभी हमने नया शुरू किया आजकल छोटे छोटे बच्चों के साथ वो लेस्टे का काम बहुत ज्यादा हो रहा है तो हमने गोगावा में अभी शुरू किया सरकार के साथ मिलकर सरकारी स्कूलों में गुड टच और बैड टच प हमारे सेमिनार चल रहे हैं और उसके साथ साथ ही अभी हमारी लास्ट वीक की क्राइम ब्रांच लो से मीटिंग हुई है एसीपी साब से सीपी साब से उसम हम जो आजकल साइबर क्राइम बहुत ज्यादा बढ़ गया है इसमें हमने ये देखा हमारे गुड़गा में हर महीने जो की नटेड है 30 से 35 करोड़ रुपए का फ्रॉड होता है और ये कोई फ्रॉड हमारा उससे नहीं है कि हम हैक हो रहे हैं या कुछ भी हो रहा है ये ये सिर्फ हमारा लालच हमारी इच्छाएं उसकी वजह से हो रहा है और ज्यादातर बुजुर्ग लोग इससे इफेक्ट हो रहे हैं तो उसके ऊपर हमारे अभी सेमिनार चलेंगे साइबर मार्शल बनाएंगे हम पूरे सिटी में और यही सब चीज हम पानीपत में थ गुड़गा श हरियाणा ही शुरू करना चाहते हैं पर पानीपत में विकास जी ने हमें समर्थन दिया तो इसके लिए हम उनका तहे दिल से धन्यवाद करते हैं और आप सब लोग उनका सहयोग करें और स्टीम को बढ़ाए और यहां पे का शर करते आप सबके सहयोग की उमी से हम य आ धनवाद अपने विचार हमारे समक्ष रखे और थोड़ ब्रफ कर संस्था क्या करती है और पानीपत में आ सं हम कैसे हम सपोर्ट कर हम जीरो से श एक ब प् ब सबसे पहले तो आप सी का धनवाद और प्रम किया है और हमें मौका दिया य आने का और मैं बहुत ज्यादा तो नहीं बोलूंगा कक जी सब कुछ बोल चुकी है इसके अलावा कुछ मैं ये चाहता हूं की जो हमारी महिलाए है और जो यूथ है हमारे बच्चे है उनको भी अगर इन चीजों में जोड़ेंगे तो बहुत अच्छा रहेगा क्योंकि जो हम लोग मार्केट में बैठ शप बैठे वकिंग है हम लोग अपने लेवल प काम करते है लेकिन जो समाज सेवा का मेन काम है ना वो महिलाए और बच्चे हमसे बहुत ज्यादा अच्छे तरीके कर सकती है क्यक उनका अपना एक फ्रेंड सर्कल होता है नेटवर्क होता है और जैसे अभी हम लोग पुराने कपड़े नेट करने का एक कपन चला रहे में तो उसम हमने दे ले है उन्होने बहुत हे की है तो अभी हम लोगों ने कपड़े इठे कर लिए वो बाटने है ऐसे और भी बहुत सारी चीज होती है जैसे क गरीब बच्चों को पढ़ाना है कुछ कोई बच को ची और जैसे साने है तोय काम एक टीम में होता है और इसके लिए मुझे लगता है यथ को अपने साथ जोड़ेंगे तो व बहुत अच्छा कपन चला सकते है क्योंकि जो य बच्चे कलेज है।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने स्मरणउत्सव का किया शुभारंभ

सत्ता सुधार | फिरोजाबाद

सिरसागंज में महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वीं जयंती पर आयोजित स्मरणउत्सव का शुभारंभ। पर्यटन एवं संस्कृत्ति माननीय मंत्री जयवीर सिंह जी ने किया इस कार्यक्रम में देश के आर्य गुरुकुलों से बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं आए हैं साथ ही साथ देश के विभिन्न भागों के प्रबुद्धजन इस विराट महासम्मेलन में शिरकत कर रहे हैं, इस कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं की वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुआ, सनातनी परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मरण प पत्र देकर किया गया, इस मौके पर बोलते हुए कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मैं दूर दराज क्षेत्र से आए हुए सभी अतिथियों का मन की अंतः स्थल की गहराइयों से स्वागत करता हूं, उन्होंने कहा कि जब हिंदुस्तान में लोग अज्ञानता के कारण गहरी निद्रा में सोए हुए थे उस समय महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने अपने ज्ञान के प्रकाश से लोगों को जाग्रत किया, नारियों के सशक्तिकरण का सर्वप्रथम कार्य किसी ने किया तो वह स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने किया, उनकी प्रेरणा से ही जगह-जगह आर्य गुरुकुल विद्यालयों की स्थापना की गई जहां पर छात्र एवं छात्राएं अपनी संस्कृत का गहनता से अध्ययन कर रहे हैं, हमारे लिए यह अत्यंत ही गर्व का विषय हैकि इस विराट आर्य धर्म सभा का आयोजन सिरसागंज की पावन भूमि पर किया जा रहा है यह वही भूमि है जहां के गुरुकुल में अनेक विशिष्ट जनों ने शिक्षा पाई है हाल ही में इसी गुरुकुल में पड़े हुए छात्र-छात्राओं ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पाकर हम सभी का सम्मान बढ़ाया है।

## मिलावट के खिलाफ अभियान

सत्ता सुधार | फिरोजाबाद

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए तमाम तरह के अभियान चलाए जा रहे है उसी के परिपेक्ष में फिरोजाबाद के सहायक आयुक्त चंदन पांडे ने शहर की एक-एक कॉलोनी में खाद्य पदाथों में मिलावट को लेकर घर में रहनेवाली महिलाओं व ग्रहणियों को प्रशिक्षित करने का कार्य किया है। बताते चलें शहर के निकट राजा का ताल, फिरोजाबाद स्थित ऑर्चिड ग्रीन सोसायटी में सीनियर सिटीजन क्लब में ऑर्चिड ग्रीन के ब्रांड अम्बेसडर एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, फिरोजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक फूड क्वालिटी कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों के खान पान को बेहतर करने एवं मिलावट रहित भोजन के तौर तरीकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एफ.एस.एस.ए. आई द्वारा प्रदत्त फूड सेफटी वैन के माध्यम से खाद्य पदाथों की गुणवत्ता की त्वरित जाँच भी करायी गयी। इस आयोजन को सम्बोधित करते हुए सहायक



आयुक्त खाद्य डॉ चन्दन पाण्डेय ने उपस्थित लोगों से किचिन को आधुनिक एवं गुणवत्ता परक बनाने के लिये खाद्य विभाग के प्रयासों को अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि घरेलू जाँच के उपाय एवं सुपर फूड का इस्तेमाल करके सुपर किचिन केलक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इस कार्यक्रम के प्रभारी डॉ अनिल यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हल्दी, दूध, दाल एवं मिठाइयों के मिलावट की घरेलू जाँच विधि का प्रशिक्षण दिया। मुख्य खात्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार कुँवर ने डार्ट बुक के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि मिलावट की असली युद्ध की जिम्मेदारी महिलाओं के कन्धों पर है। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप मित्तल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम को बहुत प्रभावी बताया। ब्रान्ड अम्बेसडर शिखा गर्ग एवं श्रीमती सौम्या चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों में प्रयोगशाला विशेषज्ञ दिलीप कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार, इशिता अग्रवाल, नीता मित्तल, रितुजा मित्तल, मेघा जैन, संगीता अग्रवाल, वर्तिका मित्तल, अक्षत गर्ग ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक गृहणियों ने चलती फिरती प्रयोगशाला में अपने घेरलू खाद्य पदाथों की जाँच करायी।

## 62 शिकायतों में से केवल 9 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**फ़िरोज़ाबाद।** संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर 62 में से केवल 9 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका 7 तहसील जसराना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जनता की समस्याओं को न केवल सुना अपितु कुछ्का त्वरित समाधान भी प्रस्तुत किया तथा कुछ समस्याओं के निवारण हेतु अधिकारियों की टीम भेजकर उनका समाधान कराया। इस दौरान मुख्यतः राजस्व, ग्राम विकास, पंचायती राज, कानून व्यवस्था इत्यादि से संबंधित मामले सामने आए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 62 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जिलाधिकारी ने मौके पर ही 9 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आए हुए नागरिकों को बेहद संवेदनात्मक ढंग से उनकी समस्याओं को न केवल सुना बल्कि उनका भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की भी बात कही। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी राम बदन राम, डी एफ ओ, बीएसए आशीष पाण्डेय, परियोजना निदेशक, उप जिलाधिकारी जसराना शिव ध्यान पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग के जेई से मारपीट करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार



**फ़िरोज़ाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में चलाये जा ता रहे संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चैकिंग व तलाश वाछित/वारण्टी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना एका पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 325/24 धारा 115(2)/352/351(2)/132 बीएनएस व 3 (1 (1) द.ध एससी/एसटी एक्ट से संबंधित अभियुक्तगण अभयपाल सिंह, कमलेश व सुरजीत को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बामनवाली स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## हर नौ में से एक व्यक्ति कैंसर के खतरे में, लक्षण दिखते ही जांच कराएं

सत्ता सुधार | फिरोजाबाद

एसएन मेडिकल कालेज म ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुरभि गुप्ता ने कहा जागरुकता से ही हम कैसर के खतरे को कम कर सकते हैं। कैंसर को पनपने में दो से तीन माह का समय लगता है। लक्षण दिखते ही हमें विशेषज्ञ को दिखाना चाहिए। ड. सुरभि गुप्ता रोटरी क्लब ऑफ आगरा रॉयल द्वारा कैंसर जागरूकता के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने महिलाओं को ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी सभी से कहा कि वे सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन जरूर लगवाएं। डॉ. सुरभि गुप्ता ने कहा कि कैंसर किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकता है, इसलिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है। शिक्षित होने और जागरूक होने में अंतर है। बच्चे से




बुजुर्ग तक कैंसर की चपेट में आ रहे हैं। प्रति वर्ष देश में कैंसर के 14 लाख नए मरीज सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय देश में 27 लाख कैंसर के मरीज हैं। प्रति वर्ष कैंसर से 8.5 लाख मरीजों की मौत हो जाती है। हर नौ में से एक व्यक्ति को जीवन काल में कैंसर का खतरा रहता है।

डा. गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक 22 में से एक महिला को जीवनकाल में कैंसर होने का खतरा है। उन्होंने महिलाओं को आगाह करते हुए बताया कि वह अपने प्रभाव से परिवारीजनों को बीड़ी, तम्बाकू और शराब के सेवन से रोकें, अन्यथा पूरे परिवार और बच्चों को इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे। इससे पहले जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए वक्लब की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने बताया कि नवम्बर माह में कैंसर जागरूकता दिवस और विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर क्लब द्वारा विभिन्न संस्थानों में जाकर वहां की कर्मचारियों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में किशोर एक्सपोर्ट्स में रोटरी क्लब आगरा रॉयल ने यह जागरूकता कार्यक्रम और हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया है। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों की निःशुल्क डायबिटीज जांच भी की गई और उचित परामर्श देते हुए व्यक्तिगत शंकाओं का समाधान भी किया गया। संस्थान की ओर से स्नेहलता अग्रवाल और ज्योति अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव सृष्टि जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजू शर्मा, रेखा कपूर, हरसिमरन कपूर, अनीता पुंडीर आदि की मौजूदगी खास थी।

सत्ता सुधार

प्रभू श्रीराम की नगरी में राम विवाह उत्सव की धूम है। हर एक नर-नारी में इस समारोह की चर्चा। सभी का सपना है कि भगवान के विवाह में शामिल हों। 500 साल बाद पहली बार आयोजित हो रहे इस भव्य समारोह में शामिल होने के लिए जनकपुर से माता सीता की सखी सहेलिया भी आ रहीं हैं। इस ऐतिहासिक अवसर से पहले18 नवंबर को रामलला का तिलकोत्सव वैदिक रीति-रिवाज के साथ मनाया जाएगा।



# राजधानी असुरक्षित! ठगों ने रिटायर शिक्षिका को किया डिजिटल अरेस्ट

## सात दिन करते रहे उत्पीड़न, मुंबई क्राइम ब्रांच व सीबीआई अधिकारी बन जालसाजों ने 18 लाख रुपए ठग लिए

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। नई घटना पीजीआई के पुराना कैंपस में रहने वाले डॉक्टर की बुजुर्ग मां के साथ हुई। मां को डिजिटल अरेस्ट कर मुंबई क्राइम ब्रांच व सीबीआई अधिकारी बन जालसाजों ने 18 लाख रुपए ठग लिए। जालसाजों ने उनको सात दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगी का शिकार हुई बुजुर्ग सेवानिवृत्त शिक्षिका ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। हरियाणा के पंचकुला हरियाणा की रहने वाली सेवानिवृत्त शिक्षिका शिखा हलदर पीजीआई पुराना कैंपस निवासी डॉक्टर बेटे और बहू के साथ रहती है। उनके मुताबिक पांच नवंबर को सुबह 10 बजे उनके एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को एसबीआई का कस्टमर का एजेंट बताया और शिखा के नाम से क्रेडिट कार्ड का फ्रॉड होने की जानकारी दी। शिखा ने क्रेडिट कार्ड के प्रयोग से इंकार कर दिया। इसके बाद जालसाज ने मुंबई क्राइम ब्रांच का नाम लेते हुए पूछताछ किए जाने की बात कही। कुछ देर के बाद शिखा के पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच कर्मी बताया। उसने बताया कि शिखा के नाम पर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज है और उनके बैंक खातों की जांच होनी है।



### धमका कर वसूले गए पीड़िता से रुपए

जालसाज ने इसके बाद शिखा को बताया कि अब आगे की जांच सीबीआई करेगी और फिर शिखा के पास एक दूसरे अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। उसने मनी लॉड्रिंग के केस का आरोपी बताते हुए पूरे परिवार को जेल भेजने की जैसे तमाम धमकी दी। इसके बाद जालसाज ने शिखा को धमकाते हुए रुपए वसूलने शुरू किए और 12 नंबर तक अलग-अलग बैंक खाते में 18 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

### वीडियो कॉल और चैट कर निगरानी करते रहे

पीड़िता ने बताया कि जालसाजों ने उनको डिजिटली अरेस्ट रखा। व्हाट्सएप कॉल के साथ ही अन्य गतिविधियों को जानने के लिए चैट और वीडियो कॉल भी करते थे। पीड़िता को आरोपियों ने इस कदर डरा दिया था कि उनको कुछ समझ में नहीं आया और जालसाज जैसा बताते गए वह वैसा करती गईं। जालसाजों ने पीएनबी से पांच नवंबर को पांच लाख रुपये एचडीएफसी के खाते में, 6 नवंबर को पांच लाख रुपये आईसीआईसीआई बैंक के खाते में, 8 नवंबर को चार लाख रुपये बंधन बैंक खाते में और 8 नवंबर को ही चार लाख बंधन बैंक के खाते में ट्रांसफर कराए।

## ब्रीफ न्यूज

### सामूहिक धर्म परिवर्तन और आत्मदाह की दी चेतावनी

**बागपत।** नगर पालिका के सफाईकर्मियों ने रविवार सुबह ठेकेदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और हवेली तिराहे पर कूड़ा डाल दिया। उन्होंने अफसरों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन की चेतावनी दी और इस्लाम जिंदाबाद के नारे लगाए। वहां पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह सफाई कर्मियों को समझाकर शांत कराया। सफाई कर्मी अजय, राकेश, धर्मेंद्र, विमलेश आदि ने बताया कि वह नगर पालिका में पिछले 20-25 साल से सफाई कर्मी के रूप में काम कर रहे हैं। एक सप्ताह पहले नगर पालिका ने सफाई का ठेका लोनी के एक ठेकेदार को दे दिया। आरोप लगाया कि ठेकेदार उन्हें नोटिस दिए बिना ही काम से हटाने की धमकी दे रहा है। ठेकेदार ने महिला सफाई कर्मियों के साथ अभद्रता भी की। इसके विरोध में उन्होंने प्रदर्शन कर शिकायत दी थी, लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वाल्मीकि समाज के लोग सामूहिक रूप से धर्म परिवर्तन कर इस्लाम धर्म कबूल कर लेंगे।

### खिलाड़ी हत्याकांड: पूर्व सांसद धनंजय ने परिजनों को सौंपे एक लाख रुपए

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में बीते 30 अक्टूबर को जमीनी विवाद को लेकर हुई तलवार से गर्दन काटकर ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की हत्या के 14 दिन बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह उसके घर पहुंचे। पूर्व सांसद ने अनुराग के पिता रामजीत यादव एवं दोनों बहनें स्वाती और आराधना को ढांढस बंधाया। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि वे मृतक अनुराग के परिजनों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने परिजनों को एक लाख रुपए का चेक देकर आर्थिक सहायता दी। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि वह परिजनों के साथ हैं। अनुराग की दोनों बहनों की पूरी शिक्षा दीक्षा का खर्चा उन्होंने उठा लिया है। बहुत जल्द ही वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिजनों की मुलाकात कराएंगे। उन्होंने घटना की घोर निंदा की और कहा कि यदि राजस्व विभाग पहले से ही इस मामले को गंभीरता से लेता तो शायद इस होनहार खिलाड़ी की हत्या नहीं होती।

## झांसी अग्निकांड: 36 घंटे बाद भी हादसे की धुंधली तस्वीर, लोगों में पनप रहा आक्रोश

# गम-गुस्सा और चारों तरफ सुनाई दे रहीं सिर्फ चीख

## आए थे दवा कराने और लापरवाही ने निकाला दम

### एसएनसीयू में उपकरणों के लोड से हुआ शॉर्ट-सर्किट

**सत्ता सुधार ■ झांसी**

पहर बदलने के साथ तारीख भी बदल गई थी। रात के अंधेरे पर दिन का उजाला हावी हो चुका था और सुबह शहर अपनी रवानगी पर फिर से दौड़ने लगा था। नहीं बदले थे तो सिर्फ झांसी मेडिकल कॉलेज के हालात। पुलिस और अफसरों की गाड़ियों के हूटरों की आवाजों के बीच उन महिलाओं का चीखें सुनाई दे रहीं थीं, जो अपने बच्चों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आईं थीं, लेकिन उनकी लाश लेकर घर वापस जाने वालीं थीं। हमीरपुर निवासी याकूब की पत्नी नजमा ने आठ नवंबर को दो जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया था। नजमा और याकूब की पहली संतानें थीं। घर में नन्हीं परियों के आने से सभी बेहद खुश थे। लेकिन, दोनों बच्चियां बेहद कमजोर थीं। हमीरपुर के अस्पताल में उन्हें बताया गया था कि बच्चियों को वे झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाएं, यहां वे ठीक हो जाएंगी। नौ नवंबर को उन्होंने बच्चियों को मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती करा दिया था। यहां उनकी सेहत स्थिर बनी हुई थी। डॉक्टर बच्चियों के 10-15 दिन में ठीक होने का भरोसा दे रहे थे, जिससे नजमा खुश थीं। लेकिन, उसकी खुशी को ग्रहण लग गया। वार्ड में आग लगने से दोनों बच्चियों की मौत हो गई। इसके बाद से नजमा के आंसू नहीं थमे। घटने के बाद हमीरपुर से परिवार की अन्य महिलाएं भी यहां पहुंच गई थीं, जो नजमा को लगातार ढांढस बंधा रहीं थीं, लेकिन उस पर कोई असर नहीं हो रहा था।





### नवजात की मौत से परिजन बेहोश

नजमा के मुंह से चीखें निकल रहीं थीं। रोते-रोते बेसुध हो जाने पर उसकी चीखें शांत होती थीं। यही स्थिति ललितपुर निवासी सोनू की पत्नी संजना की बनी हुई थी। सोनू और संजना की एक साल पहले शादी हुई थी। इसी महीने उसने बेटे को जन्म दिया था। सब बेहद खुश थे। बच्चे के बीमार होने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया था। सोनू और संजना बीमार बेटे की देखरेख में जुटे हुए थे।

### मातम में बदलीं लोगों की खुशियां

उम्मीद थी कि कुछ दिनों में बेटा ठीक हो जाएगी और वे खुशी-खुशी अपने घर वापस लौट जाएंगे। लेकिन, उनकी यह तमन्ना पूरी नहीं हो सकी। शनिवार की शाम वे बेटे का शव लेकर घर की ओर रवाना हुए। सोनू तो अपने अंदर की पीड़ा को दबाए हुए था, लेकिन संजना के आंसू नहीं थम रहे थे। कमोबेश इन परिस्थितियों से वे सभी परिवार गुजर रहे थे, जिन्होंने मेडिकल कॉलेज में शनिवार की रात हुए अग्निकांड में अपनों को खो दिया था।

### आग पर गरमाया सियासी पारा

झांसी मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू वार्ड में आग लगने से 11 नवजातों की हुई मौत के बाद लखनऊ से लेकर झांसी तक सियासी पारा गरमाया हुआ है। इस मुद्दे पर सपा, बसपा और कांग्रेस प्रदेश सरकार को घेर रही हैं। वहीं, झांसी में सपा नेता पीड़ितों के साथ धरने पर बैठे रहे। उन्होंने प्रशासन पर पीड़ित परिवारों की मदद न करने का आरोप लगाया। घटना के बाद कई बच्चों के बारे में जानकारी न मिल पाने से आक्रोशित परिजन मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर दो पर धरने पर बैठ गए।

### नेताओं का जमावड़ा

मेडिकल कॉलेज परिसर में दिन भर सियासी दलों के नेताओं का जमावड़ा बना रहा। भाजपा महानगर अध्यक्ष हेमंत सिंह परिहार, जिला महामंत्री अमित साहू, सहकारी भारती के अंचल अड़जरिया, सपा के महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम खान आदि ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। आग से झुलसे सभी दस नवजातों की पहचान हो गई है।

# पंजाब के युवक समेत दो की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या

### आए थे बरात में डीजे पर नाचने के दौरान हुआ विवाद

**एजेंसी ■ प्रयागराज**

द्वारचार के लिए उठी बरात में डांस के दौरान चेन छिनैती की बात को लेकर शराब के नशे में धुत बरातियों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में पंजाब से रिश्तेदार के यहां बरात में शामिल होने आए युवक समेत दो की इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल भी हुआ है। पुलिस ने पूछताछ के लिए बरात पक्ष के 15 लोगों को थाने ले गई है। पुलिस की मौजूदगी में विवाह की रस्म पूरी कराई गई। लालगंज कोतवाली के चकौड़िया गांव निवासी विदेशी गौतम की बेटी अनीता की शादी लीलापुर के तिना गिरधर सहाय के दुखी गौतम के बेटे मनोज कुमार से तय थी। शनिवार को बरत चकौड़िया आई थी। रात ग्यारह बजे के करीब द्वारचार के लिए बराती नाचते गाते रवाना हुए। इसी बीच नशे में धुत बरातियों में डांस के दौरान विवाद होने लगा। डांस के दौरान ही बरातियों को एक पक्ष दूसरे पर चेन छिनैती का आरोप लगाने लगा। इसी बात को लेकर बरातियों के दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में दूल्हे के रिश्तेदार सुल्तानपुर के देलियावां मुसाफिरखान निवासी पवनदीप (220, पंजाब के जालंधर निवासी इंदरप्रीत सिंह (32) और विशाल (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर आधी रात लालगंज कोतवाली नीरज कुमार यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। और घायलों को इलाज के लिए भेजवाया। बाद में घायल पवनदीप की जिला अस्पताल एवं इंदरप्रीत प्रयागराज एसआरएन पहुंचने पर मौत हो गई। इधर, पुलिस 15 बरातियों को पूछताछ के लिए थाने ले गई है।



### पुलिस की सुरक्षा में पूरी हुई शादी की रस्म

बरातियों में मारपीट के चलते शादी रुक गई। बाद में पुलिस की मौजूदगी में शादी कर रस्म पूरी कराई गई। रात भर गांव में अफरातफरी का माहौल बना रहा। रविवार की सुबह अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई और पुलिस को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जीआरपी ने पकड़ी 1.94 करोड़ की प्रतिबंधित ड्रग्स

### ट्रेन से पहुंची थी लखनऊ, पार्सल घर से बरामद

**सत्ता सुधार ■ लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने 1.94 करोड़ की प्रतिबंधित ड्रग ऑक्सीटोसिन पकड़ी है। लखनऊ जंक्शन स्टेशन के पार्सल घर से यह बरामद की गई है। ड्रग बिहार से छपरा-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस से लाई गई थी। मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। चारबाग जीआरपी प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत यह कार्रवाई की गई है। मुखबिर से सूचना मिली कि 15053 छपरा-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस से प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन ड्रग अवैध रूप से लखनऊ लाई जा रही है। यह दवा 43 पैकेटों के खेप में है। इसमें पांच पैकेट पार्टी द्वारा ले लिए गए हैं तथा शेष लखनऊ पहुंच रहे हैं।



**38 पैकेट बरामद किए गए:** इस पर सतर्कता दिखाते हुए उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव की टीम ने दोपहर दो बजे पार्सलघर की जांच-पड़ताल की। इसमें 38 पैकेट बरामद किए गए, जिनका कोई रिसीवर नहीं था। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वाणिज्य अधीक्षक संजीव चौधरी से पार्सल पैकेट का पूरा विवरण निकलवाया गया, जिसमें पैकेटों को भेजने व किसको भेजा गया है, इसका विवरण मिला।

**दवा को कब्जे में लिया:** टीम पैकेटों को रिसीव करने वालों का इंतजार करती रही। पर, उन्हें कोई रिसीव करने नहीं पहुंचा। इसके बाद जीआरपी ने प्रतिबंधित दवा को कब्जे में लिया। आगे बताया कि कुल 10.87 लाख एमएल संदिग्ध ऑक्सीटोसिन बरामद की गई है।

# मध्यप्रदेश होते हुए पहुंची प्रयागराज श्रीयंत्र की रथयात्रा

## आचार्यों ने पूजा-आरती कर अयोध्या किया रवाना

**एजेंसी ■ प्रयागराज**

संगमनगरी प्रयागराज में एक विशेष धार्मिक आयोजन के तहत 180 किलो वजनी, गोल्ड प्लेटेड श्रीराम यंत्र पहुंचा है, जिसे अष्टधातु से बनाया गया है। यह यंत्र आंध्रप्रदेश से एक विशेष रथ में यात्रा करते मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों से होते हुए प्रयागराज पहुंचा है। इस रथ का स्वरूप किसी मंदिर से कम नहीं है, जिसमें श्री कांची कामकोटि पीठ का स्वरूप दर्शाया गया है। रथ के अंदर जगद्गुरु के चित्र और माता कामाक्षी देवी की प्रतिष्ठा की गई है और उनके समक्ष श्रीराम यंत्र रखा गया है। इस यात्रा के मुख्य पुजारी स्वामी रामचंद्रन महाराज ने बताया कि यह यात्रा पांच राज्यों से होते हुए संगमनगरी तक पहुंची। यंत्र में श्रीराम बीज मंत्र लिखा गया है और इसके चारों ओर देवी-देवताओं के मंत्रों से युक्त है। यंत्र को कामकोटि पीठ के 70वें पीठाधिपति, जगद्गुरु स्वामी विजयेंद्र के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। श्रीराम यंत्र की विशेषता यह है कि यह यंत्र प्रयागराज होते हुए अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जाएगा। वहां 1200 से अधिक वैदिक ऋत्विकों द्वारा सहस्त्र चंडी विश्व शांति महायज्ञ और अनुष्ठान 45 दिनों तक आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद इस महायंत्र को भगवान के मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाएगा। श्रीराम यंत्र के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



## बढ़ा प्रदूषण

## वित्तीय वर्ष पूरा होने के बावजूद पूरे धन का उपयोग नहीं हो पाया

# धूल खा रहीं फाइल! निगम खाते में रखे हैं 106 करोड़

**एजेंसी ■ कानपुर**

कानपुर नगर निगम के पास वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए 106 करोड़ रुपए होने के बावजूद समय रहते कार्य नहीं कराए गए। इस वजह से पारा लुढ़कने के साथ ही वायु प्रदूषण बढ़ने लगा है। अफसरों की इस लापरवाही की वजह से किसी भी दिन वायु की गुणवत्ता खतरे के स्तर तक जा सकती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कभी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल रहे कानपुर शहर में वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए चार साल में पर्यावरण मंत्रालय के माध्यम से 337 करोड़ आवंटित हुए। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 148 करोड़ रुपए आवंटित किए। यह धन 74-74 करोड़ की दो किश्तों के रूप में दिया गया। शर्त यह थी कि इसे इसी मद में खर्च किया जाएगा। नगर निगम ने इससे सड़कों को गड्ढामुक्त करने के साथ ही कच्चे फुटपाथों पर इंटरलाकिंग टाइल्स बिछाने, मिनी जंगल विकसित करने के लिए मियावाकी पद्धति से पौधरोपण, पार्कों व ग्रीनबेल्ट आदि के कार्य शुरू किए। इससे हवा की गुणवत्ता में मामूली सुधार भी हुआ, पर वित्तीय वर्ष पूरा होने के बावजूद पूरे धन का उपयोग नहीं हो पाया।




### नगर आयुक्त को भेजे गए प्रस्ताव

चार महीने पहले इस धन से सड़कों को गड्ढामुक्त करने, बचे फुटपाथों पर इंटरलाकिंग, बाबाकुटी चौराहे से यशोदानगर बाईपास होते हुए श्रीराम चौक तक सड़क के दूसरी तरफ समानांतर ग्रीनबेल्ट विकसित करने, उजड़े पार्कों को विकसित करने, मैकेनिकल स्वीपिंग, क्लीनिंग मशीनें खरीदने, पौधरोपण के लिए प्रस्ताव तैयार कर आयुक्त को भेजे गए, पर तब से फाइल धूल खा रही है।

**2022-23 में नहीं दी फूटी कौड़ी:** मंत्रालय ने इस पर नाराजगी जताने के साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस मद में फूटी कौड़ी भी नहीं दी। जब पूर्व में आवंटित धन के इस्तेमाल के बाद परिणाम नजर आने लगे तो वर्ष 2023-24 में हवा की गुणवत्ता में और सुधार के लिए पहले 55 करोड़ आवंटित किए और उसका उपयोग एवं ऑडिट होने के बाद 28 करोड़ और जारी किए।

**106 करोड़ किए आवंटित:** निगम ने दो एंटी स्मॉग गन, प्रमुख सड़कों की सफाई के लिए छह बड़ी रोड स्वीपिंग मशीनें, सफाई के लिए तीन मिनी रोड स्वीपिंग मशीनें, पैचवर्क के लिए दो लिटर पिकर मशीनें खरीदीं। लगातार सुधार होते देख चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 जून को नगर निगम को हवा की गुणवत्ता में और सुधार के उपाय करने के लिए 106 करोड़ आवंटित किए।

# सीओ सिटी समेत पांच को जिला जज ने थमाया नोटिस, क्रिमिनल रिवीजन में जारी हुआ आदेश

**एजेंसी ■ अयोध्या**

यूपी के अयोध्या में वर्ष 2015 में कोर्ट से स्टे होने के बाद भी जबरन कब्जा कराने के मामले में कोतवाली नगर के तत्कालीन कोतवाल शैलेंद्र सिंह, दरोगा यमुना प्रसाद पांडेय सहित पांच लोगों के विरुद्ध नोटिस जारी कर तलब किया गया है। यह आदेश जनपद सत्र न्यायाधीश रणंजय कुमार कुमार वर्मा ने निगरानीकर्ता धीरेंद्र प्रताप सिंह के प्रार्थना पत्र पर दिया है। साथ ही सुनवाई के तारीख नौ दिसंबर तय की गई है। निगरानीकर्ता धीरेंद्र प्रताप सिंह ने 19 अक्टूबर 2024 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से पारित आदेश के विरुद्ध क्रिमिनल रिवीजन जिला जज की अदालत में पेश किया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के जनौरा निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने वर्ष 2015 में तत्कालीन कोतवाल रहे शैलेंद्र सिंह, देवकाली चौकी इंचार्ज यमुना प्रसाद पांडेय, लालबाग बांस मंडी निवासी सजाउद्दीन, जनौरा निवासी भूपेंद्र सिंह व जितेंद्र सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था।



### शांति भंग में चालान कर दिया गया

कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया था कि पीड़ित धीरेंद्र सिंह की जमीन पर भूपेंद्र सिंह व जितेंद्र सिंह जबरन कब्जा कर रहे थे। उसे जमीन का न्यायालय से स्टे भी हुआ था। धीरेंद्र सिंह ने कोतवाली नगर में शिकायत किया तो उसे ही थाने पर बैठा लिया गया। शांति भंग में चालान कर दिया गया। कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने फर्जी मुकदमा भी दर्ज करा दिया। पीड़ित द्वारा घटना के बाबत रिपोर्ट दर्ज कराए जाने का प्रार्थना पत्र कोर्ट में दिया गया। सीजेएम ने सुनवाई के बाद धीरेंद्र प्रताप सिंह का 156(3) का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव द्वारा करुणा प्रिन्टर्स महाडिक़ साहब के बाड़े के पास, निम्बालकर की गोठ नं. 2 कम्पू लश्कर, ग्वालियर से मुद्रित एवं 62 छत्रसालपुरा, ललितपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100।
भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आर.एन.आई. नं. यूपीएचआईएन/2006/18447 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।